✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 172 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 19 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करते सीएम नीतीश कुमार

## एनडीए विधायक दल की बैठक आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक आज 19 नवंबर को होगी। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी के विधायकों की बैठक होगी। भाजपा के सभी विधायक अपना नेता चुनेंगे। इसके बाद एनडीए की विधायक दल की बैठक होगी। इसमें नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुना जाएगा। 20 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता, मंत्री, और मुख्यमंत्री शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही है। आइए जानते है, इस मामले पर किसने क्या कहा? भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विधानमंडल दल की बैठक होगी और उसके बाद एनडीए की विधानमंडल दल की बैठक बुलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा के शीर्ष नेता, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हम 'विकसित बिहार' के सपने को पूरा करने की शपथ लेंगे। जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने कहा कि शपथ ग्रहण को लेकर हम सभी लोग तैयार है। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री आ रहे हैं, उस हिसाब से तैयारियां चल रही है। संजय झा और ललन सिंह के दिल्ली जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सब तो स्वभाविक है। चुनाव के बाद गठबंधन के घटक दल आपस में बातचीत चल रही है। विधानसभा अध्यक्ष जदयू या भाजपा का होगा? इस पर विमर्श चल रहा है। वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कहा कि विकास एक बड़ा मुद्दा है, और इसी वजह से हमें (शेष पृष्ठ 10 पर)

## ऋतुराज की रणनीति से बदला खेल : मगध-शाहाबाद में एनडीए की प्रचंड वापसी

### राष्ट्रीय सचिव की सूक्ष्म रणनीति और माइक्रो मैनेजमेंट से 26 में 20 सीटों पर कब्जा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की ऐतिहासिक जीत के पीछे कई रणनीतिक कारक रहे लेकिन भोजपुर-शाहाबाद-मगध-पटना के सबसे कठिन माने जाने वाले राजनीतिक दुर्ग को फतह कराने में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं क्षेत्र के प्रभारी ऋतुराज सिन्हा की भूमिका निर्णायक रही। पार्टी ने करीब आठ महीने पहले इन्हें इस जटिल भौगोलिक और राजनीतिक क्षेत्र की कमान सौंपी थी और आज परिणाम साफ बताते हैं कि उनकी सूक्ष्म रणनीति और माइक्रो मैनेजमेंट ने पूरे समीकरण बदल कर रख दिए। यह वही इलाका है जिसने 2020 में महागठबंधन को भारी बढ़त दिलाई थी और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद की दहलीज तक पहुंचा दिया था लेकिन 2025 में वही मगध और शाहाबाद प्रमंडल एनडीए की प्रचंड जीत का केंद्र बन गया। ऋतुराज सिन्हा ने जिम्मेदारी मिलने के बाद क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में लगातार दौरे किए, बूथ-स्तर तक संगठन की स्थिति को समझा, जातीय और स्थानीय समीकरणों को नए सिरे से साधा और प्रत्याशी चयन से लेकर प्रचार रणनीति तक हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाई। नतीजा यह हुआ कि मगध प्रमंडल की 26 सीटों में से एनडीए ने 20 सीटों पर झंडा फहरा दिया जबकि महागठबंधन को सिर्फ छह सीटों पर संतोष करना पड़ा। यह बिल्कुल उल्टा चित्र है 2020 का, जब महागठबंधन ने 20 सीटें जीती थीं और एनडीए केवल छह पर सीमित रह गया



था। इस प्रकार 2025 में एनडीए ने 2020 की हार का पूरा बदला लेते हुए मजबूत वापसी दर्ज की। मगध में इस बार भाजपा और जदयू को छह-छह सीटें मिलीं जबकि लोजपा और हम ने चार-चार सीटों पर जीत हासिल की। महागठबंधन की ओर से अकेले राष्ट्रीय जनता दल ही छह सीटें निकाल सका, जबकि कांग्रेस का खाता पूरे प्रमंडल में नहीं खुल पाया। इसके उलट 2020 में जदयू और लोजपा का मगध में खाता तक नहीं खुला था लेकिन इस बार दोनों दलों ने जबरदस्त पुनरुत्थान किया। मगध प्रमंडल की प्रतिष्ठित गया शहर सीट पर भाजपा के डॉ. प्रेम कुमार ने लगातार नौवीं बार जीतकर इतिहास रच दिया और यह रिकॉर्ड भी एनडीए की मजबूती का प्रतीक बना। औरंगाबाद जिले की छह सीटों में से पांच पर इस बार नए चेहरे विजयी हुए वहीं गया में चार और नवादा में तीन नए विधायकों ने विधानसभा तक पहुंच बनाई। अरवल से भी एक नया चेहरा जीतकर आया है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह जीत केवल एनडीए की लहर नहीं बल्कि योजना के तहत चलाए गए उस मैनेजमेंट का परिणाम है, जिसे ऋतुराज सिन्हा ने बूथ स्तर तक लागू कराया। उनके नेतृत्व में प्रचार, संवाद, संगठन, सामाजिक समीकरण और प्रत्याशी प्रबंधन-हर मोर्चे पर सामंजस्यपूर्ण ढंग से काम किया गया। मगध और शाहाबाद का यह परिवर्तन साबित करता है कि यदि रणनीति सटीक हो और मैनेजमेंट जमीनी हो तो सबसे कठिन राजनीतिक किलों को भी साधा जा सकता है और इस ऐतिहासिक उलटफ़ेर के केंद्र में भाजपा के युवा और ऊर्ज़ावान राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा का नेतृत्व स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आता है।

## बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण को लेकर राजनीतिक हलचल तेज

### धर्मेन्द्र प्रधान पटना पहुंचे जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज आयेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पटना लौट आए हैं। केंद्रीय मंत्री और बिहार चुनाव प्रभारी रहे धर्मेंद्र प्रधान भी पटना पहुंच गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज बुधवार की शाम को पटना पहुंचेंगे। पटना पहुंचते ही वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने एख़ आवास जाएंगे। दोनों नेताओं के बीच सरकार गठन को लेकर अहम बातचीत होगी। बिहार चुनाव परिणाम के बाद वह पहली बार पटना आ रहे हैं। वे 20 नवंबर को गांधी मैदान में



आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। इससे पहले बुधवार को एनडीए विधायक दल की बैठक होगी। इसमें नीतीश कुमार के नाम पर मुहर लगेगी। इसके पहले भाजपा और जदयू विधायक दल की बैठक भी अलग-अलग होगी। जदयू विधायक दल भी नीतीश कुमार को अपना नेता चुनेगा। भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया गया है जबकि केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक की जवाबदेही मिली है। सूत्रों का कहना है कि नीतीश कुमार 20 नवंबर को एनडीए के पांच दलों के लगभग 20 मंत्रियों के साथ दसवीं बार बिहार के सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। 202 विधायकों की जीत से एनडीए के पास दो तिहाई से भी ज्यादा बहुमत है लेकिन विधानसभा में बहुमत परीक्षण की औपचारिकता पूरी करने के बाद कैबिनेट विस्तार में बाकी को मौका मिलेगा। नीतीश के साथ शपथ लेने वाले मंत्रियों की संख्या और सूची पर दिल्ली में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह के साथ जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह की मुलाकात हुई है। माना जा रहा है कि सरकार में शामिल होनेवाले भाजपा के मंत्रियों की लिस्ट को अमित शाह पटना आकर फाइनल करेंगे। एनडीए के बाकी दल भी अपने-अपने कोटे के मंत्रियों की लिस्ट फाइनल करने में जुटे हुए हैं। इधर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शपथ ग्रहण समारोह को लेकर गांधी मैदा में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

## घर से मिली गले में रस्सी बंधी चौकीदार की लाश

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक चौकीदार की लाश संदिग्ध स्थिति में बरामद की गई। मामला जिले के गायघाट थाना इलाके के गायघाट गांव की है। आज मंगलवार की सुबह चौकीदार की लाश उसके घर से मिली। चौकीदार की पहचान रमेश सिंह के रूप में हुई है। रमेश सिंह बेनीबाद थाना इलाके के सुस्ता चट्टी में कार्यरत थे। जानकारी के मुताबिक पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा पर रमेश सिंह बहाल हुए थे। घटना के बारे में बताया गया कि चौकीदार रमेश सिंह के गले में रस्सी बंधी थी और शव चौकी पर था। घटना को लेकर परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है।




## पीएम किसान 21वीं किस्त का पैसा आज जारी करेंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी लाखों किसानों का इंतजार खत्म हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त का इंतजार देशभर के लाखों किसानों को था और अब सरकार ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि कर दी है। केंद्र सरकार हर साल किसानों को आर्थिक सहायता देने के लिए इस योजना को लगातार मजबूत बना रही है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी तरह के कार्यक्रम राजस्थान के सभी जिलों में एक साथ आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक किसानों तक योजना की जानकारी और लाभ पहुंच सके। बयान में बताया गया कि केवल राजस्थान में ही 66.62 लाख किसानों को इस किस्त का लाभ मिलने वाला है। किसानों के खातों में कुल 1332.40 करोड़ रुपये की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। इस अवसर पर प्रति किसान 2000 रुपये की राशि उनके बैंक खाते में जमा की जाएगी, जो कि वार्षिक सहायता का एक हिस्सा है।

## गांधी मैदान पहुंच सीएम नीतीश ने किया शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गांधी मैदान पहुंचकर नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का निरीक्षण लिया। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को प्रस्तावित है। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने मंच पर अतिथियों के बैठने की व्यवस्था एवं अन्य उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह में अति विशिष्ट व्यक्तियों, नवनिर्वाचित विधायकों, वरिष्ठ नेताओं एवं बड़ी संख्या में पहुंचने वाले आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं अन्य उपलब्ध करायी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री नितिन नवीन, मंत्री संजय सरावगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, कुमार रवि एवं डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, आयुक्त अनिमेष परासर, पुलिस महानिरीक्षक जीतेन्द्र राणा, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार ने फिर से नीतीश कुमार पर जताया अटूट भरोसा : डॉ. निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

- महिलाओं का अभूतपूर्व समर्थन बना जीत की कुंजी
- अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी जताया भरोसा
- विपक्ष का आरोप रहा बेअसर
- राष्ट्रीय राजनीति में भी ऊंचा होगा नीतीश का कद

**डिहरी ऑन- सोन।** बिहार के लोगों ने एक बार फिर से विकास पुरूष पर अटूट भरोसा जताया है। बिहार विधानसभा चुनाव में मिली अपार जनादेश ने साबित कर दिया है कि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का कद आज भी अडिग और अप्रतिम है। यह बात बिहार विधानसभा चुनाव के ऐतिहासिक नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा ने नवबिहार टाइम्स से बातचीत में कही। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि एनडीए को मिली अपार समर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनता ने विकास, सुशासन और स्थिर नेतृत्व को तरजीह दी है। पिछले दो दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार ने एक बार फिर यह प्रमाणित किया कि राज्य की नब्ज समझने में उनकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं



के खाते में दी गई 10 हजार रुपये की प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता, जीविका दीदी योजना का विस्तार, वृद्धावस्था पेंशन में बढ़ोतरी तथा ग्रामीण परिवारों को सशक्त करने वाले कार्यक्रमों ने मतदाताओं के बीच गहरा विश्वास पैदा किया है। इसी का परिणाम है कि महिला मतदाताओं ने इस बार निर्णायक भूमिका निभाते हुए एनडीए के पक्ष में भारी मतदान किया। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में भी एनडीए का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा है। शिक्षा, छात्रवृत्ति, रोजगार, आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं ने इस वर्ग में नीतीश सरकार के प्रति भरोसे को और मजबूत किया है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' वाला आरोप या तेजस्वी यादव द्वारा उठाए गए स्वास्थ्य संबंधी (शेष पृष्ठ 10 पर)



### मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने सोनपुर मेला में 'सहकारिता मंडप' का किया उद्घाटन

# सोनपुर मेला ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का माध्यम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने सोनपुर मेला परिसर में सहकारिता विभाग द्वारा स्थापित सहकारिता मंडप का विधिवत उद्घाटन किया। लगभग 3000 वर्ग फीट क्षेत्र में बने इस मंडप में राज्य की विभिन्न सहकारी समितियों को अपना उत्पाद प्रदर्शित करने और बिक्री का अवसर प्रदान किया गया है। विशेष तौर पर महिला समितियों, खादी एवं बुनकर समितियों को प्राथमिकता देते हुए उनके विशिष्ट उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगायी गयी है। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि सोनपुर मेला न केवल परंपरा और संस्कृति का उत्सव है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। सहकारिता विभाग लगाए गए 'सहकारिता मंडप' के माध्यम से राज्य भर की सहकारी समितियों को अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का अवसर मिला है जिससे न केवल उनकी आय बढ़ेगी बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वावलंबन को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार सहकारिता आंदोलन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह मंडप इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सहकारिता मंडप में निम्नलिखित समितियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है- के.जी.एन. प्राथमिक धुरद सहकारी समिति लि. उनी कपड़े, शॉल, स्वेटर, मफलर, कुशन आदि। प्रगति स्वावलंबी सहकारी समिति लि0- बिना दूध का खीर, बिना दही का कढ़ी बनाने की सामग्री, विभिन्न मसाले और आटा उत्पाद, बिदुपुर प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहयोग समिति मशरूम से बने उत्पाद, कृत्तपुर ग्रामोद्योग सहयोग समिति लि. लेडीज पर्स, फाइल बैग, ट्रॉली बैग आदि, श्री मिथिला मखाना किसान उत्पादक संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लि. मखाना एवं मखाना से बने उत्पाद, मिरजानगर ग्रामोदय सहयोग समिति लि., वैशाली सस्ते दर पर प्राकृतिक शहद, साहिर प्राथमिक बूनकर सहयोग समिति, सिंगाही, पटना सस्ते दर पर हस्तकरघा के कपड़े, इसके अतिरिक्त वेजफेड (बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन), बिहार राज्य सहकारी बैंक लि. तथा बिहार राज्य भंडार निगम द्वारा भी सहकारिता मंडप में प्रदर्शनी-स्टॉल लगाए गए है।

वेजफेड किसानों को सब्जी उत्पादन हेतु प्रशिक्षण, बीज एवं पौधे उपलब्ध कराने तथा योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहा है। बिहार राज्य सहकारी बैंक अपनी विभिन्न बैंकिंग सेवाओं एवं योजनाओं का प्रचार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को खाता खोलने हेतु प्रेरित कर रहा है। बिहार राज्य भंडार निगम ने अपने कार्यों जैसे गोदाम निर्माण व संचालन, कृषि उपज का भंडारण, खरीद-बिक्री, परिवहन एवं हथलन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी अपने स्टॉल पर प्रदर्शित की है। सहकारिता मंडप में विभाग द्वारा नुक्कड़नाटक का भी आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से आमजन को सहकारिता के महत्व एवं इसके माध्यम से प्राप्त होने वाले लाभों की जानकारी दी जा रही है। है। सैयद मसरुक आलम, संयुक्त निबंधक स0स0 सारण / तिरहुत प्रमण्डल ने स्वागत भाषण दिया। सुधी रंजन प्रसाद, अध्यक्ष, दी वैशाली डिस्ट्रिक्ट सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि0, हाजीपुर, डॉ0 गगन, पबन्ध निदेशक वेजफेड, अभय कुमार सिंह, अपर सचिव, सहकारिता विभाग, मनोज कुमार, प्रबन्ध निदेशक, बिहार राज्य सहकारिता बैंक, पटना एवं अमृताश ओझा, प्रबन्ध निदेशक, दी वैशाली डिस्ट्रिक्ट सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लि., हाजीपुर ने भी सभा को संबोधित किया। बैशाली को-ऑपरेटिव बैंक, हाजीपुर के प्रबन्ध निदेशक ने धान अधिप्राप्ति एवं बैंक के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैंक के अध्यक्ष सुधी रंजन प्रसाद ने सहकारिता मंत्री से धान अधिप्राप्ति में पैक्स अध्यक्षों को आने वाली परेशानियों से अवगत कराया तथा उनके समस्यों को दूर करने हेतु आग्रह किया। इस उपलक्ष्य में वैशाली एवं सारण जिला के विभिन्न पैक्सो, व्यापरमंडल, मत्स्यजीवी एवं विभिन्न समितियों के अध्यक्ष एवं किसान उपस्थित थे। अन्त में समरेश कुमार, संयुक्त निबंधक स.स. मुख्यालय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

## दानापुर मंडल रेल मदद पर करता है मिनटों में शिकायत का निपटान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** दानापुर मंडल हमेशा अपने यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखता है एवं इसके लिए विभिन्न प्रकार के तरीके अपनाते हुए उनकी सुविधाओं में वृद्धि के लिए प्रयासरत रहता है। इन्हीं में से एक है रेल मदद ऐप जिसका फुल फॉर्म होता है यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का रेल मदद ऐप के माध्यम से समाधान किया जाता है। यह एप्लीकेशन एंड्रायड और आईओएस यूजर्स के लिए काफी यूजर फ्रेंडली है। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों के अनुभव को और भी बेहतर बनाने के उद्देश्य से इस ऐप को लांच किया गया था। इस ऐप के माध्यम से यात्री अपनी शिकायत अथवा सुझाव को रेलवे को भेज सकते हैं जिसका निपटान रेलवे के द्वारा तुरंत करने का प्रयास किया जाता है। शिकायत दर्ज करते ही एक रेफरेंस नंबर जेनरेट होता है जिसके माध्यम से यात्री अपनी शिकायत अथवा सुझाव की अद्यतन जानकारी भी ले सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है तथा यात्रा के दौरान ऑनलाइन माध्यम से उनका विशेष ध्यान रखता है। दानापुर मंडल के द्वारा रेल मदद के माध्यम से कई शिकायतों का निपटारा चंद मिनटों में हीं कर दिया जाता है। ऐसे कई उदाहरण हैं जिसमें यात्रियों ने रेलवे की त्वरित कार्यवाही पर अपनी संतुष्टि एवं प्रसन्नता जाहिर की है जैसे- 15.11.2025 को गाड़ी संख्या 13245 कैपिटल एक्सप्रेस के ए 1 कोच के एक यात्री ने चार्जिंग सॉकेट के ठीक से नहीं कार्य करने की शिकायत 21:10 बजे दर्ज की थी जिसका समाधान 21:18 पर कर दिया गया और यात्री ने इस पर अपनी संतोषजनक टिप्पणी भी की। इसी प्रकार 16.11.2025 को गाड़ी संख्या 13331 धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस के एस 3 कोच से एक यात्री ने उनके बर्थ पर अनाधिकृत व्यक्तियों के बैठने की सूचना दर्ज की जिसकी सूचना दानापुर मंडल को 12:16 मिनट पर मिली और मंडल के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 12:23 पर अनाधिकृत व्यक्तियों को हटाया गया। 16. 11.2025 को ही गाड़ी संख्या 13288 आरा दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस के एक यात्री के द्वारा दरवाजे के सही ढंग से नहीं काम करने की शिकायत 2:09 पर दर्ज की गई जिस पर कार्रवाई करते हुए 2:36 पर दरवाजे को ठीक करवा दिया गया। 17.11.2025 को गाड़ी संख्या 20802 मगध एक्सप्रेस के यात्री के द्वारा वॉश बेसिन ओवरफ्लो करने की शिकायत 9:49 पर की इसका निपटारा करते हुए 9:59 पर सफाई कर्मियों ने समाधान कर दिया।

## रिश्वत लेने के जुर्म में उपसरपंच को सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित एक विशेष अदालत ने रिश्वत लेने के जुर्म में आज एक उपसरपंच को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा के साथ 20000 का जुर्माना भी किया। निगरानी के विशेष न्यायाधीश मोहम्मद रुस्तम ने मामले में सुनवाई के बाद बिहार के नालंदा जिला स्थित पचौरी पंचायत के उप सरपंच गणेश साव को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को एक माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष लोक अभियोजक विजय भानू ने बताया कि निगरानी के अधिकारियों ने बिहारशरीफ में 22 जनवरी 2011 को एक महिला न्याय मित्र का चेक हस्ताक्षर करने के एवज में 3000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। अभियोजन ने आरोप साबित करने के लिए इस मामले में नौ गवाहों का बयान अदालत में कलम बंद करवाया था।

## विजय पासवान कांग्रेस पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने विजय पासवान, रामनगर, पश्चिमी चंपारण को पार्टी विरोधी आचरण को देखते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी के प्राथमिक सदस्य से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने बताया कि विजय पासवान का आचरण पिछले कुछ दिनों से पार्टी विरोधी रहा है इसलिए पार्टी संविधान के अनुसार उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्य से 6 वर्षों के निष्कासित कर दिया गया है।

## पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर 43 कांग्रेस नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण कांग्रेस पार्टी अनुशासन समिति ने कई नेताओं को कारण-पत्र (शोकॉज नोटिस) जारी किया है। चुनावी अवधि में इन व्यक्तियों द्वारा मीडिया सहित अन्य सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए गए थे जिससे पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा तथा चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के अनुसार संबंधित सभी व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि वे 21 नवंबर 2025 को दोपहर 12 बजे तक अपना लिखित स्पष्टीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में अनुशासन समिति विवश होकर कठोर कार्रवाई करेगी जिसमें कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासन भी सम्मिलित है। प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ने कहा है कि पार्टी अनुशासन और एकता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पार्टी को क्षति पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार के कृत्य को गंभीरता से लिया जाएगा।

शोकॉज नोटिस जिन्हें जारी किया है उनमें - अफाक आलम, पूर्व मंत्री, आनन्द माधव, पूर्व प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस, छत्रपति यादव, पूर्व विधायक, वीणा शाही, पूर्व मंत्री, डा0 अजय कुमार सिंह, पूर्व विधान पार्षद, गजानन्द शाही उर्फ मुन्ना शाही, पूर्व विधायक, सुधीर कुमार उर्फ बंटी चैधरी, पूर्व विधायक, कंचना कुमारी, अध्यक्ष, बांका जिला कांग्रेस कमिटी, बच्चू कुमार बीरू, अध्यक्ष, सारण जिला कांग्रेस कमिटी, राज कुमार राजन, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष, नागेन्द्र पासवान विकल, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष, मधुरेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी, प्रदुमन यादव, अध्यक्ष, प्रदेश खेल प्रकोष्ठ, सकीलुर रहमान, पूर्व उपाध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस, अशोक गगन, पूर्व प्रवक्ता, सूरज सिन्हा, प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस, उर्मिला सिंह नीलू, महिला कांग्रेस, सुधा मिश्रा, महिला कांग्रेस, अब्दुल बाकी सज्जन, वसी अख्तर, रमेश सिंह, कैशर खान, पूर्व महासचिव, प्रदेश कांग्रेस, कुन्दन गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, राज कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, किसान कांग्रेस, आशुतोष शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष, पटना ग्रामीण-1, कुमार संजीत, नीरज कुमार, राणा अजय कुमार सिंह, पूर्व प्रत्याशी, रेखा पटेल, पूर्व सदस्य, अ.भा.कां.क., रीना देवी, नालन्दा जिला महिला अध्यक्ष, अजय प्रताप सिंह, शिवनीती सिंह, खगड़िया, सुदय शर्मा, पटना महानगर, सुनीता कुमारी, आदित्य पासवान, पूर्व उपाध्यक्ष, सेवादल, राहुल मिश्रा, सोशल मीडिया, अरविन्द पासवान, खुशबू कुमारी, सदस्य, प्रदेश चुनाव समिति, रवि गोल्डेन, नालन्दा, निधि पाण्डेय, राजीव मेहता, धीरेन्द्र कुमार सिंह, औरंगाबाद, रवि सिंह राजपूत, औरंगाबाद।

## बी. डी. कॉलेज, पटना में विश्व दर्शन दिवस उत्साह के साथ मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में आज विश्व दर्शन दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के सशक्त नेतृत्व में तथा दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में आयोजित हुआ। प्राचार्या ने स्वागत भाषण में बताया कि विश्व दर्शन दिवस यूनेस्को की पहल पर हर वर्ष मनाया जाता है जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर तर्कशीलता, संवाद और आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में दो प्रमुख विद्वानों ने विचार-विमर्श को समृद्ध किया। प्रो. आर. एस. आर्य, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, पटना विश्वविद्यालय ने 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में सामाजिक न्याय का पुनरावलोकन' विषय पर अपनी गहन अंतर्दृष्टियां प्रस्तुत कीं। वहीं प्रो. शैलेश कुमार सिंह, प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, ए. एन. कॉलेज, पटना, ने 'हम विश्व दर्शन दिवस क्यों मनाते हैं' विषय पर प्रभावी व्याख्यान दिया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल और जीवंत बनाया। दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में दार्शनिक दृष्टिकोण और रचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना था। डॉ. सिकन्दर जमील, डॉ. दिवाकर कुमार पांडेय, डॉ. बीरेन्द्र मंडल, डॉ. विजय कुमार मीना, डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ. मोहद. अली (पीजी दर्शनशास्त्र विभाग) की उपस्थिति और सक्रिय सहयोग से समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बी. डी. कॉलेज, पटना में आयोजित यह समारोह बौद्धिक रूप से अत्यंत समृद्धिकारक रहा और विश्व दर्शन दिवस के उद्देश्य को सार्थक रूप से प्रतिबिंबित करता है।

## जल संरक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूर्वी चंपारण को राष्ट्रीय सम्मान

### विज्ञान भवन में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने प्राप्त किया 25 लाख रुपये का पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली/मोतिहारी।** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत 'जल संचयन जन भागीदारी (जेएसजेबी) 1.0' श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य के लिए पूर्वी चंपारण जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। 18 नवंबर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति और जल शक्ति मंत्रालय की ओर से जिले को प्रशस्ति पत्र तथा 25 लाख रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुरस्कार ग्रहण किया। यह उपलब्धि जिले में जल संरक्षण, जल संचयन और पर्यावरण अनुकूल पहलों के तहत किए गए व्यापक कार्यों के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई है। पूर्वी चंपारण में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कुल 6374 संरचनाओं का निर्माण और मरम्मतिकरण किया गया। इनमें मनरेगा के तहत 6277, लघु जल संसाधन विभाग द्वारा 30 और पंचायती राज विभाग द्वारा 67 संरचनाएं शामिल हैं। इन कार्यों में आहर, पइन, सार्वजनिक व निजी तालाबों का जीर्णोद्धार, छत वर्षा जल संचयन तथा चापाकल और कुओं के किनारे सोख्ता निर्माण जैसी महत्वपूर्ण पहलें शामिल रहीं। यह पूरा अभियान मिशन मोड में संचालित किया गया जिसमें जिलाधिकारी के मार्गदर्शन और उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पूर्वी चंपारण ने केंद्रीय भूमिका निभाई। इस प्रक्रिया में डॉ. कुंदन (निदेशक), प्रियंका भारती (जिला मिशन प्रबंधक, जल-जीवन-हरियाली मिशन) और राजेश कुमार (जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा) की सक्रिय भूमिका रही। इनके समन्वित प्रयासों ने जिले को राष्ट्रीय पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाई। सम्मान प्राप्त करने के बाद जिलाधिकारी और उप विकास आयुक्त ने ग्रामीण विकास विभाग सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कर्मियों और समस्त जिलेवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिस्का स्टेशन का पुनर्विकास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**कोलकाता।** अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेल द्वारा अपनी अवसंरचना को आधुनिक बनाने और लाखों यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर करने के लिए किए जा रहे संगठित प्रयास का प्रतीक है। यह एक दीर्घकालिक योजना है जिसका उद्देश्य पूरे भारत में रेलवे स्टेशनों को चरणबद्ध तरीके से विकसित करना है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कुल 72 स्टेशनों का विकास इस योजना के तहत किया जा रहा है। प्रत्येक स्टेशन के लिए विस्तृत योजनाएं तैयार की गई हैं और वहां की आवश्यकता के अनुसार कार्य चरणों में किए जा रहे हैं। इस योजना का मुख्य लक्ष्य स्टेशनों को अधिक स्वच्छ, सुविधाजनक और यात्री-हितैषी बनाना है। रांची मंडल के अंतर्गत झारखंड के रांची जिले में स्थित पिस्का रेलवे स्टेशन भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए जाने वाले स्टेशनों में शामिल है। पुनर्विकास का उद्देश्य इस साधारण स्टेशन को अधिक यात्री-केंद्रित सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए आधुनिक रूप देना है। पिस्का रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास रांची तथा आसपास के क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को लाभान्वित करेगा। उन्नत सुविधाएं और बेहतर संपर्क व्यवस्था क्षेत्र में आर्थिक विकास को गति देंगी, निवेश को आकर्षित करेंगी तथा झारखंड में पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेंगी। पिस्का स्टेशन में पुनर्विकास के दौरान जो सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं, वे इस प्रकार हैं- नया स्टेशन भवन, नया सर्कुलेटिंग एरिया, नया पार्किंग एरिया, नए लिफ्ट, 12 मीटर चौड़ा नया फुट ओवरब्रिज, बेहतर एप्रोच रोड, वेलकम गेट, दिव्यांगजन सुविधाएं- रैम्प, बुकिंग काउंटर, वाटर बूथ, पार्किंग एरिया, शौचालय, टैक्टाइल टाइल आदि। नया प्लेटफॉर्म शेल्टर, प्लेटफॉर्म सर्फेसिंग, वाटर बूथ, नया बुकिंग काउंटर, प्रतीक्षालय (वेटिंग रूम), स्थानीय कला एवं संस्कृति थीम से सुसज्जित स्टेशन परिसर, बैठने की बेहतर व्यवस्था।

## बिहार पुलिस चालक सिपाही भर्ती परीक्षा 10 दिसंबर को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पुलिस में चालक सिपाही के 4361 पदों पर बहुप्रतीक्षित लिखित परीक्षा 10 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने आधिकारिक सूचना जारी कर सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। साथ ही सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई है। पर्षद के अनुसार इस बार परीक्षा का आयोजन राज्य के कुल 15 जिलों में किया जा रहा है जिनमें 315 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। बड़ी संख्या में आवेदकों को देखते हुए सुरक्षा, अनुशासन और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रों पर विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिला स्तर पर पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को भी तैनात किया जाएगा ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू रहे। अभ्यर्थियों के लिए ई-प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं जिन्हें पर्षद की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्प सेक्शन की सहायता ले सकते हैं। वहीं जिन अभ्यर्थियों का ई-प्रवेश पत्र किसी कारणवश डाउनलोड नहीं हो पा रहा है उनके लिए डुप्लीकेट प्रवेश पत्र जारी करने की व्यवस्था भी पर्षद ने किया है। डुप्लीकेट प्रवेश पत्र से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे पाठ्यक्रम को ध्यानपूर्वक पढ़कर परीक्षा की तैयारी करें और निर्धारित समय से पहले अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। चालक सिपाही के इस चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा केवल प्राथमिक चरण है। परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, अंक विभाजन और महत्वपूर्ण नियम भी वेबसाइट पर विस्तार से प्रकाशित किए गए हैं।

## पटना वीमेंस कॉलेज में छात्राओं को दी गयी स्टार्टअप से जुड़ी जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज के मदर वेरोनिका एक्सीलेंस एंड इनोवेशन सेंटर (एमवीइआइसी) के एंटरप्रेन्योरशिप क्लब की ओर से ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका विषय इग्नाइटिंग यंग माइंड्स थ्रू एंटरप्रेन्योरियल पाथवेज था। इसकी शुरुआत एमवीइआइसी के निदेशक आलोक जॉन (डीन एनआइसीसीएस) ने की, जिन्होंने छात्रों में नवाचार और उद्यमशीलता की क्षमताओं को पोषित करने के सेंटर के मिशन पर प्रकाश डाला। सत्र की मुख्य वक्ता ज्योति कुमारी सहायक निदेशक उद्योग विभाग बिहार सरकार थीं। उन्होंने स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में उभरते अवसरों और बिहार सरकार की विभिन्न योजनाओं, जैसे स्टार्टअप को बढ़ावा देने और वित्तीय सहायता तंत्रों की विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, स्टार्टअप बिहार, उद्योग विभाग से कुणाल प्रकाश और शिवेंद्र कुमार ने छात्राओं को मेंटरिंग, फंडिंग सहायता, इनक्यूबेशन जैसी विभिन्न गतिविधियों और समर्थन तंत्रों के बारे में बताया।

## पर्यावरण से छेड़छाड़ का गहरा प्रभाव जैवविविधता पर : वी. एम. सतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय प्राणि सर्वेक्षण, गंगा समभूमि प्रादेशिक केंद्र, पटना में आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक वी. एम. सतीश कुमार ने जैवविविधता पर पर्यावरणीय हस्तक्षेप के गंभीर प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के असंतुलन का सबसे बुरा असर जैवविविधता पर पड़ता है और कई प्रजातियां तेजी से विलुप्त होती जा रही हैं। गौरैया, गिद्ध, चील और कौआ की संख्या में भारी गिरावट चिंता का विषय है। सतीश कुमार ने जैवविविधता को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रेम ने कहा कि भारतीय धार्मिक ग्रंथों में चौरासी करोड़ प्राणियों का उल्लेख मिलता है, लेकिन वर्तमान समय में उनकी संख्या घटकर लगभग पंद्रह लाख रह गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय परंपराओं में अनेक प्रतीक–जैसे नाग को शंकर के गले का आभूषण, शेर को दुर्गा का वाहन, चूहे को गणेश का वाहन–जीव संरक्षण के संदेश के रूप में स्थापित किए गए थे। उन्होंने यह भी बताया कि पहली बिल्ली को बचाने के लिए यह मान्यता फैली कि इसके रास्ता पार करने पर गाड़ी रोक देनी चाहिए, ताकि बिल्ली को नुकसान न हो। यह सब जैव संरक्षण के पारंपरिक प्रयासों का हिस्सा रहा है। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर रवि प्रकाश ने कहा कि जैवविविधता की रक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम में बीएन कॉलेज पटना, साइंस कॉलेज पटना, श्री अरविंद महिला कॉलेज और गंगा देवी महिला महाविद्यालय के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर जे एस आई के मनीष चंद्र पटेल, सुनीता पात्रा, रजनीश रंजन, राहुल कुमार, इंटर्न आयुषी रानी, अमृतांशु, ज्योति, नेहा, अंजू, अंकिता, सपना, आरती, श्यामली और आयुष मौजूद रहे।

## बंपर वोटिंग के साथ डीबीए पटना का मतदान संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित जिला स्तर पर सबसे बड़ी वकीलों के संस्था पटना जिला अधिवक्ता संघ का द्विवार्षिक चुनाव का मतदान आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बंपर वोटिंग के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। बिहार स्टेट बार काउंसिल के तीन पर्यवेक्षकों की निगरानी में इस मतदान में लगभग 74% वोटिंग हुई। मतदान के लिए कुल 1963 वैध मतदाता थे जिनमें से 1461 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के बाद संध्या 7:30 बजे से तीन महत्वपूर्ण पदों अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष के मतों की गिनती की पूर्व सूचना है जिसका परिणाम देर रात आने की संभावना है। गौरतलब है कि वकीलों के संघ के चुनावों में पटना जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव होता है। हर 2 वर्ष पर होने वाले इस चुनाव में अच्छी खासी गहमा गहमी होती है। राज्य बार काउंसिल के निरीक्षण में पूरे मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस बार संघ के अध्यक्ष के एक पद, उपाध्यक्ष के तीन पद, महासचिव के एक पद, संयुक्त सचिव के तीन पद और सहायक सचिव के तीन पदों समेत 32 पदों के लिए वकीलों के 112 प्रतिनिधि अपना-अपना भाग्य आजमा रहे हैं। पुराने और दिग्गज वकीलों के साथ-साथ युवा वकील भी संघ के इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

CMYK

# डीएम ने नशीले पदार्थों के उपयोग के विरुद्ध शपथ दिलायी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के डीआरडीए सभागार भवन में सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया कि युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं जिनका समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़े। देश के सामने नशा इस चुनौती को स्वीकार करते हुए आइए हम सब नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर संकल्प लेते हैं कि न केवल हम समाज, परिवार, मित्र बल्कि हम स्वयं भी नशामुक्त रहेंगे क्योंकि बदलाव की शुरुआत खुद से होती है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक भी इस अभियान में ऑनलाइन के माध्यम से नशा मुक्ति से संबंधित शपथ ग्रहण कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं और क्यू आर कोड स्कैन कर सीधे ऑनलाइन शपथ ले सकते हैं। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन ऑफलाइन शपथ ग्रहण कर नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की। शपथ ग्रहण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और देश की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे नशे के किसी भी रूप से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जनभागीदारी के माध्यम से स्वस्थ और सुरक्षित भारत के निर्माण को सुदृढ़ करना था। उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला मुख्यालय स्थित डीआरडीए भवन में कुल 290 लोग उपस्थित रहे। स्कूल, उच्च शिक्षा संस्थानों में लगभग 1200 लोग शामिल हुए। स्वयं-सहायता समूह, आशा कार्यकर्ताओं की संख्या लगभग 11450 रही। अन्य 50955 लोग शामिल हुए। वहीं, सामूहिक शपथ, रैली एवं जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को नशा उन्मूलन के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नशा के दुष्प्रभाव, परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले प्रभाव तथा नशा मुक्त जीवन के लाभों पर विस्तार से चर्चा की।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की ओर से कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल की ओर से बाकले अधिकारी क्लब, डी0डी0यू0 में संगठन की विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों का समय-समय पर सफल आयोजन करने के लिए रेल कर्मचारियों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कुल 36 रेल कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान इन रेल कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं समर्पण की सराहना की गई। कार्यक्रम की सराहना करते हुए संगठन की अध्यक्षा श्रीमती चित्रा सिंह ने कहा कि रेल कर्मचारियों के पेशेवर कर्त्तव्यों से परे, सामुदायिक सेवा और सहयोग की सच्ची भावना इस संगठन को समय-समय पर देखने को मिली। कर्त्तव्य के प्रति यही समर्पण और अतिरिक्त प्रयास करने की इच्छाशक्ति ही वास्तव में हमारे रेलवे परिवार की पहचान है। इस अवसर पर संगठन की सचिव शालीनी भूषण, कोषाध्यक्ष प्रियांशु यादव, संयुक्त सचिव श्रीमती वैष्णवी, श्रीमती मीता नारी, स्कूल सचिव श्रीमती दीपिका, श्रीमती अस्वती, श्रीमती सोमा चटर्जी आदि सदस्याएं उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग में युवक की आग लगा हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के न्यू एरिया व बच्चा सिंह गली में प्रेम प्रसंग में एक युवक की लड़की वालों ने मारपीट कर आग लगाकर हत्या करने का आरोप स्वजनों ने लगाया है। युवक वर्तमान में किराये पर ईदगाह मुहल्ला वार्ड 22 के रहने वाले राकेश रजक के 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। मृतक भोजपुर जिले के आरा के मिल्की मुहल्ला का रहने वाला है। मृतक के पिता राकेश रजक के अनुसार आज सुबह 8 बजे न्यू एरिया के रहने वाली प्रेमिका ने अपने प्रेमी अंकित कुमार को अपने घर बुलाया था। आरोप है कि प्रेमिका के स्वजनों के सदस्यों ने बेरहमी से पहले पीटा जिससे वह सर फटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाद उसे पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दिया जिससे प्रेमिका के दरवाजे पर ही तड़प - तड़प कर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय डिहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एएसपी अतुलेश झा एवं एफ एस एल के एक्सपर्ट राजीव कुमार भी पहुंच कर इस मामले में प्रेमिका के घर में स्वजनों से बातचीत कर आगे की कार्रवाई कर रहे है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है।

**सालों से था प्रेम प्रसंग**

एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि न्यू एरिया क्षेत्र में एक युवक की जली हुई संदिग्ध डेड बॉडी मिलने की सुचना मिली। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। शव को जलाया हुआ प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान अंकित नामक युवक के रूप में होने की जानकारी मिली है। घटना की पुष्टि और कारणों का पता लगाने के लिए थाना दल मौके पर पहुंचा है और आसपास के लोगों के बयान लिए जा रहे हैं। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार के लोगों के तरफ से थाने में लिखित आवेदन दिया जा रहा है।

## 3.80 लाख की साइबर ठगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर थाना में जिले के नटवार थाना क्षेत्र के असिया गांव निवासी व्यवसायी सुरेंद्र कुमार सिंह ने मिनरल तरपेन्ट तेल के आपूर्ति के नाम पर तीन लाख 80 हजार की ठगी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मिट्टी लदा ट्रैक्टर जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के गोपी बिगहा से खनन विभाग की टीम ने अवैध तरीकेसे बलुआही मिट्टी लोड कर जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में खनन निरीक्षक ने प्राथमिकी दर्ज किया है। खनन विभाग द्वारा पीछा करने पर चालक ट्रैक्टर छोड़ भाग गया।

# विवादित जमीन पर गोलीबारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक विवादित जमीन पर एक पक्ष द्वारा धान के फसल को कटनी करने और दूसरे पक्ष के विरोध करने के सवाल पर दो पक्षों में दर्जनों राउंड गोलियां चली। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर डीएसपीएलआर, सीडीपीओ दिलीप कुमार, एसडीएम आशुतोष रंजन, अंचलाधिकारी पूजा शर्मा, थाना अध्यक्ष रंजन कुमार के अलावा चेनारी व शिवसागर और अन्य कई जगह की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हिंसक घटना होने से बचा लिया। बताया जाता है कि सुबह लगभग 10 बजे उक्त विवादित जमीन में 50 से अधिक महिला व पुरुष धान कटनी मजदूर उक्त विवादित जमीन पर पहुंचकर धान काटने लगे दूसरे पक्ष के भी हो हंगामा करने लगा तू तू मैं मैं के बाद हवा में गोलियां चलने लगी। गांव में अफरा-तफरी मच गया। कई बच्चे घर के दरवाजे को बंद कर लिया गांव के पूरब और उत्तर काली मंदिर के समीप पूरा इलाका रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। बता दें कि किनरचोला गांव में लगभग 99 एकड़ बिहार सरकार की भूमि पर दो पक्षों में काफी तनाव चल रहा था। कई वर्षों से उक्त भूमि पर गांव के एक पक्ष द्वारा खेती किया जा रहा था। इस वर्ष धान की रोपनी शुरू हुआ तो दूसरे पक्ष द्वारा उसमें खेती-बाड़ी की गई जिसका जमकर विरोध भी हुआ। मामला न्यायालय में भी चल रहा है। इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने धान रोपनी के समय भी दोनों पक्षों को उक्त जमीन पर जाने से मना किया था। संवाद प्रेषण तक एक पक्ष द्वारा धान काटने के लिए सैकड़ों की संख्या में अड़ा हुआ है। दूसरे पक्ष के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। संवाद प्रेषण तक पुलिस प्रशासन और उक्त अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों को बिहार सरकार के भूमि से दूर रहने की बात कह कर समझा रहे हैं। पुलिस गोली चलने की बात से इनकार कर रही है जबकि कुछ ग्रामीण दो दर्जन गोली चलने की बात कर रहे हैं। इस संबंध में अंचलाधिकारी पूजा शर्मा ने कहा कि बिहार सरकार की भूमि है दोनों पक्षों द्वारा धान रोपनी के समय से ही मना किया गया था, लेकिन एक पक्ष द्वारा धान का रोपनी किया गया है। इसी जमीन को लेकर विवाद हुई है। पुलिस प्रशासन कानूनी रूप से अपना कार्रवाई कर रही है। किसी प्रकार की हिंसक घटना नहीं हुई है।

# राजेन्द्र विद्यालय में नशामुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** आइसीएसई से संबद्ध राजेन्द्र विद्यालय, सासाराम में मंगलवार प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान 'नशामुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान' के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, प्रबंधन समिति के सदस्यों, कार्यालय कर्मियों एवं सहयोगी स्टाफ ने एकजुट होकर नशे के विरुद्ध आवाज बुलंद की और सामूहिक रूप से शपथ ग्रहण किया। प्रातःकालीन सभा की शुरुआत सामान्य दिन की तरह प्रार्थना, विचार एवं ध्यान से हुई, लेकिन आज का वातावरण और भी गंभीर एवं प्रेरणादायक था। मंच से ही नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, युवाओं पर उनके खतरे और समाज पर पड़ने वाले गहरे प्रभावों पर एक संक्षिप्त परिचर्चा की गई। इसके बाद विद्यालय परिवार ने एक स्वर में 'नशामुक्त भारत-स्वस्थ भारत' का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण किया।

**शपथ का उद्देश्य और प्रभाव**

शपथ के माध्यम से छात्रों को यह संदेश दिया गया कि नशा सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से भी व्यक्ति को बेहद नुकसान पहुंचाता है। विद्यालय प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि बच्चों में शुरुआती उम्र में ही जागरूकता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में वे किसी भी प्रकार के नशे से स्वयं को दूर रख सकें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक कर सकें। चेयरपर्सन गीता सिंहा ने अभियान को अत्यंत समसामयिक और महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा 'आज हमारा समाज कई चुनौतियों से जूझ रहा है जिनमें नशा एक प्रमुख समस्या है। बच्चे और युवा यदि समय रहते जागरूक हो जाएं तो परिवार, समाज और देश को नशे की इस कुरीति से बचाया जा सकता है। ऐसे विद्यालयीन कार्यक्रम भविष्य के नागरिकों को मजबूत, जागरूक और जिम्मेदार बनाते हैं। राजेन्द्र विद्यालय इस दिशा में जो प्रयास कर रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है।' उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। विद्यालय के प्राचार्य नवेंदु विश्वास ने प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते हुए कहा 'बच्चों! आज आपने जो शपथ ली है, वह सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि एक जीवनभर के संकल्प जैसा है। नशा युवाओं की ऊर्जा, क्षमता और सपनों को नष्ट कर देता है। आप ही राष्ट्र की सबसे मजबूत नींव हैं, यदि आप दृढ़ संकल्पित रहें तो हमारा समाज निश्चित रूप से नशामुक्त बन सकता है। हमारा विद्यालय हमेशा से सीखने-सिखाने के साथ-साथ जीवन मूल्यों को भी प्राथमिकता देता आया है।' उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय भविष्य में भी नशामुक्ति, स्वास्थ्य, आत्म-नियंत्रण और जीवन कौशल से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अनुशासनपूर्वक शपथ ग्रहण की और यह दृढ़ निश्चय व्यक्त किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने माता-पिता, मित्रों और पड़ोसियों को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक को छात्रों और सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## जानलेवा हमला कर 18 हजार ले भागे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के शिवपुर पुल के पास पहलेजा निवासी चन्दन कुमार को दो युवकों ने जानलेवा हमला कर मोबाइल व 18 हजार रुपये छीन लिया। पुलिस के अनुसार इस संबंध में पहलेजा निवासी ओम प्रकाश तिवारी व रितेश तिवारी पर प्राथमिकी किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आरपीएफ ने यात्री की छूटे बैग को किया वापस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि गाड़ी संख्या 22307 के जनरल कोच में ब्लैक कलर का पिट्ठू बैग को खोजबीन कर उतारा गया और पोस्ट पर लाकर सुरक्षित रखा गया तथा इसकी सूचना शिकायतकर्ता सुमित राय को अवगत कराया गया है। सूचना पर 18.11.25 को शिकायतकर्ता सुमित राय पिता-केदार राय निवासी भदेश्वर थाना भदेश्वर जिला-हुबली (पश्चिम बंगाल) आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन सोन पर उपस्थित हुये तथा अपने बैग की पहचान किए। पहचान किए जाने के बाद उचित सत्यापन कर सुपुर्दगीनामा तैयार करते हुए बैग को सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** महिला कॉलेज डालमियानगर में मंगलवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। दो दिवसीय इस खेल प्रतियोगिता में 10 महाविद्यालयों के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में एस.भी. पी कॉलेज भभुआ, श्री त्रिदण्डीदेव गर्वमेंट डिग्री कालेज शाहपुर, रोहतास महिला कॉलेज व श्री शंकर कॉलेज, सासाराम, महिला कॉलेज डालमियानगर, एस.बी. कॉलेज, आरा, एम.भी कॉलेज, बक्सर, एच.डी. जैन कॉलेज, आरा, राधा शांता कॉलेज तिलौथू, डी.के कॉलेज डुमरांव की टीम शामिल है। कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन महिला कॉलेज डालमियानगर के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार व जवाहर लाल नेहरू कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार ओझा ने दीप प्रज्जवल कर किया। एस.भी.पी कॉलेज भभुआ एवं राधा शांता कॉलेज तिलौथू के कप्तान ने टॉस उछालकर रेडर एवं डिफेंडर की भूमिका के लिए स्वयं को तैयार किया। सारे खिलाड़ी अपनी समुचित पोशाक में खेल कार्यक्रम को एक नया ही रूप-रंग प्रदान कर रहे थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–085 के लिए खुली ई–निविदा सूचना, दिनांक 14.11.2025,** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.– झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएल–एमएलडीटी–टीआरडी–ई–निविदा–085, कार्य का नाम :** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में 02 वर्ष की अवधि के लिए संपूर्ण टीआरडी/मालदा संगठन (मालदा टाउन, जंगीपुर रोड, बड़हरवा, साहिबगंज, सबौर, बाराहाट और जमालपुर में ओएचई सह पीएसआई डिपो के अधीन) के लिए टीआरडी रखरखाव एवं ब्रेकडाउन गतिविधियों (पीएसआई कार्य) की आउटसोर्सिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 4,54,37,183/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि:** रु. 3,77,200/–, **ई–निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 24.11.2025 से 08.12.2025 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पटः वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-234/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एम–पीडी–ओटी–08 ऑफ 2025–26, दिनांक 10.11.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.–झलझलिया, जिला – मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) के द्वारा रेलवे/सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/ एमईएस या किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत पर्याप्त क्षमता एवं वित्तीय सम्पन्नता रखने वालों से दिनांक 01.12.2025 को 15.00 बजे तक निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्धारित वेबसाइट में निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम और स्थान :** भागलपुर में खुली निविदा के माध्यम से टर्न की आधार पर स्वचालित/यंत्रचालित लॉण्ड्री का विस्तार। **स्थान :** बिहार में भागलपुर। **कार्य का निविदा मूल्य :** रु.2,49,16,942.95 जीएसटी@ 18% सहित। **कार्य की समापन अवधि :** एलओए जारी होने की तिथि से 180 दिन। **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य जीसीसी अप्रैल 2022 के अनुसार। **बयाना राशि जमा :** रु. 2,67,000/– **निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 01.12.2025 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण : www.er.indianrailway.gov.in सूचना पटः** (1) वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता/पूर्व रेलवे/मालदा का कार्यालय। (2) डीएमई/सी एंड डब्ल्यू/भागलपुर का कार्यालय। (3) एसएसई/ सी एंड डब्ल्यू/पूर्व रेलवे/भागलपुर का कार्यालय। **द्रष्टव्यः** (1) निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत सूचना एवं निविदा कागजात देखें। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। (2) निविदाकारों से अनुरोध है कि निविदा की अंतिम तिथि तक वेबसाइट का अनुसरण करें।

MLD-233/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VII

**झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

संख्या :– 1131 । भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.11.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना कुटी से हुटार भाया रामगढ़, (ब्लॉक हेड क्वॉटर) पथ (कुल लंबाई–24.100 कि0मी0) पथ का मजबूतीकरण और पुर्ननिर्माण कार्य परियोजना/प्रयोजन निर्माण हेतु ग्राम– हुटार, थाना– चैनपुर, थाना सं0– 155, अंचल– चैनपुर, जिला– पलामू, में कुल रकबा–3.5880 एकड़ यानि हे0 1.4520 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 3.5880 एकड़ यानि 1.4520 हेक्टेयर है और जो ग्राम– ग्राम– हुटार, थाना– चैनपुर, थाना सं0– 155, अंचल– चैनपुर, जिला– पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है।

ग्राम–हुटार, थाना सं0– 155 कुल रकबा–3.5880 एकड़

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 1 | 439 | बकास्त | टाड़ II | 0.426 | प्रतिमा देवी पति दिलीप चन्द्रवंशी वो शिवनाथ राम पिता गणौरी राम वो विश्वनाथ राम वो शंकर प्रसाद पिता नन्हकु राम | | | | |
| 2 | 90 | 209 | रैयती | टाड़ II | 0.212 | अज्ञात | | | | |
| 3 | 38 | 409 | रैयती | टाड़ II | 0.009 | रेलवे द्वारा अधिग्रहित | | | | |
| 4 | 1 | 422 | बकास्त | टाड़ II | 0.091 | गंगीया देवी पति जयकिशुन राम वो वंशी राम पिता रामेश्वर राम | | | | |
| 5 | 34 | 423 | रैयती | टाड़ II | 0.068 | जगदीश राम वो जयकिशुन राम वो मुन्द्रिका राम पिता बेलास राम | | | | |
| 6 | 7 | 424 | रैयती | टाड़ II | 0.070 | जगदीश राम वो जयकिशुन राम वो मुन्द्रिका राम पिता बेलास राम | | | | |
| 7 | 58 | 426 | रैयती | टाड़ II | 0.075 | अज्ञात | | | | |
| 8 | 51 | 881 | रैयती | टाड़ II | 0.005 | बुधन भुईया वल्द लोचन भुईया | | | | |
| 9 | 51 | 882 | रैयती | मकान सहन I | 0.009 | बुधन भुईया वल्द लोचन भुईया | | | | |
| 10 | 69 | 141 | रैयती | टाड़ II | 0.060 | रमेशर भुईया वल्द गुमानी भुईया | | | | |
| 11 | – | 144 | रैयती | टाड़ II | 0.038 | अज्ञात | | | | |
| 12 | 58 | 145 | रैयती | टाड़ II | 0.070 | भजन महतो पिता बनारसी महतो वो विश्वनाथ यादव पिता रोअन यादव | | | | |
| 13 | – | 150 | रैयती | टाड़ II | 0.072 | अज्ञात | | | | |
| 14 | 20 | 52 | रैयती | टाड़ II | 0.038 | अज्ञात | | | | |
| 15 | 9 | 5 | रैयती | टाड़ II | 0.003 | अज्ञात | | | | |
| 16 | – | 4 | रैयती | टाड़ II | 0.009 | अज्ञात | | | | |
| 17 | 7 | 155 | रैयती | टाड़ II | 0.122 | लक्ष्मण कहांर पिता पदारथ कहांर | | | | |
| 18 | – | 884 | रैयती | टाड़ II | 0.084 | रेलवे द्वारा अधिग्रहित | | | | |
| 19 | – | 883 | रैयती | टाड़ II | 0.098 | रेलवे द्वारा अधिग्रहित | | | | |
| 20 | 51 | 400 | रैयती | टाड़ II | 0.038 | रेलवे द्वारा अधिग्रहित | | | | |
| 21 | 60 | 95 | रैयती | टाड़ II | 0.062 | अज्ञात | | | | |
| 22 | 48 | 455 | रैयती | टाड़ II | 1.297 | रामदेव महरा पिता बेलास महरा | | | | |
| 23 | 21 | 76 | रैयती | टाड़ II | 0.061 | लखपति देवी पति रामनरेश मिस्त्री | | | | |
| 24 | 20 | 74 | रैयती | टाड़ II | 0.061 | कैलास मिस्त्री वल्द सहदेव मिस्त्री | | | | |
| 25 | 70 | 73 | रैयती | टाड़ II | 0.077 | पैरवा देवी पति जगदीश राम | | | | |
| 26 | 51 | 881 | रैयती | टाड़ II | 0.042 | बुधन भुईया वल्द लोचन भुईया | | | | |
| 27 | 51 | 882 | रैयती | मकान सहन I | 0.19 | बुधन भुईया वल्द लोचन भुईया | | | | |
| 28 | 17 | 41 | रैयती | टाड़ III | 0.050 | चन्द्रीका राम वो मुन्द्रीका राम वल्द केशव राम | | | | |
| 29 | 70 | 136 | रैयती | टाड़ II | 0.151 | कलावती देवी पति मुन्द्रीका राम वो रीना देवी पति श्यामबिहारी प्रसाद | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला....
........×.............. क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़..............×.............. यानि..............×.............. हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–.......×..............................................

जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 366334 Palamu (25-26)_D

# नशीले पदार्थों के उपयोग के विरुद्ध दिलाई गई शपथ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रभारी जिलाधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगाँठ के अवसर पर नशीले पदार्थों के उपयोग के विरुद्ध शपथ दिलाया गया। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं जिनका समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए, यह अत्यन्त महत्वपूर्ण हो जाता है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़े। देश के सामने नशा इस चुनौती को स्वीकार करते हुए आइए हम सब 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एकजुट होकर संकल्प लेते है कि न केवल हम समाज, परिवार, मित्र बल्कि हम स्वयं भी 'नशामुक्त रहेंगे', क्योंकि बदलाव की शुरुआत खुद से होती है। इस दौरान प्रभारी जिलाधिकारी के कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि आम नागरिक भी इस अभियान में ऑनलाइन के माध्यम से नशा मुक्ति से संबंधित शपथ ग्रहण कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है और क्यू आर कोड स्कैन कर सीधे ऑनलाइन शपथ ले सकते हैं। उन्होंने जिले वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन ऑफलाइन शपथ ग्रहण कर नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। जिलाधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज और देश की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे नशे के किसी भी रूप से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नशा-उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जनभागीदारी के माध्यम से स्वस्थ और सुरक्षित भारत के निर्माण को सुदृढ़ करना था। जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर नशा मुक्ति भारत को सफल बनाने हेतु आवाह्न किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों, शिक्षकों, एवं आम नागरिकों ने नशा-मुक्त समाज के निर्माण हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, डीपीओ आईसीडीएस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, आइटी मैनेजर, अधीक्षक मद्य निषेध सहित संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी आदि उपस्थित थे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, सिरदला का उपविकास आयुक्त ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** मंगलवार को उपविकास आयुक्त द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, सिरदला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपविकास आयुक्त ने विद्यालय के कार्यालय, शैक्षणिक भवन, छात्रावास एवं मेस का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता, भोजन व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण-संबंधी व्यवस्थाओं एवं समग्र प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय प्रशासन को आवश्यक निर्देश देते हुए गुणवत्ता सुधार एवं विद्यार्थियों के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही, छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं एवं मेस में खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की भी जांच की गई। उपविकास आयुक्त ने विद्यालय प्रशासन को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा छात्रों की शैक्षणिक प्रगति एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

# राज्य स्तरीय शूटिंग ओपन ट्रायल 2025-26 का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड के कल्याण बिगहा गांव स्थित इंडोर शूटिंग रेंज में मंगलवार को राज्य स्तरीय शूटिंग ओपन ट्रायल 2025-26 की शुरुआत हुई। राज्यभर से आए प्रतिभाशाली निशानेबाज इस दो दिवसीय चयन प्रक्रिया में भाग ले रहे हैं। ट्रायल के दौरान प्रतिभागियों की निशानेबाजी क्षमता, प्रतिक्रिया गति, स्थिरता और तकनीकी कौशल का मूल्यांकन किया जा रहा है। जिला खेल पदाधिकारी शालिनी प्रकाश ने बताया कि यह ट्रायल आगामी वर्ष के राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं के चयन हेतु आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा नालंदा जिला खेल के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इस ट्रायल से कई नए प्रतिभाशाली निशानेबाज सामने आएँगे, जिन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। युवा खिलाड़ियों को शूटिंग जैसे खेल में करियर बनाने का सुनहरा मौका मिल रहा है। उन्होंने रेंज की सुविधाओं और प्रशिक्षकों द्वारा दिए जा रहे तकनीकी प्रशिक्षण की भी सराहना की। ट्रायल के दौरान रेंज प्रभारी उमेश पासवान, प्रशिक्षक कौशल नौगरैया, निलेश कुमार सहित कई तकनीकी सहायक मौजूद रहे। आयोजन के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा पालन किया गया और खिलाड़ियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। आयोजन समिति के अनुसार, बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य टीम के लिए चयनित किया जाएगा, जिन्हें आगे विशेष प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# महिलाओं को दिया गया दस दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज बराह के पंचायत सरकार भवन स्थित शक्ति सलाह केंद्र कार्यालय में 35 महिलाओं को मशरूम का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण आगामी 10 दिनों तक चलेगा। इसमें शक्ति सलाह केंद्र से जुटी किशोरी और महिलाएं ही भाग ले रही है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बराह पंचायत के मुखिया सीता देवी के द्वारा किया गया। आरएसईटीआई केंद्र नूरसराय से चलकर आए प्रशिक्षक नीरज गुप्ता ने बताया कि मशरूम का प्रशिक्षण पाकर महिलाएं एवं किशोरिया आर्थिक रूप से सशक्त होगी और अपने पैरों पर खुद खड़ा होकर अपने सुंदर भविष्य का निर्माण करेगी। आरएस ई टीआई के फैसलिटेटर अंजुला कुमारी कुमारी ने बताया कि यह जिले के अंतर्गत पंचायत स्तर पर शक्ति सलाह केंद्र के प्रांगण में पहला कार्यक्रम है पहले यह कार्यक्रम आर एस ईटीआई केंद्र नूरसराय पर होता था। प्रशिक्षण में सीथ्रि के प्रखंड समन्वयक अंजनी कुमारी रौशन कुमार सहित प्रशिक्षणार्थि पुतुल देवी, सुचता कुमारी, पिंकी देवी सोनी देवी, रागिनी कुमारी, मोनी कुमारी, बबिता कुमारी, दर्पण देवी, ज्योति देवी, अमृता कुमारी, आरती देवी, कविता कुमारी, जूली देवी, कंचन कुमारी सहित 35 महिला किशोरियों ने भाग लिया।

# भैंस ले जा रही पिकअप जब्त, तीन को पुलिस ने हिरासत में लिया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** चोरी का भैंस ले जा रहे पिकअप वाहन को पुलिस ने जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने चंद्रदीप थाना के धरमपुर के राजेश कुमार यादव, हलसी थाना के सलेन्जा गांव के गुड्डू नट एवं जमुई जिला के मिर्जापुर के मो.फिरदौस को हिरासत में लेकर पूछताछ की। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी को पीआर बांड पर मुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में पकरीबरावां थाना के रोहुआ गांव निवासी दिनेश कृष्ण ने प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप लगाया गया है कि उसके भैंस की चोरी कर ली गई। पिकअप वैन से ले जाए जा रहे भैंसों में से एक चोरी हुई भैंस उसकी भी थी।

# रोटरी क्लब तथागत ने सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप का किया आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब तथागत बिहार शरीफ द्वारा महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन संत जोसेफ स्कूल में किया गया।

इस कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव संबंधी स्वास्थ्य परामर्श दिया गया तथा कुल 150 बच्चियों का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। परियोजना निदेशक रो. जोसेफ टी.टी. ने बताया कि यह वैक्सीन शरीर को एचपीवी के विभिन्न प्रकारों से लड़ने हेतु एंटीबॉडी बनने में सहायता करती है। छह माह पूर्व लगाए गए पहले डोज के बाद आज दूसरा डोज प्रदान किया गया। क्लब सचिव रो. मधु कंचन ने बताया कि यह वैक्सीन मुख्य रूप से 09 वर्ष से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए अनुशंसित है और यौन रूप से सक्रिय होने से पहले यह अत्यधिक प्रभावी होती है।

टीकाकरण कार्य एएनएम सुष्मिता कुमारी, मंजू कुमारी, सहयोगी पूजा कुमारी एवं रिंकू कुमारी के द्वारा किया गया। यह वैक्सीन बांह में एक इंजेक्शन के रूप में दी जाती है।

क्लब अध्यक्ष रो. परमेश्वर महतो ने कहा कि रोटरी क्लब तथागत सदैव समाजहित में स्वास्थ्य एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता आया है। इसी क्रम में यह महत्वपूर्ण पहल महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक सशक्त कदम है। कार्यक्रम में रो. संजीव कुमार, पूर्व अध्यक्ष रो. अशोक कुमार, इंट्रैक्ट क्लब के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

# फरार अभियुक्त अवैध हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना पुलिस ने एक बार फिर अपराध नियंत्रण की दिशा में प्रभावी कदम बढ़ाते हुए कांड संख्या 463/25 के फरार चल रहे वांछित अभियुक्त पृथ्वी राज यादव को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना पर थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम द्वारा की गई। सदर एसडीपीओ 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम रामडीहा में बालू के ढेर के पास झाड़ियों में छुपाकर रखा गया एक पॉलीथिन मिला। तलाशी के दौरान टीम ने एक लोहे का देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया। हथियारों को पुलिस ने मौके पर ही जब्त कर लिया। थाना अभिलेखों के अनुसार अभियुक्त पर नूरसराय थाना में कुल आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह थाना क्षेत्र के टॉप टेन अपराधियों में सूचीबद्ध है। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर अग्रेतर कार्रवाई कर रही है। छापामारी टीम में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार, पु.अ.नि. रमेश पासवान, मनोज कुमार पंडित शामिल थे।

# बाल उत्सव में बच्चों के बीच प्रतियोगिता आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय केशऔरी में मंगलवार को बाल अधिकार सप्ताह के तहत बाल उत्सव मनाया गया। एसबीआई संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स परियोजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम एसबीआई फाउंडेशन मुम्बई के सहयोग से किया गया। उत्थान शिक्षा समिति ने इसका आयोजन किया। परियोजना कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश कुमार राय, परियोजना समन्वयक संदीप कुमार पांडेय, चिकित्सक डॉ. गौरव कुमार एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पर्मिला कुमारी विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उदघाटन किया। परियोजना प्रबंधक ने बच्चों को शिक्षा का अधिकार एवं सुरक्षा का अधिकार की विस्तृत जानकारी दी। परियोजना समन्वयक ने अभिव्यक्ति का अधिकार एवं खेलने और खुश रहने का अधिकार पर चर्चा की। डॉ. गौरव कुमार ने पोषण और स्वास्थ्य का अधिकार की जानकारी दी। इस बीच बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराई गई। रंगोली प्रतियोगिता में सौभाग्या कुमारी प्रथम, सान्या द्वितीय एवं गोपी तथा गणेश को तृतीय पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। क्विज प्रतियोगिता में अंजली को प्रथम, रुनझुन को द्वितीय एवं राजलक्ष्मी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में अंजली को प्रथम स्थान मिला। इसके अलावा नृत्य सहित अन्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इधर, काजल, फ्रूटी एवं राजलक्ष्मी की संगीत की प्रस्तुति की लोगों ने काफी सराहना की। परियोजना प्रबंधक सहित अन्य के हाथों सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट गौतम कुमार, लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, रोहित कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, शिक्षक किशोरी कुमार, प्रमोद कुमार, पूजा कुमारी, मध्य विद्यालय केशऔरी के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुमन प्रसाद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# एमओ ने जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** मंगलवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अलका कुमारी ने जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ बैठक की। पकरीबरावां में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर ज्वाइन करने के बाद उन्होंने डीलरों के साथ पहली बैठक की। बैठक के पूर्व फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष नीरज कुमार राकेश एवं शशिकांत प्रसाद सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया। बैठक में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि रोस्टर के अनुसार सभी डीलर राज्य खाद्य निगम के गोदाम से अनाज का उठाव करेंगे। उन्होंने कहा कि वितरण का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करना है। इसमें किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। इस अवसर पर भरत पासवान, श्रीचंद पासवान, कपिलदेव यादव, जयनंदन प्रसाद, मनोज रजक, अविनाश रजक, गुड्डू कुमार, रंजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# इंटर विद्यालय कौआकोल में नशा मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** नशा मुक्ति दिवस पर मंगलवार को इंटर विद्यालय कौआकोल में प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा की देखरेख में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि सबसे पहले विद्यालय के स्कूली छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक किया गया। इसके बाद जागरूकता रैली व प्रभात फेरी भी निकाली गई। वहीं स्कूली बच्चों को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। जबकि विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच रंगोली एवं लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक ऊदल कुमार,सौरभ, अंशु,रुपा आदि मौजूद रहे।

# पदाधिकारियों, पुलिस बल व कर्मियों को दिलाई गई नशा मुक्ति शपथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर 18 नवम्बर 2025 को समाहरणालय, नवादा परिसर में जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के आदेश के आलोक में पदाधिकारियों, पुलिस बल एवं कर्मियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

समाहरणालय परिसर में आयोजित इस संक्षिप्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने एकजुट होकर नशामुक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राज कुमार सिन्हा के द्वारा उपस्थित सभी को निम्नलिखित शपथ संदेश पढ़कर शपथ ग्रहण कराई गई। प्रिय साथियों, युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एकजुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएँगे, क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने ज़िले/राज्य/देश को नशामुक्त कराने का दृढ़ निश्चय करें। मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि अपने देश को नशामुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करूंगा/करूंगी।

जय हिन्द।। प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा अमरनाथ कुमार ने बताया कि नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आम नागरिक ऑनलाइन शपथ ग्रहण कर प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं,क्यूआर कोड के माध्यम से सीधे ऑनलाइन शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं के अधिकारी, कर्मी, पुलिस बल एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# डॉ. स्वर्गेश बने टी.एस.कॉलेज, हिसुआ के नए वित्तेक्षक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित महाविद्यालय टी.एस. कॉलेज, हिसुआ के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ .स्वर्गेश कुमार को सोमवार को मगध विश्वविद्यालय के द्वारा वित्तेक्षक नियुक्त किया गया। मंगलबार को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने डॉ. स्वर्गेश कुमार को पुष्प गुच्छ देकर पदभार ग्रहण करने उपरांत बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों ने डॉ स्वर्गेश कुमार को माला पहनाना कर बधाई दी। डॉ.स्वर्गेश कुमार का वित्तेक्षक का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। डॉ स्वर्गेश कुमार के वित्तेक्षक नियुक्त होने पर पूरे महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है, प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने डॉ.स्वर्गेश कुमार को पद ग्रहण के बाद उन्हें कर्तव्य निष्ठता से कार्य करने तथा महाविद्यालय के विकास में सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्य करने को कहा। डॉ स्वर्गेश कुमार ने अपने संबोधन ने हमेशा शिक्षक एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एन.सी.सी. पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे, डॉ. पूनम भारती, डॉ. अमरदीप अंभोरे, डॉकुमारी सुधा देवी,डॉ. नागेंद्र दास, डॉ संजय कुमार चौहान,डॉ. शंभूनाथ प्रभाकर, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ.पूनम कुमारी,डॉ.अंजलि कुमारी, डॉ.कुमारी प्रतिभा सिंह, डा चंदन कुमार सिंह, डॉ. दिव्या पण्डेय, डॉ चंद्रशेखर शांडिल्य को बधाई दी।

# बच्चों व शिक्षकों ने नशामुक्ति का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय बुधौली में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने मंगलवार को नशा मुक्त बिहार बनाने के लिए शपथ लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ.दिनेश कुमार एवं विद्यालय के प्लस टू के शिक्षक डॉ. रंजन आर्य ने कहा कि बिहार और खुशहाल परिवार केवल एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है। हमें इसे अपने जीवन में अपनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना है। यह तभी संभव है जब समाज के हर व्यक्ति की सोच बदले और सब मिलकर नशे के विरुद्ध आवाज़ उठाएं। इस अवसर पर शिक्षक मदन मोहन प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, विद्यानंद चौरसिया, अरविंद कुमार, अजीत कुमार, धीरज कुमार विश्वकर्मा, सुनील कुमार, डॉ. विजय दास, महेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। इधर, प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलनी, उच्च माध्यमिक विद्यालय अंजुनार में भी बच्चों एवं शिक्षकों ने नशामुक्ति की शपथ ली।


**न्यायालय उप समाहर्त्ता भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर, पलामू।**

**नोटिस**

**भू–हदबंदी वाद सं0–10/2010–11**
**(लाखो देवी बनाम अनारकली देवी एवं अन्य)**
**नोटिस बनाम :–**

**1.श्रीमती अनारकली देवी,पति–श्री किशुनचन्द्र राम,ग्राम–ओरिया कला, पो0–गुरूआ,था0–लेस्लीगंज।**

एतद द्वारा सूचित करना है कि माननीय राजस्व पर्षद, झारखण्ड रॉची द्वारा रिवीजन वाद सं0–43/2015 में दिनांक–28.02.2018 को पारित आदेश की छायाप्रति संलग्न करते हुए उपरोक्त वाद की भूमि का आवेदिका श्री लाखो देवी के पक्ष में केवाला निबंधित करने हेतु दिनांक– 27.02.2025 को सूचना निर्गत की गयी थी परन्तु आपके द्वारा अभी तक आवेदिका के पक्ष में केवाला निष्पादित नहीं किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रश्नगत भू–हदबंदी वाद की भूमि का आवेदिका श्रीमती लाखो देवी,पति श्री रामलाल यादव के पक्ष में दिनांक 27.11.2025 तक केवाला निबंधित करना सुनिश्चित करें अन्यथा न्यायालय की ओर से आवेदिका के पक्ष में केवाला निबंधित कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद जानें।

उप समाहर्त्ता,
भूमि सुधार सदर मेदिनीनगर।

PR 366236 (District) 25-26 (D)

# स्पष्टीकरण 24 घंटे के अन्दर उपस्थित होकर देना सुनिश्चित करें : एसडीओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के शेरघाटी अनुमंडलाधिकारी सह अनुमण्डलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मनीष कुमार ने आमस सीओ से भूमि अतिक्रमण से संबंधित मामलो में गठित अतिक्रमणवाद में निवारणोपरान्त कृत कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराये जाने के विरूद्ध स्पष्टीकरण समर्पित करने का आदेश दिया है। उनके द्वारा आमस सीओ को पत्र भेजते हुए निर्देशित किया गया है कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 अन्तर्गत लोक भूमि अतिक्रमण से संबंधित मामलों में आपके स्तर से अतिक्रमण वाद गठित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाता है। फलस्वरूप उक्त वाद का निष्पादन कर दिया जाता है, किन्तु अतिक्रमण वाद गठित होने के उपरांत उक्त मामला अतिक्रमण अनुश्रवण की श्रेणी में आ जाती है जो कि ऑनलाइन पोर्टल पर वर्तमान में भी लम्बित प्रदर्शित हो रहा है। प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि परिवादियों के द्वारा आमस अंचल अन्तर्गत बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 अन्तर्गत लोक भूमि से संबंधित मामलो में अंचल स्तर पर गठित अतिक्रमण के आलोक में पारित अंतिम विनिश्चय की प्रति के साथ तथा उक्त आदेश के आलोक में कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण सरकारी कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं जो अत्यंत ही खेदजनक तथा चिंता का विषय है। विदित हो कि आमस अंचल अन्तर्गत कुल-11 ऐसे मामले हैं जिसमें अतिक्रमण वाद संधारित होने की स्थिति में परिवादों को निष्पादन कर दिया गया है तथा विभागीय आदेशानुसार परिवादियों को अंचल कार्यालय में संधारित अतिक्रमण वाद में अपना पक्ष रखने का आदेश दिया गया है, किन्तु लगभग 04-05 वर्ष के अवधि बितने के उपरांत भी उक्त गठित अतिक्रमण वाद में कोई कार्रवाई नहीं किया गया अथवा कृत कार्रवाई का प्रतिवेदन अप्राप्त है।

एसडीओ-सह-अनुमण्डलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने कहा कि आपका ऐसा कृत्य इंगित करता है कि आप बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 अन्तर्गत दायर परिवादों के निवारण हेतु इच्छुक नहीं है। आपका यह कृत्य बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के मूल भावना के प्रतिकुल है। साथ ही बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के विरूद्ध है। क्यों नहीं आपके उक्त कृत्य के लिए अपर मुख्य सचिव-सह-मिशन निदेशक, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी, बिहार, पटना के पत्राक, दिनांक के आलोक में प्रपत्र 'क' गठित कर नियंत्री पदाधिकारी को भेज दी जाय। उक्त आशय से संबंधित स्पष्टीकरण 24 घंटे के अन्दर भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करें अन्यथा आपके विरुद्ध विभागीय निदेशानुसार प्रपत्र-क गठित कर नियंत्री पदाधिकारी को भेज दी जायेगी।

# गया शहर में लगातार जाम से लोग परेशान

## प्रेम सागर ने तत्काल कार्रवाई की मांग की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहर में बढ़ती जाम की समस्या ने आम जनता की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार द्वारा लगातार जिला प्रशासन को निर्देश दिए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। इसी गंभीर समस्या को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता प्रेम सागर ने जिला प्रशासन से तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन लगने वाला जाम शहरवासियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। कचहरी, सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, डॉक्टर क्लीनिकों, स्कूल-कॉलेजों समेत महत्वपूर्ण संस्थानों में समय पर पहुंचना लोगों के लिए चुनौती बना हुआ है। प्रेम सागर ने बताया कि जाम के कारण मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते, कर्मचारी कार्यालय में देरी से पहुंचते हैं और आम नागरिकों की दिनचर्या लगातार बाधित हो रही है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को तत्काल एक विशेष कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारू किया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर में विशेष आरक्षी बल या स्पेशल ट्रैफिक टास्क फोर्स की नियुक्ति की जाए, जो प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगातार निगरानी रख सके। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। युवा नेता ने वन-वे ट्रैफिक सिस्टम को सख्ती से लागू करने और उल्लंघनकर्ताओं पर कठोर कार्रवाई की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही उन्होंने सड़क किनारे अनियंत्रित पार्किंग पर तुरंत रोक लगाने तथा सड़क मार्गों को अवरुद्ध करने वाली बाधाओं को दूर करने की मांग की। ताकि यातायात निर्बाध रूप से चलता रहे। अंत में प्रेम सागर ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि शहर की जाम समस्या को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिले और गया शहर की छवि में सुधार हो।

# दो बंद घरों में चोरी, दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के गुरारू थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दो बंद घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला सरेवा गांव का है जहां निवासी दीपक कुमार सिंह के बंद घर का मुख्य गेट और चार कमरों के ताले टूटे मिले। दीपक कुमार, जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश के चंदौली में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, को 14 नवंबर की सुबह पड़ोसी ने मोबाइल पर चोरी की सूचना दी। दीपक कुमार ने बताया कि उनके घर में यह तीसरी चोरी है। इससे पहले 23 मार्च 2021 और 28 अगस्त 2025 को भी चोरी की घटनाएं हो चुकी है। इस बार लाखों रुपए का सामान गायब है। उन्होंने गुरारू थाना और एसएसपी कार्यालय, गया में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घर में बिखरा सामान तथा उखाड़ा गया सीसीटीवी कैमरा बरामद किया। दूसरा मामला पहाड़पुर गांव का है। यहां मधुबनी में रह रहीं उर्मिला देवी के बंद घर का ताला चोरों ने तोड़ दिया जब उर्मिला देवी रात में गांव लौटीं तो उन्होंने देखा कि सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोर उनके घर से सोने का हार, झुमका, चेन, मंगलसूत्र, चांदी के पायल-बिछिया, सिक्के और 30 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए।

# प्रेम प्रसंग के शक में युवक की धारदार हथियार से हत्या

## हत्या कर शव को कुआं में फेंका, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के बनिया बराउन गांव में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रिटायर्ड चौकीदार रामविलास पासवान के पुत्र सरवन पासवान के रूप में हुई है। हत्या के बाद शव को मोइनुद्दीनपुर गांव के समीप एक सूखे कुएं में फेंक दिया गया था। सोमवार सुबह घटना सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार हत्या का कारण अवैध संबंध का शक बताया जा रहा है। प्रभारी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने जानकारी दी कि मृतक सरवन पासवान के गांव की ही नीरू देवी के साथ कथित अवैध संबंध थे। इसी संदेह में नीरू देवी के ससुर तिरू मांझी, कमलेश मांझी और लक्ष्मण मांझी ने मिलकर सरवन पासवान पर टांगी से हमला किया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से आरोपियों ने शव को एक पुराने सूखे कुएं में फेंक दिया। सूचना मिलने पर शेरघाटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से कुएं से शव बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार भी जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है और लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द ही कानून के शिकंजे में लाया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार जिस महिला को लेकर यह विवाद हुआ, उसके चार बच्चे हैं और मृतक सरवन पासवान के भी चार बच्चे बताए जाते हैं। इन संबंधों को लेकर गांव में कई दिनों से तनाव और चर्चा का माहौल था, लेकिन किसी को इस बात का अंदेशा नहीं था कि मामला हत्या तक पहुंच जाएगा। इस जघन्य घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

# वाहन जांच के दौरान 12 लीटर अवैध शराब बरामद, युवक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गयाजी।** बहेरा थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। थाना गेट पर नियमित वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को 12 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा। गिरफ्तार युवक की पहचान दिनेश कुमार (उम्र लगभग 30 वर्ष), पिता स्व. बालेश्वर यादव, सा. कर्मौनी, थाना-डोभी, जिला-गया के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उक्त नामित व्यक्ति से 6 लीटर बीयर एवं 6 लीटर विदेशी शराब बरामद की। बरामदगी के बाद पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में लेते हुए आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की और न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराबबंदी उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार वाहन जांच और छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी कार्रवाई और तेज की जाएगी।

# होटल मैनेजर पर अश्लील वीडियो भेजने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला ने होटल मैनेजर रवि कुमार पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। मानपुर निवासी महिला ने बताया कि मैनेजर उसके साथ आपत्तिजनक हरकतें करता था। पीड़िता के अनुसार मैनेजर रवि कुमार उसके वॉट्सऐप पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेजता था। वह इन्हें कुछ देर बाद डिलीट कर देता था, ताकि कोई सबूत नहीं बचे। महिला ने शुरुआत में इन हरकतों को अनदेखा किया। हालांकि मैनेजर की हरकतें बढ़ने पर महिला ने विरोध करने का फैसला किया। उसने बताया कि विरोध करने पर मैनेजर ने उसे धमकाने की भी कोशिश की। इससे परेशान होकर महिला ने नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट से संपर्क किया। ट्रस्ट ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। संस्था ने पीड़िता को हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराई। नेशनल ह्यूमन राइट्स ट्रस्ट के सचिव गणेश सिंह ने कहा कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कोतवाली पुलिस से मामले की गंभीर जांच की मांग की है। ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और दोषियों पर कार्रवाई हो। श्री सिंह ने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ने पर वे इस मामले को राज्य स्तर तक ले जाएंगे। पुलिस ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है और प्रारंभिक पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और डिजिटल सबूतों की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने निष्पक्ष और तथ्यों के आधार पर जांच का आश्वासन दिया है। कोतवाली थाना के एसआई विनोद कुमार ने आवेदन मिलने के बाद होटल पर जाकर पूछताछ की है। इस घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में होटल और अन्य कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चर्चा तेज हो गई है। मामले की आगे की कार्रवाई पुलिस जांच रिपोर्ट पर निर्भर करेगी।

# एनडीए की प्रचंड जीत पर मदरसा छात्रों को कराया गया सामूहिक भोज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच-गया-गोह मुख्य मार्ग स्थित माना बीघा के मदरसा में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और एनडीए की बिहार में प्रचंड जीत पर छात्रों के बीच सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुन्नी वक्फ बोर्ड एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष जमीलू रहमान ने की। जमीलू रहमान ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए विकास कार्यों और सुशासन की नीतियों के कारण बिहार की जनता ने एक बार फिर एनडीए पर भरोसा जताया है। इसी खुशी में मदरसा के छात्रों के बीच मिठाई बांटी गई और सामूहिक भोज कराया गया। इस दौरान छात्रों ने भी नीतीश कुमार के पुनः मुख्यमंत्री बनने की दुआ की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बीस सूत्री सहित मोईन अंसारी, मोहम्मद रवानी, मोहम्मद रियाज, मोहम्मद नेयाज, मो. खालिद समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# दबंगों का रात में तांडव, दंपती पर हमला, महिला के साथ अभद्रता, पति जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** बार गांव में एक दंपती पर दबंगों द्वारा किए गए हमले से गांव में दहशत का माहौल है। पीड़िता पिंकी देवी ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि 17 नवंबर की रात करीब 8 बजे जिद्दी सिंह, बिट्टू सिंह और भोला सिंह हथियारों से लैस होकर उनके घर पहुंचे। पीड़िता के अनुसार आरोपी पहले जोर-जोर से दरवाजा धक्का मारकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। पूछने पर उन्होंने गाली-गलौज किया। जैसे ही दरवाजा खोला गया, तीनों जबरन घर के अंदर घुस आए और लाठी-डंडे व हथियारों से हमला करना शुरू कर दिया। पिंकी देवी का कहना है कि आरोपियों ने घर में रखे कपड़े और अन्य सामान भी बर्बाद कर दिया। हमले में उनके पति कारू सिंह बुरी तरह घायल हो गए। आरोप है कि तलवार से उनके सिर पर वार किया गया जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। महिला ने यह भी बताया कि आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए बदतमीजी की जिससे पूरा परिवार भयभीत है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस से सुरक्षा और न्याय की मांग की है। मामले पर प्रभारी थानाध्यक्ष मोहन कुमार का कहना है कि शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस टीम को जांच में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच चल रही है और दोषी पाए जाने पर सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाएगी।


## शपथ पत्र

मैं सोहैला खातुन पति सय्यद इरफान अहमद, सा.- टिकरी रोड, अली नगर, वार्ड न. 11, पो.+ थाना-नगर, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं । यह कि केवाला न. 15835, दिनांक 10/12/89 को उपरोक्त पते पर 01 कट्ठा जमीन खरीद कर एक तला पक्का मकान बनाकर रहती हूं। मेरा पुत्र मो. सैफुल्ला को बुरी संगती में पड़ने के कारण एवं मेरे एवं अन्य परिवार के सदस्यों के द्वारा समझाने के बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा है। फलस्वरुप समाज में बदनामी हो रही है। इस कारण मैं अपनी सम्पूर्ण चल एवं अचल सम्पति से बेदखल कर रही हूं। फलस्वरुप उससे मेरा कोई संबंध या सरोकार नहीं रहा है और न हीं भविष्य में रखूंगी तथा वो अपने कार्य के लिए स्वयं (सैफुल्ला) उत्तरदायी होगा। शपथ पत्र सर्वजन को सूचित हेतु कर रही हूं।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 5592 दिनांक 18.11.25

**शपथकर्ता**
**सोहैला खातुन**

## शपथ पत्र

मैं पीयूष प्रभाकर पिता श्री अनिल दत्त सिन्हा ग्राम-भरूब, पो.-भरूब, थाना-ओबरा जिला-औरंगाबाद (बिहार) का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। यह कि दिनांक 01-10-2025 को भरूब से औरंगाबाद बस द्वारा जाने के क्रम में सदीपुर ओबरा के बीच में मेरे बैग किसी यात्री द्वारा उतार लिया गया, मेरे बैग में मैट्रिक, इंटरमिडिएट, बी टेक एवं एम ई का सभी सेमेस्टर / वर्ष का MARKSHEET, DEGREE CERTIFICATE, MIGRATION CERTIFICATE एवं CHARACTER CERTIFICATE गुम हो गया।

मैंने अपना बैग काफी खोजबीन किया, लेकिन नहीं मिल सका। सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र खो जाने के लिए यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं ताकि ओबरा थाना में सन्हा दर्ज हो सके।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 801 दिनांक 09.10.25

**शपथकर्ता**
**पीयूष प्रभाकर**


# नगर आयुक्त की पहल पर शहर में क्लॉक टॉवर फिर से चालू, किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नगर आयुक्त कुमार अनुराग द्वारा मंगलवार को शहर के क्लॉक टावर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि ये एक ऐतिहासिक क्लॉक टावर है जो गया जी शहर का पहचान भी है और साथ हीं साथ गया नगर निगम का लोगो भी है। ये कई वर्षो से जीर्ण शीर्ण अवस्था में था। इसे प्रोजेक्ट के रूप में लेकर इसके जीर्णोद्धार का कार्य निगम द्वारा पिछले तीन माह में करवाया गया है। यह परियोजना पूर्ण हो चुकी है एवं अब इस क्लॉक टावर की आवाज फिर से गूंज रही है। इसके जीर्णोद्धार में इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी भी तरह से इस ऐतिहासिक धरोहर में मूल परिवर्तन नहीं हो। ब्रिक कट डिजाइन में इसको बनवाया गया है जिसके कारण एक एक ईंट को पुनः तराशा गया है। इसमें डिजिटल साउंड सिस्टम के माध्यम से हर घंटे क्लॉक टॉवर के द्वारा घंटे की आवाज से राह चलते राहगीरों के लिए आवाज देती है। इसमें कुल 84 लाइट भी लगाई गई है। नगर निगम के स्थापना सप्ताह को ध्यान में रखते हुए क्लॉक टॉवर की तिरंगे रंग की लाइटिंग रखी गई है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि इस तरह के कई महत्वपूर्ण योजना निगम की ओर से करवाया जा रहा है जिस से शहर की पहचान और मजबूत हो। जय प्रकाश झरना जिसमें जंगल झार लगा रहता है उसका भी जीर्णोद्धार कराया गया है एवं अब वह सेल्फी प्वाइंट के रूप में तब्दील हो चुका है। नगर आयुक्त ने ये भी अपील की है कि इसमें गया वासियों के सहयोग की सबसे ज्यादा अपेक्षा है क्योंकि ये सारी परियोजना सार्वजनिक स्थलों में कराई जा रही है। यहां पर कई बार समस्या यह आती है कि सार्वजनिक स्थान में होने के कारण लाइट्स वगैरह लोगों के द्वारा या तो नष्ट कर दिया जाता है या चुरा लिया जाता है। नगर आयुक्त ने बताया कि अभी तक दो से तीन बार जयप्रकाश झरना का लाइट्स बदला जा चुका है क्योंकि उसकी लाइट्स को कई बार असामाजिक तत्व द्वारा चोरी कर ली गई है। इसके साथ ही मानपुर बाईपास ब्रिज पर पितृपक्ष के समय तिरंगा स्ट्रीप लाइट लगाई गई थी। इसके केबल को भी असामाजिक तत्वों द्वारा काट दिया गया है। इससे परियोजना का कॉस्ट तो बढ़ता हीं है। साथ ही शहर की छवि भी खराब होती है। इसलिए नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि इसमें शहरवासियों से सहयोग की अपेक्षा है। हर चीज में प्राथमिकी करवाना एवं कानूनी कार्रवाई करना स्थायी समाधान नहीं है क्योंकि हमें प्रथम दौर में प्रयास करना चाहिए कि ऐसी कोई स्थिति हीं उत्पन्न न हो।

# सीयूएसबी में महिला नेतृत्व विकास एवं सशक्तिकरण पर रिसर्च स्कॉलर्स मीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय में महिला-नेतृत्व विकास एवं सशक्तिकरण विषय पर सीयूएसबी का तीसरा रिसर्च स्कॉलर्स (शोधार्थी सम्मेलन) आयोजित मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम सीयूएसबी के अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय (ओआईए) और अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ (आरएंडडी) द्वारा विकासशील देशों के लिए अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली (आरआईएस), नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सिक्किम विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वीनू पंत (इतिहास विभाग) ने यूरोपीय इतिहास और भारतीय दार्शनिक परंपराओं के दृष्टिकोणों को एकीकृत करके एक बेहतर दुनिया के लिए महिला-नेतृत्व विकास के विकास पर अपने विचार प्रस्तुत किए। यूरोप से शुरुआत करते हुए वक्ता ने महिलाओं के संपत्ति अधिकारों और मताधिकार आंदोलनों के शुरुआती संघर्षों से लेकर 19वीं और 20वीं शताब्दी में नारीवादी विचारों के उदय तक, प्रमुख मील के पत्थरों का उल्लेख किया। अपने संबोधन में प्रोफेसर वीनू पंत ने महिला विकास पर अपने विचार साझा करते हुए महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बदलाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे समाज का निर्माण करना चाहिए जहां महिलाओं को कल्याण की प्राप्तकर्ता के रूप में देखा जाता है। उन्होंने महिलाओं के आर्थिक विकास, सामुदायिक कल्याण और सामाजिक प्रगति को गति देने वाली प्रमुख आयामों की ओर बदलाव पर जोर दिया। अध्यक्षीय भाषण में सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने आयोजन समिति और प्रतिभागियों की शोध और नवाचार के प्रति समर्पण की सराहना की और शोधार्थियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई।


## पलामू समाहरणालय
## प्रपत्र VII
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**संख्या :–1131 F भू0अ0, पलामू, दिनांक :–14.11.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **कुटी से हुटार भाया रामगढ़, (ब्लॉक हेड क्वॉटर) पथ (कुल लंबाई–24.100 कि0मी0) पथ का मजबूतीकरण और पुर्ननिर्माण कार्य परियोजना / प्रयोजन निर्माण** हेतु ग्राम– उलडंडा, थाना– चैनपुर, थाना सं0– 150 अंचल– चैनपुर, जिला– पलामू, में कुल रकबा– 2.919 एकड़ यानि हे0 1.1813 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 2.919 एकड़ यानि 1.1813 हेक्टेयर है और जो ग्राम– सरजा, थाना– चैनपुर, थाना सं0– 85, अंचल– चैनपुर, जिला– पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है।

**ग्राम–उलडंडा, थाना सं0– 150, कुल रकबा–2.919 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 4 | 182 | रैयती | टाड़–3 | 0.232 | गोविन्द सिंह पिता दोदल सिंह | | | | |
| 2 | 4 | 183 | रैयती | टाड़–3 | 0.148 | 1. सुभागी देवी पति रामनाथ प्रसाद माया देवी पति रामराज प्रसाद सोनी 2. गुलाब साव पिता नन्दकेश्वर साव | | | | |
| 3 | 4 | 166 | रैयती | टाड़–2 | 0.179 | 1. रोअन मांझी पिता देनी मांझी 2. महाबीर साव पिता मुनेश्वर साव 3. किरण देवी पति रामचन्द्र प्रजापति | | | | |
| 4 | 32 | 164 | रैयती | – | 0.091 | अज्ञात | | | | |
| 5 | 1 | 156 | बकास्त | टाड़–3 | 0.835 | 1. सलिता देवी पति शेकर प्रजापति 2. जगदीश मांझी पिता भगवान मांझी 3. जगदीश मांझी पिता भगवान मांझी 4. रामवृक्ष मांझी पिता टहल मांझी 5. नरेश राम पिता सर्वजीत राम 6. पमुनी साव पिता चौधरी साव 7. सुनीता देवी पति प्रमेश्वर सोनी | | | | |
| 6 | 1 | 154 | बकास्त | टाड़–3 | 0.023 | अज्ञात | | | | |
| 7 | 1 | 105 | बकास्त | – | 0.021 | अज्ञात | | | | |
| 8 | 1 | 152 | बकास्त | टाड़–3 | 0.746 | 1.नैमुन बीबी पति इस्माईल मिंया 2 सुरज साव वो कृष्णा साव पिता बनारसी साव 3. हजारी साव पिता बनारसी साव 4. कृष्णा साव पिता राजकुमार साव | | | | |
| 9 | 44 | 413 | रैयती | – | 0.068 | अज्ञात | | | | |
| 10 | 44 | 149 | रैयती | धान–3 | 0.121 | अज्ञात | | | | |
| 11 | 44 | 329 | रैयती | धान–3 | 0.041 | अज्ञात | | | | |
| 12 | 14 | 332 | रैयती | धान–3 | 0.080 | विभिछन उरांव पिता रति उरांव | | | | |
| 13 | 7 | 333 | रैयती | टाड़–2 | 0.231 | बोडरी उरांव वगै0 | | | | |
| 14 | 6 | 366 | रैयती | टाड–2 | 0.103 | ईस्माईल मिंया पिता जुमन उरांव | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना............×........... थाना सं0.............×.............. अंचल...........×.............जिला..........×............... क्षेत्रफल .............×............. एकड़.................×................ यानि..............×............ हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–.......×..........

**जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।**

PR.NO.366327 Palamu(25-26):D

संपादकीय

# बिहार विजय में एमपी का योगदान

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए और भाजपा की प्रचंड जीत में मप्र के भाजपा नेताओंका भी अहम योगदान है। एमपी से कुल 75 भाजपा नेता मैदान में उतारे गए थे और सभी ने अपने अपने पिचों पर जबर्दस्त बैटिंग करते हुए भाजपा को राज्य में नंबर वन पार्टी बना दिया। हालांकि प्रचार तो बिहार में मप्र के कांग्रेस नेताओं ने भी किया, लेकिन नतीजा शून्य रहा। जबकि भाजपा का परफार्मेंस जबर्दस्त रहा और मप्र के बीजेपी नेताओं ने वहां भी अपना संगठन कौशल दिखाया। इस टीम एमपी के सरताज थे राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव। मोहन यादव को बिहार की कुल 26 सीटों पर चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इनमें से कई यादव बहुल थीं। इनमें से 21 सीटों पर भाजपा ने जीत का परचम फहरा दिया। मोहन यादव ने भाजपा ही नहीं, एनडीए के दूसरे घटक दलों के प्रत्याशियों का भी प्रचार किया। लक्ष्य एक ही था कि राजद के यादव बैंक में सेंध लगाना। वैसे भाजपा ने डॉ.मोहन यादव को बिहार में चुनाव से पहले ही सक्रिय कर दिया था। वो राजनीतिक के साथ सामाजिक कार्यक्रमों में भी भाग ले रहे थे। चुनाव प्रचार के दौरान डॉ. मोहन यादव ने लगभग आधे बिहार में 28 सभाएं और रोड शो किए। इसी प्रकार केन्द्रीय मंत्री व मप्र के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी जिन सात सीटों पर प्रचार किया, उन सभी पर जीत मिली। पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र और मौजूदा खेलमंत्री विश्वास सारंग ने जिन 6-6 सीटों पर प्रचार किया, वो सभी भाजपा की झोली में गई। पार्टी ने मप्र से सांसद व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश के संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा और प्रदेश प्रभारी डा. महेंद्र सिंह सहित अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं को बिहार भेजा था। इन्होंने सभा, रोड शो के साथ बूथ प्रबंधन का काम किया। विष्णु दत्त शर्मा को 19 विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी दी थी। इनमें से 17 पर एनडीए को जीत मिली। हितानंद और डा. महेंद्र सिंह को तिरहुत और मिथिला क्षेत्र की 58 सीटों की जिम्मेदारी दी गई थी। नतीजा रह रहा कि तिरहुत क्षेत्र की 28 में से 26 और मिथिला की 30 में से 24 सीटें एनडीए ने जीत लीं। वीडी शर्मा ने पटना-बेगूसराय में सीटें जीतकर 89.5त्न का धमाकेदार स्ट्राइक रेट पेश किया। पटना और बेगूसराय जैसे बेहद कठिन मैदानों पर शर्मा ने लगभग एक महीने तक डेरा डालकर बूथ मैनेजमेंट किया और महागठबंधन से भी 8 सीटें छीनकर एनडीए के खाते में डाल दीं। इसी तरह अरविंद भदौरिया (गोपालगंज), अनिल फिरोज़िया (गया), गजेन्द्र पटेल (खगड़िया), डॉ. केपी यादव (समस्तीपुर) लगातार रन बनाते रहे। गौरतलब है कि भाजपा ने इस चुनाव में बिहार को प्रचार की दृष्टि से पांच ज़ोन में बांटा था। सबसे बड़ा ज़ोन मिथिला-तिरहुत जहां मध्यप्रदेश के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह के नेतृत्व में एमपी की टीम को सौंपा गया था। उधर कांग्रेस ने मप्र से दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी जैसे दिग्गज भेजे जरूर, लेकिन उनकी बैटिंग में जान नहीं दिखी। चुनाव नतीजों के बाद दिग्विजयसिंह ने तो आरोप लगाया कि पूरा खेल वोटर लिस्ट और ईवीएम का था। एसआइआर का खेल हो गया, जैसा कि मेरा शक था, वही हुआ। 62 लाख वोट कटे। 20 लाख जुड़े, उसमें से पांच लाख बिना एसआइआर फार्म भरे ही बढ़ा दिए गए। अधिकतर वोट गरीब, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के काटे गए। ईवीएम पर तो शंका बनी हुई है। आश्चर्य की बात यह थी कि जब बिहार में चुनाव प्रचार शबाब पर था, उस वक्त कांग्रेस मध्यप्रदेश में नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को पचमढ़ी में प्रशिक्षण दे रही थी, बजाए इसके कि इन नेताओं को बिहार में चुनाव प्रचार में लगाया जाता।

# प्रचंड जनादेश का अर्थ और सन्देश



**सुमन कुमार झा**

बिहार के 2025 के विधानसभा चुनाव राज्य की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ साबित हुए। इस चुनाव ने साफ़ संकेत दिया कि बिहार के मतदाता अब पारंपरिक जातिगत गणनाओं और पुरानी गठबंधन-राजनीति से आगे बढ़ चुके हैं। मतदाता अब स्थिर नेतृत्व, भरोसा और विकास-आधारित राजनीति को तरजीह देने लगे हैं। यही कारण रहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने न केवल शानदार जीत हासिल की, बल्कि पूरे चुनावी परिदृश्य पर अपना भारी प्रभाव भी दर्ज कराया।

243 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए ने लगभग 202 सीटों पर जीत दर्ज किया। इसमें भाजपा को लगभग 89 सीटें और जदयू को 85 सीटें मिलीं, जबकि शेष सीटें लोजपा (रा), रालोमो को 04 और हम को 05 सीट प्राप्त हुईं। यह परिणाम केवल बहुमत नहीं था, बल्कि लगभग तीन-चौथाई सीटों पर विजय का ÷प्रचण्ड बहुमत÷ था। वोट शेयर की दृष्टि से भी एनडीए प्रभावशाली रहा। उसे 46.52त्न वोट मिले, जबकि महागठबंधन 37.64त्न पर सिमट गया। मतदान दर बढ़कर 67.1त्न तक पहुँच गई, जिसने चुनाव को और अधिक प्रतिस्पर्धी और निर्णायक बनाया। बढ़े हुए मतदान ने संकेत दिया कि नए, सक्रिय और एजेंडा-आधारित मतदाता बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचे।

एनडीए का सीट आवंटन उसके आंतरिक संतुलन और रणनीति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भाजपा और जदयू दोनों को 101ङ्क101 सीटें दी गई, जबकि लोजपा (रा) को 29, रालोमो को 6 और हम को 6 सीटें मिलीं। यह वितरण केवल राजनीतिक समझौता नहीं था, बल्कि एक व्यापक सामाजिक-समीकरण को साधने वाला सुविचारित फॉर्मूला था। एनडीए ने विभिन्न जातीय, क्षेत्रीय और सामाजिक समूहों को अपने गठबंधन में संतुलित रूप से शामिल किया। खासकर लोजपा (रा) और रालोमो जैसी पार्टियों की वापसी ने एनडीए को ज़मीनी स्तर पर मजबूती दी। इन दलों के शामिल होने से पहले जो वोट बंट जाते थे, अब वे एकजुट होकर एनडीए के पक्ष में गए। कुशवाहा, पासवान और अन्य प्रभावी समुदायों के वोट का एकत्रीकरण एनडीए के लिए निर्णायक साबित हुआ।

इस चुनाव में एनडीए ने केवल मतों की लड़ाई ही नहीं लड़ी, बल्कि ÷भरोसे÷ का माहौल तैयार किया। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की दीर्घकालीन उपस्थिति, प्रशासनिक अनुभव और स्थिर नेतृत्व की छवि मतदाताओं के बीच विश्वास का आधार बनी रही। वहीं, केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव, राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं के लाभ और भाजपा की संगठनात्मक क्षमता ने पूरे गठबंधन को मजबूती दी।

महागठबंधन की तुलना में एनडीए अधिक संगठित और निर्णयात्मक नज़र आया। जदयू और भाजपा ने चुनाव में एकजुट संदेश दिया कि गठबंधन स्थिर और सक्षम है। यह संदेश खासकर उन मतदाताओं पर प्रभावी रहा जो राजनीतिक स्थिरता को विकास के लिए आवश्यक मानते हैं। दूसरी ओर, महागठबंधन में आंतरिक असहमतियाँ, सीट बंटवारे की खींचतान, और नेतृत्व को लेकर अस्पष्टता ने मतदाताओं में विश्वास की कमी पैदा की।

एनडीए की चुनावी रणनीति का मूल आधार ÷विकास÷ था। बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली-पानी, कानून-व्यवस्था और रोज़गार लंबे समय से प्रमुख मुद्दे रहे हैं। एनडीए ने इन मुद्दों पर ठोस वादे किए और खुद को एक ऐसी गठबंधन सरकार के रूप में स्थापित किया जो इन योजनाओं को ज़मीन पर उतारने की क्षमता रखती है। यह बात मतदाताओं को काफी हद तक विश्वसनीय लगी।

युवाओं के लिए कौशल विकास, रोजगार सृजन, स्टार्टअप को बढ़ावा, तकनीकी शिक्षा और डिजिटल विस्तार जैसे मुद्दों को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई। भाजपा और जदयू दोनों ने डिजिटल अभियानों और सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक अपनी पहुँच बढ़ाई। युवा वर्ग, जो बिहार की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा है, ने एनडीए के विकास-आधारित भविष्य के वादे को अधिक विश्वसनीय माना।

महिला मतदाताओं के लिए चलाई गई योजनाएँ,एलपीजी कनेक्शन, स्वास्थ्य सेवाएँ, शौचालय निर्माण, स्वयं सहायता समूहों को समर्थन, और छात्राओं के लिए विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएँ,उनके दैनिक जीवन पर सीधा प्रभाव डाल चुकी थीं। 2025 में महिला मतदान दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। महिलाओं ने जातिगत राजनीति से इतर ÷सुरक्षा, सुविधा और स्थिर सरकार÷ को प्राथमिकता दी, जिसने एनडीए की जीत को और अधिक मजबूत किया।

महागठबंधन की हार केवल एनडीए की मजबूती का परिणाम नहीं थी, बल्कि विपक्ष की कई रणनीतिक कमजोरियों ने भी इसमें योगदान दिया। राजद-केंद्रित महागठबंधन में कांग्रेस, वीआईपी और वामदलों की भूमिका स्पष्ट और ठोस नहीं रही। इन दलों की संगठनात्मक तैयारियाँ कमजोर थीं और वे प्रभावी चुनाव प्रबंधन नहीं कर पाए। महागठबंधन मतदाताओं को यह भरोसा दिलाने में असफल रहा कि वह एक स्थिर और विकास-उन्मुख विकल्प बन सकता है।

चुनाव से पहले और दौरान लालू यादव परिवार में बढ़ते विवादों ने पूरी स्थिति को और जटिल बना दिया। तेज प्रताप यादव द्वारा अपने भाई तेजस्वी यादव को सोशल मीडिया पर अनफॉलो करना, फिर पार्टी से निष्कासन,ये घटनाएँ सार्वजनिक रूप से महागठबंधन की एकता के विरुद्ध गईं। यादव वोट बैंक, जो परंपरागत रूप से राजद के लिए सबसे मजबूत आधार माना जाता था, में भी विभाजन दिखने लगा। इस पारिवारिक कलह ने राजद की राजनीति, नेतृत्व क्षमता और चुनावी रणनीति पर नकारात्मक असर डाला और महागठबंधन की विश्वसनीयता को कमजोर किया।

2025 में 67.1त्न की रिकॉर्ड मतदान दर ने संकेत दिया कि नए और जागरूक मतदाता बड़ी संख्या में सक्रिय हुए। यह वर्ग जातिगत समीकरणों से ऊपर उठकर नीति-आधारित वोटिंग करता है। एनडीए ने इस समूह को ÷विश्वास व विकास÷ के संदेश से प्रभावी रूप से संबोधित किया। कई सीटों पर बहुत कम अंतर से जीत दर्ज हुई, जो बताता है कि प्रतिस्पर्धा कड़ी थी और निर्णायक वोटरों का रुझान एनडीए की ओर झुका।

प्रचण्ड बहुमत के बाद एनडीए को सिर्फ सत्ता ही नहीं, बल्कि एक व्यापक जनादेश मिला है। यह जनादेश बिहार में नीतिगत स्थिरता, विकास योजनाओं के तेज़ क्रियान्वयन, और नए सामाजिक-राजनीतिक समीकरणों के लिए रास्ता खोलता है। अब चुनौती यह है कि एनडीए इस भरोसे को बनाए रखे और सहयोगियों के साथ संतुलन कायम रखकर शासन को सुचारु चलाए।

वहीं, महागठबंधन के सामने खुद को पुनर्गठित करने की चुनौती है। उसे जातीय राजनीति से आगे बढ़कर विकास-आधारित, विश्वसनीय और संगठित विकल्प बनना होगा। युवा, महिला और गैर-परंपरागत वोटर भविष्य में भी निर्णायक भूमिका निभाएंगे, इसलिए विपक्ष को इस नए बदलते मतदाता मानस को समझना होगा।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 केवल चुनावी जीत-हार की कहानी नहीं है, बल्कि राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। एनडीए की 202 सीटों की जीत यह साबित करती है कि ÷विश्वास व विकास÷ का फॉर्मूला सिर्फ नारा नहीं, बल्कि जनता का वास्तविक जनादेश बन चुका है। महिलाओं, युवाओं और नीति-आधारित नए मतदाताओं ने बिहार की राजनीति को नई दिशा दी है।

कांग्रेस और महागठबंधन की बूथ-स्तरीय तैयारी कमजोर रही। बड़े सभाओं की संख्या ज़रूर थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर वोटर्स तक पहुँचने और उन्हें मतदान तक ले जाने में दिक्कतें देखी गईं। राहुल गांधी का प्रचार ÷वोट चोरी÷ पर केंद्रित रहा, लेकिन यह संदेश बिहार के अधिकतर मतदाताओं की प्राथमिकता से मेल नहीं खा पाया। वहीं, बिहार में वोटर की चिंताएँ नौकरी, महंगाई, विकास थीं, पर महागठबंधन ने इन्हें अपने भाषा में पर्याप्त तरीके से नहीं उठाया। राहुल-तेजस्वी-प्रियंका की रैलियाँ भले हुईं, लेकिन उनका एक सामंजस्यपूर्ण, लगातार संयुक्त अभियान न बन पाया। आरंभ में राहुल गांधी की ÷वोटर अधिकार यात्रा÷ ने जो उत्साह पैदा किया था, वह समय के साथ फीका पड़ गया। एनडीए की ओर से मजबूत स्थानीय संगठन, विकास-मुद्दों पर जोर और बूथ-स्तरीय तैयारियाँ थीं, जिसने महागठबंधन की रैलियों को असरदार वोटों में बदलने में बाधा डाली। नतीजा ये कि दर्शकों में जो भीड़ दिखी, वह मतदान में तब्दील नहीं कर पाई, और महागठबंधन की रणनीति अपेक्षित सफलता नहीं ला सकी।

2025 का चुनाव बिहार में नई राजनीतिक संस्कृति की शुरुआत है, जहाँ जातिगत सीमाएँ टूट रही हैं और जनता अपने भविष्य के लिए स्थिरता, विकास और विश्वसनीय नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# जो आपका नहीं, उसके लिए दुख क्यों?

एक आदमी सागर के किनारे टहल रहा था। एकाएक उसकी नजर चांदी की एक छड़ी पर पड़ी, जो बहती-बहती किनारे आ लगी थी। वह खुश हुआ और झटपट छड़ी उठा ली। अब वह छड़ी लेकर टहलने लगा।

धूप चढ़ी तो उसका मन सागर में नहाने का हुआ। उसने सोचा, अगर छड़ी को किनारे रखकर नहाऊंगा, तो कोई ले जाएगा। इसलिए वह छड़ी हाथ में ही पकड़ कर नहाने लगा। तभी एक ऊंची लहर आई और तेजी से छड़ी को बहाकर ले गई। वह अफसोस करने लगा और दुखी हो कर तट पर आ बैठा।



उधर से एक संत आ रहे थे। उसे उदास देख पूछा, इतने दुखी क्यों हो? उसने बताया, स्वामी जी नहाते हुए मेरी चांदी की छड़ी सागर में बह गई। संत ने हैरानी जताई, छड़ी लेकर नहा रहे थे? वह बोला, क्या करता? किनारे रख कर नहाता, तो कोई ले जा सकता था।

लेकिन चांदी की छड़ी ले कर नहाने क्यों आए थे?ः स्वामी जी ने पूछा।

ले कर नहीं आया था, वह तो यहीं पड़ी मिली थीः उसने बताया।

सुन कर स्वामी जी हंसने लगे और बोलेः जब वह तुम्हारी थी ही नहीं, तो फिर दुख या उदासी कैसी?

कभी कुछ खुशियां अनायास मिल जाती हैं और कभी कुछ श्रम करने और कष्ट उठाने से मिलती हैं। जो खुशियां अनायास मिलती हैं, परमात्मा की ओर से मिलती हैं, उन्हें सराहने का हमारे पास समय नहीं होता।

इंसान व्यस्त है तमाम ऐसे सुखों की गिनती करने में, जो उसके पास नहीं हैं - आलीशान बंगला, शानदार कार, स्टेटस, पॉवर वगैरह और भूल जाता है कि एक दिन सब कुछ यूं ही छोड़कर उसे अगले सफर में निकल जाना है।

# घर में बच्चे हैं तो बुजुर्गों की सांसों में रहती है ताजगी

**एकल परिवार की बहुलता के कारण बहुत से घरों में बुजुर्ग अकेले भी हैं, जिन्हें समय बिताना कठिन हो गया है। बुजुर्ग दंपति तो कुछ आपस में बोल-बतिया कर समय काट भी लेते हैं, लेकिन जिस घर-आंगन में बुजुर्ग सिर्फ अकेले हो गए हैं, उनके पुत्र-पुत्री साल में एक दो बार आते हैं और वे अपने माता-पिता को कई कारणों से साथ रख नहीं पाते। ऐसे बुजुर्गों के जीवन को एकाकीपन और निष्क्रियता घेर लेती है। उनकी मानसिक व्यथा के घनत्व में अधिक वृद्धि तब दिखती है जब पर्व-त्योहार में उनकी संतान दो-चार दिन के लिए भी घर नहीं आ पाते। आज की युवा पीढ़ी को इस संदर्भ में विशेष चिंतन-मनन करना चाहिए, क्योंकि वे भविष्य में वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में जब आएंगे, तब तक पूर्वजों द्वारा संकल्पित ताने-बाने बिखरने का संकट खड़ा हो सकता है। इसलिए समय रहते अकेलेपन में जी रहे बुजुर्गों के कदमों में गति कायम रखने की हर कोशिश की जाए।**

**अशोक कुमार**

धरती पर जीवन के पदार्पण होते ही वह कई चरणों में अपनी यात्रा की शुरुआत कर देता है। शैशवास्था, बाल्यावस्था, तरुणावस्था, युवावस्था, प्रौढ़ावस्था और अंत में वृद्धावस्था के दौर में मानव मन कई अनुभूतियों और कार्यों से अपने को संलिप्त रखने को विवश है। बचपन के बाद तरुण काल में उसे विद्यालय के प्रांगण आमंत्रित कर लिया जाता है। जीवन निर्माण के उद्देश्य में व्यक्ति आगे की कड़ियों से तादात्म्य स्थापित करते हुए अध्ययन, व्यवसाय, खेती-गृहस्थी, नौकरी और अन्य प्रकल्पों की पूर्णता के बाद एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव पर आकर ठहर जाता है, जब वह अपने सभी बुनियादी दायित्वों से भी आजाद हो जाता है। इस क्रम में पुत्री-पुत्र की शादी के बाद नवदंपति के लिए नूतन घर गृहस्थी के नए आयाम प्रकट होते हैं। जीवन के उत्तरार्ध काल में माता-पिता जब अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त होते हैं, तब उनके पास अपनी एक सक्रिय दिनचर्या नहीं होती।

इस दौर में परिवार के सदस्य शिशु के आगमन की बाट जोहते हैं और जब यह घड़ी आ जाती है तो बच्चे के माता-पिता के साथ उसके दादा-दादी, नाना-नानी के जीवन में आनंद की लहरें उफान पर होती हैं। इस स्थिति में बुजुर्गों की दुनिया पूरी तरह परिवर्तित होते दिखती है। मासूम की मुस्कान और उसे अपनी गोद में लेकर स्नेह सिंचित करने का पल बुजुर्गों को नैसर्गिक सुख की अनुभूति से लबालब भर देता है। धीरे-धीरे शिशु अपनी उम्र के उस मोड़ पर आ जाता है, जब वह अपने पैरों पर खड़ा होना, ठुमकते हुए चहलकदमी करना कुछ बुदबुदाना और घर के सभी सदस्यों को पहचानने की अल्प समझ से जुड़ता है। माता-पिता के साथ बिताए पलों के बाद बच्चे का शेष समय उसके नानी-दादी, दादा-नाना के साथ अधिक बीतता हैं। ये लोग भी बड़ी आतुरता से प्रतीक्षा करते हैं कि कब उन्हें नन्हे बच्चे को अपने पास रखने का मौका मिले।

कई बाल मनोवैज्ञानिकों के अनुभव का सारांश है कि बुजुर्ग जब अपने पोते-पोती, नाती-नतिनी की बाल्यावस्था की गतिविधियों से बंध जाते हैं, तो उनकी उम्र बढ़ने की गति कम होने लगती है। वे आत्मिक संतुष्टि और सुख के दृश्यों को जब नित्य जीते हैं, तो उनकी प्रसन्नता के सूचकांक में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज होती है। इस अवस्था में वे अपने स्वास्थ्य की छोटी-मोटी समस्याओं को भूल जाते हैं, क्योंकि उनका चरम लक्ष्य बच्चों के साथ समय बिताना तय है। यह घड़ी उन्हें अकेलेपन से राहत दिलाते हुए खुश रखती है। बच्चों के साथ बुजुर्गों के भावनात्मक लगाव के कुछ अन्य सकारात्मक लाभ भी मिलते हैं, जैसे जीवन के अन्य सांसारिक कार्यों से मुक्त होकर वे स्वच्छंद वातावरण में बिल्कुल स्वतंत्र महसूस करते हैं।

इससे उनकी प्रसन्नता और उत्साह में वृद्धि करने वाले हार्मोन का प्रवाह भी बना रहता है। बढ़ती उम्र का तकाजा है कि बुजुर्गों के शरीर में कुछ न कुछ व्याधियां प्रवेश कर जाती हैं, जिसमें प्रमुख हैं- मधुमेह, रक्तचाप, कैल्शियम की कमी। इस



कारण से वे अपने रोग के निदान के लिए अधिक चिंतित हो जाते हैं, लेकिन जब उनके पोते-पोती, नाती-नतिनी अपने कदमों में गति भरने लगते हैं तो उन्हें सहारे की जरूरत होती है, जिसका मूल आधार बुजुर्ग बनते हैं।

बच्चों के साथ अधिक समय बिताने के फलस्वरूप बुजुर्गों का अधिक चलना-फिरना हो जाता है। घर के आंगन या आसपास किसी उद्यान में बच्चों को ले जाकर उसके साथ खेलना, उसके पीछे अपनी गति में दौड़ने जैसी अन्य गतिविधियां उन्हें सक्रिय रखती हैं। शाम के समय बच्चों को कहानियां सुनाने और कभी-कभी अपने हाथों से उन्हें खाना खिलाने से बच्चे बुजुर्गों की ओर आकर्षित रहते है। कभी गांव में बुजुर्ग बच्चों को अपनी पीठ और कंधों पर बिठाकर कुछ देर घुमा दिया करते थे, जबकि दोनों घुटनों पर उन्हें सवार कर झुला झुलाने (घुघा-मामा) से बच्चों का मधुर मनोरंजन हुआ करता था। इस प्रक्रिया से बुजुर्गों को लाभप्रद व्यायाम हो जाता था।

बच्चों की देखभाल में सम्मिलित लोग अन्य बुजुर्गों की तुलना में कम सुस्त होते हैं। यह सक्रियता बुजुर्गों के शारीरिक वजन को नियंत्रित करते हुए उनके स्वास्थ्य को ठीक रखते हैं। अकेलेपन के शिकार अधिकतर बुजुर्ग अक्सर गैरजरूरी विषयों की चिंतन की गंभीरता के चलते मानसिक अवसाद के शिकार हो जाते हैं। बच्चों के साथ उनकी रोचक सहभागिता इस रोग से रक्षा करती है। आज की भौतिक भागदौड़ में अधिकांश बुजुर्ग अनिद्रा से पीड़ित होते हैं, लेकिन जब वे बच्चों की किलकारियां सुनते हैं, उसकी मधुर मुस्कान देखते हैं, उनके साथ खेल-खेल में अपना अधिक समय व्यतीत करते हैं, तो उन्हें भरपूर नींद भी आती है और वे रोज सुबह तरोताजा महसूस करते हैं।

एकल परिवार की बहुलता के कारण बहुत से घरों में बुजुर्ग अकेले भी हैं, जिन्हें समय बिताना कठिन हो गया है। बुजुर्ग दंपति तो कुछ आपस में बोल-बतिया कर समय काट भी लेते हैं, लेकिन जिस घर-आंगन में बुजुर्ग सिर्फ अकेले हो गए हैं, उनके पुत्र-पुत्री साल में एक दो बार आते हैं और वे अपने माता-पिता को कई कारणों से साथ रख नहीं पाते। ऐसे बुजुर्गों के जीवन को एकाकीपन और निष्क्रियता घेर लेती है।

उनकी मानसिक व्यथा के घनत्व में अधिक वृद्धि तब दिखती है जब पर्व-त्योहार में उनकी संतान दो-चार दिन के लिए भी घर नहीं आ पाते। आज की युवा पीढ़ी को इस संदर्भ में विशेष चिंतन-मनन करना चाहिए, क्योंकि वे भविष्य में वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में जब आएंगे, तब तक पूर्वजों द्वारा संकल्पित ताने-बाने बिखरने का संकट खड़ा हो सकता है। इसलिए समय रहते अकेलेपन में जी रहे बुजुर्गों के कदमों में गति कायम रखने की हर कोशिश की जाए। शायद इस चेष्टा का फल यह हो कि हमारे बुजुर्गों की जिजीविषा जीवंत हो उठे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
नये रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। बड़े व्यावसायिक अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। आपको बड़ा सम्मान मिल सकता है। मानसिक तनाव में कमी आयेगी।

**वृषभ**
आपके स्वभाव में नरमी और सहजता रहेगी। सामाजिक मामलों पर मुखर होकर अपनी राय रखेंगे। चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे।

**मिथुन**
अपनी पुरानी गलतियों को ठीक करने का प्रयास कर सकते हैं। स्वभाव में नरमी और सहजता बनाये रखें। धन की कमी के कारण थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।

**कर्क**
आज आप अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों का तनाव दूर होगा। व्यापार में बड़ा जोखिम न लें। आपको आत्मप्रशंसा से बचना चाहिये।

**सिंह**
आपकी विचारधारा अत्यन्त सुलझी हुयी और सकारात्मक रहेगी। व्यापार में बिक्री बढ़ने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद मिल सकता है। आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। विदेश यात्राओं से आपको लाभ हो सकता है।

**तुला**
कलात्मक विषयों के प्रति आकर्षित रहेंगे। साझेदारी वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा। वैवाहिक सम्बन्धों में प्रेम और समर्पण का भाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। किसी दुविधा और बेचैनी का समाधान मिलेगा। महँगी वस्तुओं की खरीदारी के दौरान थोड़ा सतर्क रहें।

**धनु**
आपको आज काफी ज्यादा काम करना पड़ेगा। अधिकारी आपको बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। परिजन आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहने वाले हैं। विवाहेतर सम्बन्धों से दूरी बनाकर रखें।

**मकर**
अपनी नौकरी से अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। परिवार के सदस्यों का व्यवहार अत्यन्त सहयोगात्मक रहेगा। फाइनेन्स से जुड़े हुये मामलों के लिये दिन शुभ रहेगा। अनजान व्यक्तियों पर विश्वास न करें।

**कुंभ**
सरकारी कार्यों में अवरोध आने की आशंका है। जीवनसाथी की बातें आपको कड़वी लग सकती हैं। छात्र उच्च शिक्षा को लेकर अत्यन्त सजग रहेंगे।

**मीन**
आपको अपनी प्रतिष्ठा की चिन्ता रहेगी। आपके काम अपेक्षानुसार पूरे नहीं होंगे। गूढ विद्याओं का अध्ययन करने में रूचि लेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निकांड में चार आवासीय घर राख, बड़ी क्षति

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अहिरौलिया पंचायत के वार्ड संख्या 1 घूरभारिया टोला में मंगलवार की दोपहर अचानक लगी आग में चार परिवारों का आवासीय घर जलकर राख हो गया। बताया गया कि सुबह ठंड से बचने के लिए तापी गई आग की बची हुई खरपतवार से चिंगारी फैलने पर देखते-ही-देखते घरों ने आग पकड़ ली। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक चारों घर पूरी तरह जल चुके थे। इस अगलगी में चंद्रदेव मांझी, बागड़ मांझी, जटा मांझी और फूलदेव मांझी के घर राख हो गए। घरों में रखा चार साइकिल, अनाज गेहूं, धान, चावल, कपड़े, बर्तन, बिछावन, पंखा, एक मोबाइल फोन, आभूषण और नगदी जलकर नष्ट हो गए। घटना की सूचना मिलते ही 112 नंबर की टीम मौके पर पहुंची। टीम के पदाधिकारी अजय कुमार सिंह मौके पे पहुचे। उनके साथ टीम में चालक मुकेश कुमार सिंह और महिला सिपाही दिव्या भारती मौजूद थी।



### छात्र-छात्राओं से एक सप्ताह के भीतर आवेदन आमंत्रित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्ष 2025 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना से इन्टरमीडियट प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कुल 2005 एवं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना से वर्ष 2025 में मौलवी फोकानिया प्रथम श्रेणी में क्रमशः उत्तीर्ण 328 एवं 378 छात्र छात्राओं की सूची अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार पटना द्वारा उपलब्ध कराये जाने के पश्चात कुल 1135 छात्र छात्राओं को सीएफएमएस प्रणाली के तहत प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जा चुका है साथ ही कार्यालय को 700 आवेदन (हार्ड कॉपी) प्राप्त है। शेष अल्पसंख्यक (मुस्लिम) छात्र छात्राएं जो अभी तक प्रोत्साहन राशि के लाभ से वंचित है; को सूचित किया जाता है कि वें बैंक खाता जिस पर खाता नम्बर, आई.एफ.एस.सी.कोड स्पष्ट अंकित हो, आधार कार्ड, अंक पत्र, निवास प्रमाण पत्र, मोबाईल संख्या आदि की प्रति के साथ अपना आवेदन संबंधित शिक्षण संस्थान से अग्रसारित कराकर अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से अथवा स्वयं एक सप्ताह के अन्दर अचूक रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में जमा करें। प्रोत्साहन राशि का भुगतान सीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से किया जाता है, वित्तीय वर्ष समाप्त होते ही आवंटित राशि स्वतः प्रत्यार्पित हो जाती है। आवंटित राशि स्वतः प्रत्यार्पित होने की स्थिति में वंचित लाभुक इसके लिए स्वयं जिम्मेवार माने जाएंगे। उक्त जानकारी सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, पश्चिम चम्पारण, बेतिया ने दी है।

### अल्पसंख्यक ऋण के बकायेदारों हेतु 24 से 29 नवंबर तक वसूली कैंप

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट माइनोरिटीज फाइनेंशियल कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना के पत्र के आलोक में जिलान्तर्गत विभिन्न अल्पसंख्यक ऋण योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्राप्त सभी लाभुकों को महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। निगम के निदेशांनुसार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, एनएमडीएफसी टर्म लोन योजना एवं मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत ऋण लेने वाले ऋण-ग्राहियों से ऋण वसूली हेतु जिले में विशेष कैंप आयोजित किया जा रहा है।यह ऋण वसूली कैंप 24 नवंबर 2025 से 29 नवंबर 2025 तक प्रतिदिन समाहरणालय परिसर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया में आयोजित रहेगा। जिला कार्यालय द्वारा सभी ऋण-ग्राहियों से समय पर उपस्थित होकर अपना बकाया ऋण जमा करने की अपील की गई है।

### महिला की मौत के मामलें में केस दर्ज,पति गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा थाना के इनरवा गांव में महिला की हूई मौत के मामलें में मृतिका की मां ने पति समेत पांच लोगों पर केस दर्ज कराया है। जिसमें पुलिस ने पति गुडडू शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया है कि मोतीहारी के हरैया थाना के चिकनी गांव निवासी शारदा देवी ने आवेदन में बताया है कि बिते तीन वर्ष पुर्व उसकी लड़की की शादी इनरवा के जटाशंकर शर्मा का पुत्र गुड्डू शर्मा से हूई थी। ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करते थे। अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। इधर मृतिका की मां ने ससुराल वालों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि पति गुड्डू शर्मा सास,ससूर समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि अन्य आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है।

### विद्यालयों के निरीक्षण में मिली कमियां

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. राजीव रंजन ने मंगलवार को प्रखंड के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न शैक्षणिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई, जिसमें कई कमियां सामने आने पर संबंधित कर्मियों को चिन्हित कर निर्धारित समय सीमा के भीतर सुधार करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। बीडीओ ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण क्रम में वे मोतीलाल उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां शिक्षकों तथा छात्रों की उपस्थिति और पठन-पाठन की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। इसी दौरान विद्यालय परिसर में जन संवाद सह जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। बीडीओ ने छात्रों से पढ़ाई, करियर और भविष्य की योजनाओं से जुड़े सवाल-जवाब किए तथा उनकी शैक्षणिक समझ का आकलन किया।

### 13 दिसम्बर,2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जाएगा आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली से प्राप्त पत्र के आलोक में आगामी 13 दिसम्बर,2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन पूर्वाहन 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर मोतिहारी में किया जाएगा। लोक अदालत की तैयारी को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोतिहारी अभिषेक कुमार दास के निर्देश के आलोक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूर्वी चंपारण श्री नितिन त्रिपाठी की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय पदाधिकारी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए कार्य योजना बनाई गई । बैठक में सहायक नियंत्रक माप एवं तौल पूर्वी चंपारण मोतिहारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पूर्वी चंपारण मोतिहारी एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी मोतिहारी उपस्थित थे। बैठक में सचिव विधिक सेवा प्राधिकार पूर्वी चंपारण के द्वारा बताया गया कि सभी सुलहनीय वादों को पदाधिकारीगण चिन्हित करें एवं उसकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय को अगले दो दिनों में उपलब्ध करा दें। उनके द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में संधि योग्य लघु आपराधिक मामले, धारा 138 एन आई एक्ट मामले, ट्रैफिक चालान के मामले,वाहन दुर्घटना दावा सिविल सूट, मापतौल, श्रम वाद, बैंक ऋण वसूली मामले, नीलम पत्रवाद इत्यादि से संबंधित मामलों का निपटारा किया जाता है जो बिल्कुल निः शुल्क होता है। उनके द्वारा अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लाकर निपटारा कराने की अपील भी की गई।



# प्रखण्ड के किसानों के बीच अनुदानित बीज का वितरण

## किसानों का हुजूम देखकर दुकानदार द्वारा रोक दिया गया वितरण

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के किसानों के बीच रबी फसल के बीज का वितरण कई दिनों से जारी है। कई दिन बीत जाने के बावजूद लक्ष्य के अनुसार बीज का वितरण नहीं किया गया है। बिहार विधानसभा चुनाव के चलते वितरण लक्ष्य के अनुसार अब तक नहीं होना बताया गया है। सोमवार को कृषि भवन में संचालित प्रभात खाद बीज भण्डार में बीज लेने के लिए किसान काफी संख्या में आया था` कुछ किसानों के बीच ही बीज का वितरण हुआ था तब तक दुकानदार द्वारा बीज वितरण रोक दिया गया`वितरण रोकने के सम्बन्ध में दुकानदार अरुण कुमार ने बताया कि एक ही पंचायत के ढेर सारा किसान बीज की मांग कर रहे थे जो उचित नहीं है। परम्परिक खेती के बीज के अलावे बेबी



कर्ण और स्वीट कर्ण के बीज से किसान अनभिज्ञ है। हालांकि प्रखण्ड के समृद्ध किसान पूर्व मुखिया हरिश्चन्द्र सिंह पिपरा गांव निवासी की डिमांड है इन दोनों बीज की। स्वीट कर्ण 10किलोग्राम और बेबी कर्ण 24 किलोग्राम है`बताया गया कि इसकी खेती प्रखण्ड क्षेत्र में नहीं होने के कारण कोई किसान अब तक इन दोनों बीज को किसी भी प्रखण्ड के किसानों द्वारा उठाव नहीं किया गया है। कृषि सलाहकार श्यामबाबू प्रसाद यादव ने बताया कि ये दोनों फसल में प्रोटीन प्रचूर मात्रा में मिलते है। मक्का कि तरह इसके पौधे होते है। अन्य पारम्परिक बीज में 4160 किलोग्राम अनुदानित मसूर बीज में से 4144 किलोग्राम बीज का वितरण कर दिया गया जिसका अवशेष 16किलोग्राम है। प्रत्याक्षण मसूर 1120 किलोग्राम में 518 किलोग्राम का वितरण किया गया है, 592 किलोग्राम अवशेष है। प्रत्यक्षण सरसो बीज 50 किलोग्राम में से 10 किलोग्राम का वितरण हुआ है शेष 40किलोग्राम का वितरण होना है। मटर 704 किलोग्राम में से 432 किलोग्राम अवशेष है `अनुदानित गेंहू बीज 408.80 किलोग्राम में से 367.20किलोग्राम अवशेष है। जानकारी देते बी ए ओ श्री राम पासवान ने बताया कि अगले दिन से पंचायत अनुसार किसानों के बीच बीज वितरण होगा।

## मांझी कृषि विज्ञान केन्द्र में रबी मौसम की मशीनों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी कृषि विज्ञान केन्द्र में ग्रामीण युवक एवं युवतियों के लिए 'रबी के मौसम में उपयोग होने वाली मशीनें' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को कृषि मशीनीकरण की तकनीक से अवगत कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में कृषि यांत्रिकीकरण अत्यंत आवश्यक है। मशीनों के उपयोग से किसान न केवल उत्पादन बढ़ा सकते हैं बल्कि समय और श्रम की भी बचत कर सकते हैं। इससे युवा कृषि क्षेत्र में नए अवसर तलाश कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। कृषि अभियंत्रण विशेषज्ञ डॉ. सुषमा टम्टा ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने केन्द्र में उपलब्ध प्रमुख कृषि मशीनों- जीरो टिलेज, पोटैटो प्लांटर, लेजर लैंड लेवलर, मल्टीक्रॉप प्लांटर, हैप्पी सीडर आदि के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी। वहीं पौधा रोग विशेषज्ञ डॉ. जीर विनायक ने रबी मौसम की फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट एवं रोगों के प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया। मिट्टी विज्ञान से जुड़े डॉ. विजय कुमार ने मिट्टी की जांच और उसकी वैज्ञानिक प्रक्रिया की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सारण जिले के मांझी प्रखंड सहित बलिया जिले के ग्रामीण युवक-युवतियाँ शामिल हो रहे हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जो उनके कौशल व सीखने की प्रक्रिया का प्रमाण होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी के अमितेश कुमार गौरव, रामा रंजन, राकेश कुमार, अंकित मिश्रा, उमाशंकर कुमार, अवनीश पांडेय और संतोष कुमार अपना सक्रिय सहयोग दे रहे हैं।





# सांसद ने जतायी शहर में भाजपा की हार पर चिंता

## शहर को दुरुस्त करने का उठाया बीड़ा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और प.चंपारण के सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने बेतिया शहर में भाजपा की पहली हार पर चिंता व्यक्त करते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने फेसबुक वॉल पर पोस्ट करते हुए कहा कि जनसंघ की स्थापना से लेकर अब तक बेतिया शहर में भाजपा कभी नहीं हारी थी, लेकिन इस बार 300 वोटों से हार का सामना करना पड़ा है। सांसद ने इस हार के पीछे एक महत्वपूर्ण कारण बताते हुए कहा कि 1980 में बेतिया में अल्पसंख्यक समाज की जनसंख्या मात्र 18 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 34 प्रतिशत हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि चाहे नरेंद्र मोदी या नीतीश कुमार की सरकार गरीब कल्याण योजनाओं को लागू करें, परंतु इन योजनाओं का प्रभाव अल्पसंख्यक वोटों में कटौती में दिखाई नहीं देता। इसके साथ ही, डॉ. संजय जायसवाल ने बेतिया शहर की विकास योजनाओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से 3 साल पहले बेतिया में जल जमाव की समस्या दूर करने के लिए स्ट्राम वॉटर ड्रेनेज योजना की राशि दिलवायी थी, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि बेतिया की प्रमुख सड़कों के लिए उन्होंने बिहार सरकार से फंड दिलवाया था, लेकिन नगर निगम किसी भी सड़क के काम की शुरूआत नहीं कर सका।सांसद ने आश्वासन दिया है कि अगले एक वर्ष में बेतिया की सड़कों को 2017 के पहले वाले हालात में लाया जाएगा, जब कोई सड़क टूटी हुई नहीं थी। इसके अलावा, बेतिया के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। 1100 करोड़ रुपए की लागत से बने इस मेडिकल कॉलेज में 70 प्रतिशत सीटें रिक्त हैं, जिसके कारण इसे अच्छे स्तर पर नहीं ले जाया जा सका है। डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि वह इस समस्या को भी हल करेंगे और इसके लिए उन्होंने कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों और जिलाधिकारी से विस्तृत चर्चा की है। सांसद ने अंत में यह भरोसा दिलाया कि अगले एक साल में वह बेतिया नगर निगम और बिहार सरकार के सहयोग से इन सभी समस्याओं को दूर कर देंगे।



# नोनियाडीह में सेंध मार कर चोरों ने नगदी सहित उड़ाया कीमती सामान

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रक्सौल प्रखंड के नोनियाडीह पंचायत के नोनियाडीह गांव में बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए हजारों की नकदी व सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी राम बहादुर यादव के घर की दीवार में सेंध मारकर चोर करीब सत्तर हजार रुपये नगद, एक मोबाइल फोन तथा अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गये। पीड़ित राम बहादुर यादव ने बताया कि यह सत्तर हजार रुपये उन्होंने अपनी भैंस बेचकर सुरक्षित रखे थे, जिसे चोरों ने उड़ा लिया। घटना सोमवार देर रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है।पीड़ित राम बहादुर यादव ने बताया कि घटना की रात वह घर पर नही थे।उन्हें इसकी जानकारी घर वालों से करीब सुबह चार बजे मिली। घर के लोग जब दैनिक क्रिया कलाप के लिए सुबह उठे तब जा कर उन्हें इस चोरी की घटना का पता चला। चोरी की इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश माहौल देखा जा रहा है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची और मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को रात में गश्ती तेज करनी चाहिए। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से घटना का जल्द खुलासा करने और दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।



## अनुदानित बीज के लिए किसानों की लंबी कतारें

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कृषि कार्यालय में मंगलवार को रबी फसल के अनुदानित बीज वितरण को लेकर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 8 बजे से ही सैकड़ों किसानों की लंबी कतार लगी रही और कई किसानों को घंटों इंतजार के बाद दोपहर में बीज मिल पाया। आफताब जमाल, मोजालीम अंसारी, अमित पांडेय, रूपेश पांडेय, योगेंद्र महतो और गोल्डेन पांडेय सहित कई किसानों ने बताया कि बीज लेने में अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।किसानों का कहना है कि कृषि विभाग की नई प्रक्रिया के कारण बाहर रह रहे किसान सबसे अधिक प्रभावित हैं। पहले ओटीपी के आधार पर परिजन बीज ले लेते थे, लेकिन अब किसान भवन में स्वयं उपस्थित होकर अंगूठा सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। इससे राज्य से बाहर काम कर रहे किसानों को केवल बीज लेने के लिए हजारों रुपये खर्च कर घर लौटना पड़ रहा है, जबकि जो वापस नहीं आ पा रहे हैं, वे पूरी तरह वंचित हो रहे हैं।

# जिले में चल रही बड़ी परियोजनाओं के भू-अर्जन कार्यों में तेजी लाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

## महत्वपूर्ण सड़क व पुल परियोजनाओं से जुड़े भू-अर्जन कार्यों की डीएम अमन समीर ने की समीक्षा

**छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अमन समीर ने सोमवार को जिले भर की महत्वपूर्ण सड़क और पुल परियोजनाओं से जुड़े भू-अर्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों में तेजी लाई जाए और भू-अर्जन को शीर्ष प्राथमिकता पर रखा जाए। जिलाधिकारी ने भारतमाला परियोजना, रामजानकी पथ, दीघा पुल के समानांतर 6-लेन केबल ब्रिज, रिविलगंज बाईपास, परसा बाईपास, गरखा बाईपास, अमनौर बाईपास, छपरा बाईपास, शेरपुरझ्रदिघवारा रिंग रोड परियोजना, एनएच-31 गाजीपुरझ्रबलियाझ्रमांझी फोरलेन, एनएच-722 सोनहो फ्लाईओवर, गोल्डेनगंज आरओबी, शीतलपुरझ्रमशरक एसएच-73 पर आरओबी, तथा मेडिकल कॉलेज संपर्क पथ सहित सभी प्रमुख परियोजनाओं में हो रहे भू-अर्जन की प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि परियोजनाएँ समय पर पूरी हों, इसके लिए अंचलाधिकारी रैयतों से दस्तावेज प्राप्त करने, उनकी समस्याओं के समाधान और स्थल पर कैंप लगाकर प्रक्रिया को सरल बनाने पर प्राथमिकता से कार्य करें। जिला भू-अर्जन कार्यालय में तैनात चारों एडीएलओ को परियोजना-वार जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्हें निर्देश दिया गया कि वे संबंधित अंचल में कैंप कर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराएं। साथ ही सभी भूमि सुधार उपसमाहताओं को प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर तथा विभिन्न परियोजनाओं के अभियंता मौजूद रहे। वहीं सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और अंचलाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।



# दो वाहनों से 2496 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त, तस्कर फरार

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। मद्यनिषेध विभाग पटना के निर्देश पर थाना क्षेत्र के मझनपुरा रेलवे क्रॉसिंग के पास से पुलिस ने अंग्रेजी शराब से लदी एक स्कॉर्पियो और एक पिकअप को जब्त किया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर मौके से भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि देर रात उन्हें मद्यनिषेध विभाग, पटना से सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से जयप्रभा सेतु के रास्ते दो वाहनों से भारी मात्रा में शराब बिहार लाई जा रही है। सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस ने मझनपुरा के समीप वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान पुलिस ने एक स्कॉर्पियो और पिकअप वाहन से विभिन्न ब्रांडों की कुल 2496 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। वाहन रोकते ही तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर थाने में सुरक्षित रखा है और अब फरार तस्करों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया गया है कि चुनाव के बाद शराब तस्कर फिर सक्रिय होने लगे हैं, इसलिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि यदि कहीं शराब या मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री होती दिखे तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। स्थानीय लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि जयप्रभा सेतु पर चेकपोस्ट होने के बावजूद इतनी बड़ी खेप पुल पार कैसे कर गई। एक साथ दो गाड़ियों से शराब बरामद होने से उत्पाद विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।





## सुगौली चीनी मिल के गार्ड की सड़क हादसे में मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में सुगौली चीनी मिल के गार्ड 45 वर्षीय रविकांत तिवारी उर्फ मंटू तिवारी की मौत हो गई। वे रात्रि ड्यूटी के बाद सुबह करीब 5 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी सेनवरिया के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने पीछे से उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित फरार हो गया।मूल रूप से मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रानिपकड़ी वार्ड 43 निवासी रविकांत तिवारी सेना से अवकाश प्राप्त थे और वर्तमान में सुगौली चीनी मिल में गार्ड के रूप में कार्यरत थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। डायल-112 की टीम मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल रविकांत को जीएमसीएच भेजी, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।मृतक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की सेंटअप परीक्षा आज से, सभी केंद्रों पर तैयारियां पूरी

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट की सेंटअप परीक्षा 19 नवंबर बुधवार से शुरू हो रही है। इसको लेकर प्रखंड के सभी 23 पंचायतों में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में तैयारियां पूरी कर ली गई है। अधिकांश विद्यालय प्रधानों ने 17 नवंबर तक प्रश्न पत्र, उत्तर पुस्तिका एवं अन्य गोपनीय सामग्री का उठाव कर लिया है। जो विद्यालय बचे हुए थे, वे परीक्षा से पूर्व मंगलवार को महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी प्रश्नपत्र वितरण केंद्र से प्रश्न पत्रों का उठाव कर लिया है। वहीं उत्तर पुस्तिका वितरण केंद्र जिला मुख्यालय स्थित एम जे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोतिहारी में बनाया गया है। जहां से उत्तर पुस्तिका का उठाव विद्यालय के एच एम द्वारा किया गया है। महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर विद्यालय के सभी शिक्षकों को जरूरी दिशा - निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा में शत प्रतिशत छात्र - छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। अनियमितता रहित परीक्षा संचालित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा अधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बताया कि सभी केंद्राधीक्षकों को परीक्षा संचालन से संबंधित निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी में परीक्षा संचालित होगी। वर्ष 2026 की मैट्रिक एवं इंटर वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

# जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को दिल्ली में किया गया सम्मानित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत 'जल संचयन जन भागीदारी (JSJB) 1.0' कैटेगरी में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए पूर्वी चम्पारण जिला को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई थी । 18 नवम्बर 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में निर्धारित सम्मान समारोह में भारत के राष्ट्रपति एवं मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूर्वी चम्पारण जिला को प्रशस्ति पत्र के साथ 25 लाख रुपए के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी, पूर्वी चम्पारण एवं उप विकास आयुक्त, पूर्वी चम्पारण के द्वारा दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान ग्रहण किया गया है। जल संरक्षण एवं जल संचयन के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल कार्यों में बेहतर प्रदर्शन एवं राष्ट्रीय जल मिशन के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्ति में पूर्वी चम्पारण जिला में जल संरक्षण हेतु कुल-6374 संरचना का निर्माण एवं मरम्मतिकरण कराया गया एवं जल शक्ति मंत्रालय को प्रतिवेदित किया गया, जिसमें मनरेगा के द्वारा कुल-6277, लघु जल संसाधन विभाग द्वारा कुल-30 एवं पंचायती राज विभाग द्वारा कुल 67 संरचनाओं का निर्माण एवं मरम्मतिकरण कराया गया। जल संचयन संरचना अंतर्गत विभिन्न संरचनाएँ है (आहर, पईन, सार्वजनिक एवं निजी तालाबों का जीर्णोद्धार, छत वर्षा जल निर्माण, सार्वजनिक एवं निजी चापाकल/कुँओं के किनारे सोख्ता निर्माण/जीर्णोद्धार इत्यादि कराया गया। इस कार्य को मिशन मोड संचालित कर जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के मार्गदर्शन में उप विकास आयुक्त, पूर्वी चम्पारण के नेतृत्व में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा सफल बनाया गया। डॉ. कुन्दन, (निदेशक, एनईपी, डीआरडीए), सुश्री प्रियंका भारती (जिला मिशन प्रबंधक, जल-जीवन-हरियाली मिशन), राजेश कुमार (जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा) की अहम भूमिका रही, जिसे अभियान मोड में आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय पटल पर सम्मान दिलाने हेतु दृढ़ संकल्प रहे।

सम्मान ग्रहण करने के पश्चात जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त के द्वारा ग्रामीण विकास सहित जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी/ कर्मीगण के साथ संपूर्ण जिला वासियों को शुभकामनाएं दी गई है




# अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, तीन युवक घायल

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के योगिया हाईस्कूल के पास सड़क पर बने गड्ढे में फंस कर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उस पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घटना देर शाम की बताई गई है। सूचना मिलने पर डायल-100 की पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. कौशलेंद्र कुणाल ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। गंभीर रूप से घायल एक युवक की पहचान सिवान जिला के जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा चौधरी टोला निवासी राहुल कुमार (30) के रूप में हुई है। हादसे में राहुल का एक हाथ फ्रैक्चर हो गया, जबकि सिर में भी चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक डॉ. कौशलेंद्र रमण ने उसे बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि तीनों युवक रसूलपुर थाना क्षेत्र के असहनी गांव में एक तिलक समारोह में शामिल होकर अपाचे बाइक से तरवारा अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चैनपुरझ्ररसूलपुर मार्ग पर योगिया हाई स्कूल के पास बने बोहटा नदी के सड़क पुल के किनारे बरसात के कारण बने गड्ढे में बाइक फिसलकर गिर गई, जिससे दुर्घटना हो गई। अन्य दो युवकों को मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बने गड्ढे को दुर्घटना का कारण बताते हुए इसकी मरम्मत की मांग की है।



## एक नजर

### कुआं में गिरकर किसान की मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के सागरपुर स्थित गांव के कुआं में गिरने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान सागरपुर गांव निवासी 60 वर्षीय रामदुलार यादव के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सागरपुर गांव में कुआं में गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव को परिजनों को सौंप दिया। उन्होंने बताया की घटना के समय वृद्ध किसान अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान वे कुआं के पास आराम करने के लिए बैठे तभी वे अचानक कुआं में गिर गए, जब ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### मोटरसाइकिल और ऑटो की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** सोमवार की देर रात पटना-गया राष्ट्रीय मार्ग स्थित पलेया गांव के आहर के पास बाईक और ऑटो रिक्शा के बीच आमने-सामने की सीधी टक्कर हो गई। घटना में बाइक चालक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान केवटार गांव निवासी 35 वर्षीय पंकज कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पंकज कुमार मखदुमपुर बाजार से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे पलेया गांव के आहार के समीप पहुंचे, उनकी बाइक की ऑटो से सीधी टक्कर हो गई। बताया जाता है कि घटना के बाद मृतक पंकज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत मखदुमपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी स्थिति नाजुक देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही मखदुमपुर थाना कि पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया के बाद जिला अस्पताल भेजा। मामले में थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### प्रखंड कार्यालय के कैम्पस स्थित बने शौचालय एक वर्ष से बंद

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय के कैम्पस स्थित बने शौचालय एक वर्ष से बंद पड़ा है। बताया जाता है कि लगभग सात लाख रुपये खर्च कर शौचालय का निर्माण कराया गया था। जिसमें तीन पुरुष व तीन महिला शौचालय है। पुरुष शौचालय की मेन गेट बनने के बाद से ताला बंद है। यही हाल महिला गेट की तरफ था। लेकिन असमाजिक तत्व के युवकों ने महिला तरफ के मेन गेट का बंद ताला को तोड दिया है। देखा जाय तो पूरी तामझाम के साथ बीडीओ, प्रमुख, उपप्रमुख, मुखिया प्रतिनिधि, पंचायत समिति सदस्य सहित गण्यमान लोगों की उपस्थिति में शौचालय का उद्घाटन 29 फरवरी 24 को किया गया था। लेकिन उद्घाटन के बाद ताला बंद हुआ सो आज तक बंद रहता है। जबकि ब्लॉक कैम्पस के अंदर शौचालय बनाये जाने को लेकर जब भी पंचायत समिति की बैठक होती थी आवाज उठाया जाता था। लेकिन जब शौचालय बना तो अब ताला बंद रहता है। शौचालय बंद रहने से सबसे अधिक परेशानी ब्लॉक कार्यालय आने वाली महिलाएं व छात्राओं को होती है।

### टेम्पो की टक्कर से महिला घायल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के हसपुरा - पचरूखिया रोड में टाल मोड़ के समीप पैदल जा रही महिला टेम्पो के चपेट में आ गई। जिससे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई। घायल महिला कि पहचान गोह थाना के अकुंरी गांव के मिथलेश पासवान की 35 वर्षीया पत्नी शितलस्था देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि घटना के बाद टेम्पो चालक भाग निकला। इसी दौरान जब प्रखंड के विभिन्न गांव का समस्या को देखकर पचरूखिया कि ओर से हसपुरा बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी लौट रहे थे तो देखा कि सड़क पर घायल महिला छटपटा रही है तो जल्दी से हसपुरा सीएचसी अस्पताल इलाज के घायल महिला को टेम्पो से भेजवाए। घटना की जानकारी मिलते परिजन अस्पताल पहुंचे और देख भाल में जुट गए। जहां घायल महिला को चिकित्सकों ने हालत गंभीर दैखतै हुए प्राथमिक उपचार कै बाद बेहतर इलाज कै लिए बाहर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि घायल महिला का सिर में काफी चोट लगा हुआ था।

### पुलिस पर हमला का आरोपित गया जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थानाक्षेत्र के चनहट गांव से पुलिस के उपर हमला करने के मामले में चनहट गांव निवासी नामजद अभियुक्त सुरज पासवान को हसपुरा पुलिस ने सोमवार की रात गिरफ्तार किया है। जिसे मंगलवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पिछले साल एक मामले की छान बिन करने हसपुरा पुलिस चनहट गांव गई थी तो पुलिस के उपर कई लोगों ने हमला कर दिया था। इस मामला दर्ज किया गया था। सूचना मिली कि पुलिस के उपर हमला करने वाला नामजद अभियुक्त घर पर छूप कर रहता है। दलबल के साथ पुलिस चनहट गांव पहुंची और सुरज पासवान को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया गया।

### निर्माणाधीन ओवरब्रिज की सर्विस रोड गड्ढों में हुई तब्दील

**औरंगाबाद।** जीटी रोड शिवगंज व ओरा गांव के समीप में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों तरफ की सर्विस रोड इन दिनों गड्ढों में तब्दील हो गई है। यहां तक की जो ओवरब्रिज चालू हो गए हैं उनके भी सर्विस रोड की हालत खराब हो गई है। सर्विस रोड की हालत जर्जर होने से वाहनों चालकों को परिचालन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां तक शिवगंज में सर्विस सड़क के किनारे रहने वाले ग्रामीण बताते हैं कि जब मालवाहक ट्रक गुजरते हैं तो तेज आवाज करती है। ऐसा लगाता है कि कोई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बाइक और टेंपो से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। शिवगंज निवासी अरविंद सिंह, प्रदीप कुमार ने बताया कि यहां निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों तरफ की सर्विस रोड की हालत ऐसा हो गई है कि बाइक तो दूर पैदल चलने में भी काफी परेशानी हो रही है। यहां तक की बारिश के दिनों में सड़क पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाती है।

# युवा उत्सव व विज्ञान मेला 2025 की तैयारी तेज

## डीएम ने की समीक्षात्मक बैठक, दिए निर्देश




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय की अध्यक्षता जिला स्तरीय युवा उत्सव तथा विज्ञान मेला के सफल आयोजन हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक मे जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव, 2025 का आयोजन इस माह के 27 एवं 28 नवम्बर को तथा विज्ञान मेला का आयोजन 4 दिसम्बर, 2025 को कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना तथा जिला प्रशासन, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में किया जाए। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन स्थानीय अब्दुलबारी नगर भवन में तथा विज्ञान मेला का आयोजन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय जहानाबाद मे किया जाए। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी ने बताया कि इस वर्ष जिला स्तरीय युवा उत्सव, 2025 का आयोजन 27 एवं 28 नवम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे से अब्दुलबारी नगर भवन, जहानाबाद में कार्यक्रम का उद्घाटन किया जाएगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के युवाओं के द्वारा समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला/पेंटिंग तथा वक्तृता कार्यक्रमों की प्रतियोगिता की जाएगी। उपरोक्त विद्याओ मे प्रस्तुति करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 22 नवंबर 2025 तक डाक के माध्यम से जिला सामान्य शाखा/ कला एवं संस्कृति शाखा, जहानाबाद मे जमा कर सकते है। साथ ही अपना आवेदन Email- dacojehanabad@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने जिला के युवाओं को शुभकामना देते हुए कहा कि जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में अपनी आकर्षक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, कला के क्षेत्र में अपना नाम रौशन करे।जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिले के सभी महाविद्यालय/ कॉलेज में व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया।

# रबी फसलों में कीट-व्याधि प्रबंधन करें किसान : डीएओ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद के काको रोड स्थित संयुक्त कृषि भव के सभागार में मंगलवार को आत्मा जहानाबाद के द्वारा रबी मौसम में लगाई जाने वाली फसलों में कीट-व्याधि प्रबंधन विषय पर कृषक वैज्ञानिक वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी- संभावना एवं वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र गंधार- डॉ वाजिद हसन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर वरीय वैज्ञानिक-सह- प्रधान- डॉ मुनेश्वर प्रसाद, आत्मा के दोनों उप परियोजना निदेशक- राकेश कुमार एवं अनुप्रिति माला, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण- मो. जावेद आलम उपस्थित थे। अपने सम्बोधन में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा किसानों को समेकित कीट प्रबंधन के तहत पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फसलों में कीट-व्याधि का समुचित प्रबंधन करने की सलाह दी। साथ ही उनके द्वारा बताया गया की फसलों में रासायनिक कीटनाशक का प्रयोग कम करते हुए प्राकृतिक एवं जैविक विकल्प का चयन करें। सहायक निदेशक पौधा संरक्षण ने बताया की कीट व्याधि का नियंत्रण नहीं करने से न केवल उत्पादन में एक तिहाई तक की कमी आती है, साथ ही गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। उन्होंने बताया की फसलों में फफूंद एवं कीटों के नियंत्रण के लिए कृषकगण बीज बोने से पहले बीजोपचार जरूर करें। वरीय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र- डॉ मुनेश्वर प्रसाद ने किसानों को बताया कि कीट व्याधि प्रबंधन में आधुनिक कृषि यंत्र-जैसे ड्रोन, इत्यादि का उपयोग वर्तमान समय में आवश्यक हो गया है। इसमे समय की काफी बचत होती है। साथ ही किसान थोड़े खर्च में अत्यधिक लाभ प्राप्त कर सकते है। सरकार द्वारा ड्रोन से कीटनाशक का छिड़काव के लिए अनुदान भी दिया जा रहा है।

# सीएचसी में सिजेरियन ऑपरेशन सफल, जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल किया है। गर्भवती महिला सरस्वती कुमारी की सिजेरियन ऑपरेशन (सी-सेक्शन) स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सक टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इसमे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह एवं डॉक्टर चांदनी सिंह की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया। पूरा ऑपरेशन पूरी तरह सुरक्षित रहा और जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।। डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया जिले में सदर अस्पताल का कार्य भार लेने से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कभी कभी काठिनाईओ का सामना करना पड़ता हैं। सीएससी में नॉर्मल डिलीवरी ना होने वाले महिलाओं को ऑपरेशन किया जाएगा। उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं को प्रसव हेतु निजी अस्पतालों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही सिजेरियन ऑपरेशन एवं संपूर्ण जांच की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ी मजबूती मिलेगी। यह सुविधा विशेष रूप से उन ग्रामीण महिलाओं के लिए लाभकारी साबित होगी। इस मौके पर एएनएम दावन तिग्गा, हेलना, एनी होरो, राधा कुमारी, प्रीति कुमारी, रंजना कुमारी, सहित स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

# विधवा की पैतृक जमीन हथियाने की कोशिश, गोतिया पक्ष पर गंभीर आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** खरोखर गांव में एक विधवा महिला की पैतृक भूमि पर जबरन कब्जे की कोशिश का गंभीर मामला उजागर हुआ है। स्वर्गीय बेचन सिंह की इकलौती पुत्री निर्मला देवी ने अपने ही गोतिया पक्ष पर लगातार प्रताड़ना और जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। निर्मला देवी के अनुसार, उनके पिता ने जीवनकाल में अपनी पूरी संपत्ति उनके नाम दर्ज कर दी थी। उनकी शादी धनबाद निवासी दीनानाथ सिंह से हुई थी, जिनका कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया। उन्होंने बताया कि अधिकांश जमीन की रसीद आज भी उनके नाम से कटती है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने लगभग आठ एकड़ जमीन स्थानीय निवासिनी सोनम कुमारी (पति अर्जुन सिंह) को बेच दी थी, जबकि शेष जमीन पर वे स्वयं कृषि कार्य कर रही हैं। इसी बीच, गोतिया पक्ष के भारत सिंह, लखन सिंह, कौशल सिंह और राजनाथ सिंह के पुत्रों पर आरोप है कि वे इस वर्ष से लगातार जमीन पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्मला देवी का कहना है कि आरोपित उन्हें धमकाते हुए सवाल करते हैं कि उन्होंने जमीन क्यों बेची, और समाज में यह अफवाह भी फैला रहे हैं कि बेचन सिंह की कोई संतान नहीं थी। उन्होंने कहा, "मैं उनके जीवन की एकमात्र पुत्री हूं, फिर भी मुझे और खरीदार अर्जुन सिंह के परिवार को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।" पीड़िता ने इस पूरे प्रकरण में प्रशासन से निष्पक्ष जांच और शीघ्र न्याय की मांग की है।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव न्यायधीश तान्या पटेल के निदेश पर दो अलग अलग जगहों पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया है जिसका विषय - माता पिता और बुजुर्ग नागरिक के कल्याण एवं भरण-पोषण एक्ट 2007 के विषय पर आधारित था। इसमें वरिष्ठ नागरिक के अधिकार और उनके प्रति समाज के कर्तव्य बताया गया। पहला कार्यक्रम पेंशनर भवन औरंगाबाद में पैनल अधिवक्ता निजामुद्दीन औलिया के अध्यक्षता एवं पारा विधिक स्वयं सेवक कुमारी ममता के संचालन में आयोजित किया गया है। वहीं दुसरी कार्यक्रम सामुदायिक भवन इटवा हसपुरा में आयोजित किया गया।

# जहानाबाद को नशा मुक्त बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (पंजाब) के आह्वान पर नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर जहानाबाद जिला प्रशासन की ओर से पूरे जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय, डीडीसी डॉ प्रीति, एडीएम, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के अधिकारी, खेल पदाधिकारी सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ के साथ हुई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्काउट–गाइड की टीम, स्वयंसेवी संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कई शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने कहा,— "नशा न करें, न करने दें। नशा मुक्त जहानाबाद बनाने में हर नागरिक की भागीदारी बहुत जरूरी है।"उन्होंने कहा कि नशा समाज, परिवार और खासकर युवा पीढ़ी को सबसे अधिक प्रभावित करता है। इसलिए स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों एवं विभिन्न सरकारी–गैरसरकारी संस्थाओं को निरंतर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। डीएम ने शिक्षकों एवं संस्थान प्रमुखों से युवाओं पर विशेष ध्यान देने की अपील की। स्काउट गाइड टीम ने पोस्टर, स्लोगन और जन-जागरूकता संदेशों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। अधिकारियों ने कहा कि "नशा मुक्त भारत अभियान एक सरकारी कार्यक्रम भर नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन है, जिसमें सभी का योगदान आवश्यक है।"कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने "नशा मुक्त भारत, खुशहाल भारत" का संकल्प लेते हुए जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए अपना सक्रिय योगदान देने का वादा किया।

# गौरी सोनवर्षा विद्यालय में कमरों के अभाव में बच्चों का शिक्षण कार्य प्रभावित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड स्थित इंटर विद्यालय गौरी सोनवर्षा इन दिनों बदहाल सुविधाओं और गहरी उपेक्षा का शिकार है। विद्यालय में कमरों की भारी कमी, पेयजल संकट और जर्जर शौचालयों के कारण शिक्षण कार्य ठप-सा हो गया है। स्थिति यह है कि कक्षा एक से 12वीं तक की पढ़ाई के लिए मात्र सात कमरे उपलब्ध हैं, जबकि विद्यालय में लगभग 200 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। यह विद्यालय पूर्व में मध्य विद्यालय था, जिसे बाद में इंटर विद्यालय में परिवर्तित किया गया, परंतु ढांचागत सुधार अब तक नहीं हो सके। विद्यालय परिसर में इंटर भवन बनकर तैयार तो है, लेकिन उसे अभी तक प्रधानाध्यापक को हस्तांतरित नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप शिक्षण का भार इन सीमित और अपर्याप्त कमरों पर ही बना हुआ है। विद्यालय में केवल एक चापाकल और एक शौचालय है, वह भी पूरी तरह जर्जर अवस्था में। पेयजल और स्वच्छता की इस गंभीर कमी के बीच छात्र-छात्राओं का नियमित पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी शिक्षण माहौल को बाधित करता है। मध्य विद्यालय की स्थिति भी कम दयनीय नहीं है। कक्षा 1 से 8 तक लगभग 260 छात्र प्रतिदिन स्कूल आते हैं, जबकि मात्र छह शिक्षक पदस्थापित हैं—कक्षा 6 से 8 के लिए दो और कक्षा 1 से 5 के लिए चार शिक्षक। इंटर और हाई स्कूल स्तर पर भी शिक्षक संकट बरकरार है। नवम और दशम कक्षाओं में सामाजिक विज्ञान और संस्कृत के शिक्षक नहीं हैं, जबकि इंटर में भौतिकी, रसायन शास्त्र और गणित जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक अनुपस्थित हैं। प्रधानाध्यापक अलका कुमारी ने बताया कि इंटर भवन तैयार है, लेकिन सुपुर्दगी नहीं होने से उसका उपयोग संभव नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों की भारी कमी और बुनियादी समस्याओं की जानकारी संबंधित वरीय अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। शिक्षा विभाग की इस उपेक्षा के चलते क्षेत्र के बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़।**
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण के लिए सूचना
प्रारूप सं0–4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **सन्ना खान, उम्र–करीब 33 वर्ष, पिता–ऋशिकेश कुमार शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास(बिहार)** ने भारतीय दण्ड संहिता धारा–323/498(**A**) 504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अधीन दंडनीय संज्ञेय, अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त रविन्द्र कुमार शर्मा मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि रविन्द्र कुमार शर्मा फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामिला से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि पतरातु थाना कांड सं0–174/2024 दिनांक–28.06.2024, धारा–323/498(**A**)/504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अभियुक्त सन्ना खान, उम्र–करीब 33 वर्ष, पिता–ऋशिकेश कुमार शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) से अपेक्षा की जाती है कि वह माननीय न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उतर देने के लिए (स्थान) मे व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में **तारीख –05.12.2025** को हाजिर हो।

**तिथी– 03.11.2025**
(न्यायालय का मुहर)

**आलोक सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
रामगढ़।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि सन्ना खान, उम्र–करीब 33 वर्ष, पिता–ऋशिकेश कुमार शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में **पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़/श्री आलोक सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, रामगढ़, झारखण्ड** न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।
**पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मो0 नं0–9431706113**
**थाना प्रभारी पतरातु, जिला–रामगढ़ मो0 नं0–9431706322**

PR 366248 (Police) 25-26 (D)

**पुलिस अधीक्षक**
**रामगढ़**

# बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद किसानों को मिलेगा अनुदानित बीज



नबिटा संवाददाता

**औरंगाबाद।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में 28397.96 क्विं॰ किसानों के बीच बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित है।किसानों के द्वारा स्वयं https://brbn.bihar.gov.in या पंचायत स्तरीय कृषि समन्वयक के माध्यम से ऑन-लाईन किया जाना है। यदि किसान स्वयं से ऑन लाईन नहीं कर पाते है तो अपने पंचातय के किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयक से सम्पर्क स्थापित कर बिना कोई शूल्क के ऑन-लाईन करा सकते है। जिले में प्रत्यक्षण एवं अनुदानित दर पर बीज वितरण हेतु 19873.56 क्विंटल बीज प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त बीज को बीआरबीएन के अधिकृत बीज विक्रेताओं के माध्यम से सभी प्रखंडों में उपलब्ध कराया गया है। बीज वितरण की प्रक्रिया "पहले आओ पहले पाओ" के आधार बॉयोमीट्रिक के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। किसान बंधुओं से अनुरोध है कि अपने पंचायत के कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार से संपर्क कर यथाशीघ्र बीज प्राप्त कर अपने खेत में रबी बीज लगाने की कृपा की जाय।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़**
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण के लिए सूचना
प्रारूप सं0–4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **मधु शर्मा, उम्र–करीब 55 वर्ष, पति–श्याम सुंदर शर्मा, सा0–बाद,थाना– गोरारी, जिला–रोहतास(बिहार)** ने भारतीय दण्ड संहिता धारा– 323/498(A) 504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अधीन दंडनीय संज्ञेय, अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त रविन्द्र कुमार शर्मा मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि रविन्द्र कुमार शर्मा फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामिला से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि पतरातु थाना कांड सं0–174/2024 दिनांक–28.06.2024, धारा–323/ 498(**A**)/504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अभियुक्त मधु शर्मा, उम्र–करीब 55 वर्ष, पति–श्याम सुंदर शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) से अपेक्षा की जाती है कि वह माननीय न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उतर देने के लिए (स्थान) मे व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में **तारीख –05.12.2025** को हाजिर हो।

**तिथी– 03.11.2025**
**(न्यायालय का मुहर)**

**आलोक सिंह**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी**
**रामगढ़**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार मधु शर्मा, उम्र–करीब 55 वर्ष, पति–श्याम सुंदर शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में **पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़/श्री आलोक सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, रामगढ़, झारखण्ड** न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।
**पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मो0 नं0–9431706113**
**थाना प्रभारी पतरातु, जिला–रामगढ़ मो0 नं0–9431706322**

**पुलिस अधीक्षक,**
**रामगढ़**

**PR 366242 Police(25-26).D**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़**
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

**आवश्यक सूचना**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना**
प्रारूप सं0–4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **श्याम सुंदर भार्मा, उम्र–करीब 65 वर्ष, पिता–स्व0 रामाश्रय शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला– रोहतास (बिहार)** ने भारतीय दण्ड संहिता धारा–323/498(**A**) 504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अधीन दंडनीय संज्ञेय, अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त रविन्द्र कुमार शर्मा मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि रविन्द्र कुमार शर्मा फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामिला से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि पतरातु थाना कांड सं0–174/2024 दिनांक–28.06.2024, धारा–323/498(**A**)/504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अभियुक्त श्याम सुंदर शर्मा, उम्र–करीब 65 वर्ष, पिता–स्व0 रामाश्रय शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) से अपेक्षा की जाती है कि वह माननीय न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उतर देने के लिए (स्थान) मे व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में **तारीख –05.12.2025** को हाजिर हो।

**तिथी– 03.11.2025**
(न्यायालय का मुहर)

**आलोक सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
रामगढ़।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार श्याम सुंदर शर्मा, उम्र–करीब 65 वर्ष, पिता–स्व0 रामाश्रय शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में **पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़/श्री आलोक सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, रामगढ़, झारखण्ड** न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।
**पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मो0 नं0–9431706113**
**थाना प्रभारी पतरातु, जिला–रामगढ़ मो0 नं0–9431706322**

**PR 366243 Police(25-26)#D**

**पुलिस अधीक्षक,**
**रामगढ़**

# नशामुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ आयोजित

## नशामुक्त समाज निर्माण का लिया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** समाज कल्याण विभाग बिहार के निर्देशानुसार नेशनल एक्शन प्लान फर ड्रग डिमांड रिडक्शन के तहत नशा मुक्त भारत अभियान की पाँचवीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को पूरे जिले में व्यापक रूप से शपथ ग्रह्ला कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर पंचायत स्तर तक सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं सामुदायिक केंद्रों में लोगों ने नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प लिया। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला के दिशा-निर्देशन में सभी स्थानों पर एक साथ शपथ ग्रह्ला का आयोजन किया गया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग में आयोजित कार्यक्रम में विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए क्यूआर कोड के माध्यम से डिजिटल रूप में शपथ दिलाई गई। साथ ही उपस्थित कर्मियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों ने इस पहल में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।इसी क्रम में गांधी स्टेडियम में भी शपथ ग्रह्ला समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, कोच, स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों पर जागरूकता बढ़ाने और नशा उन्मूलन की प्रतिबद्धता को मजबूत करने हेतु सामूहिक शपथ ली।इसी क्रम में गांधी स्टेडियम में भी शपथ ग्रह्ला समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी, खिलाड़ी, कोच, स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों पर जागरूकता बढ़ाने और नशा उन्मूलन की प्रतिबद्धता को मजबूत करने हेतु सामूहिक शपथ ली।इसके अतिरिक्त जिले के सदर अस्पताल, सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, जीविका समूहों, नगर परिषद एवं नगर पंचायत कार्यालयों, बुनियाद केंद्रों, प्रखंड और अंचल कार्यालयों , स्कूलों एवं कलेजों सहित अनेक संस्थानों में भी शपथ ग्रह्ला कार्यक्रम आयोजित हुआ।

# जीविका ने चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बरौनी।** जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा मंगलवार को नगर परिषद बरौनी और आस पास के क्षेत्र में बढ़ रहे सूखा नशा के विरोध एवं लोगों को जागरूक करने के लिए नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान फुलवाड़िया 2 सामुदायिक भवन में शुरू होकर विभिन्न गली मोहल्लों से होते हुए बरौनी गुमटी संख्या 8 के समीप समाप्त किया गया। वहीं अभियान के दौरान उपस्थित जीविका दीदी को शपथ दिलाया गया। अपने परिवार के साथ साथ आस पास के लोगों को नशा मुक्त जागरूकता करने के लिए जीविका से शपथ दिलायी गयी। इस अभियान में उपस्थित विनोद कुमार एसी ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रहा है। नशा का प्रकोप को देखते हुए जीविका दीदी के द्वारा नशा मुक्ति अभियान निकल गया। ताकि समाज में बढ़ रहे नशा पर रोक लग सके। वहीं संगठन के अध्यक्ष अंजुम खातून ने बताई की क्षेत्र में बढ़ रहे सुख नशा से हमारे समाज के छोटे-छोटे बच्चे की स्थिति इन दिनों बहुत ही खराब हो गई है। मंगलवार को जीविका दीदी के द्वारा नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया ताकि समाज के बच्चे जागरूक हो। इस दौरान विनोद कुमार विमल, ममता कुमारी अन्नू कुमारी, रोमा कुमारी, कंचन कुमारी, पूनम देवी, कंचन कुमारी, कंचन कुमारी, कुलसुम जहां, प्रियंका देवी मंजू देवी, गोपाल कुमार, प्रियंका कुमारी, नीलम देवी बीमा देवी, ज्योति कुमारी सहित दर्जनों जीविका दीदी उपस्थित थे।

# नवलोक नेत्रालय द्वारा नि:शुल्क आंख जांच शिविर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नवलोक नेत्रालय के द्वारा मंगलवार को नेत्र जाँच शिविर का आयोजन शर्मा सेवा सदन नावकोठी में किया गया। नेत्र चिकित्सक डा पूनम सिंह की टीम ने आंख की बिमारी से ग्रसित 50 रोगियों की जांच की। जांच के उपरांत आवश्यक दवा तथा परामर्श दिया। चिकित्सक ने कहा कि मनुष्य की आंख मानव शरीर का बहुमूल्य अंग है। इससे पानी चलना, लाल हो जाना, धुंधला दिखाई देना, दूर तथा नजदीक की वस्तु को सही ढंग से नहीं देख पाना

**सुविधा**

आदि आम बातें हैं। ससमय चिकित्सक से इसकी जाँच कराना, आवश्यक दवा का प्रयोग करने से इन समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। मोतियाबिंद हो जाने के स्थिति में आपरेशन से इस परेशानी से निजात मिल जाता है। इसकी समुचित देखभाल के तरीके की जानकारी भी दी गई। मौके पर अभिषेक कुमार, सोनू पाठक, अश्विनी कुमार श्रीवास्तव, राजेन्द्र शर्मा, अब्दुल रहमान आदि मौजूद थे।

# कटाव प्रतिरक्षात्मक कार्य आरंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** शनिवार को बलिया प्रखंड क्षेत्र के शिवनगर एवं मुंगेर जिले के कुतलूपुर पंचायत अंतर्गत हरी बाबू टोला के समीप हुये कटाव को लेकर सोमवार को बाढ़ प्रतिरक्षात्मक कार्य की शुरूआत की गई। हालांकि शिवनगर के समीप तो अभी यह कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिसके कारण सोमवार की शाम भी कुछ मीटर में शिवनगर के समीप कटाव होने की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा दी गयी है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता रामचंद्र चौरसिया ने बताया कि शनिवार को शिवनगर एवं कुतलूपुर पंचायत के हरी बाबू टोला के समीप कटाव होने के बाद ग्रामीणों द्वारा दी गयी। जानकारी पर बेगूसराय जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता राजीव चौधरी सहित मुंगेर जिले के एडीएम के साथ राजस्व अधिकारी आदि कटाव स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

**अधिकारियों ने लिया जायजा**

साथ ही कटाव रोकने के लिये कटाव निरोधक कार्य करने का निर्देश भी दिया गया। जिस आलोक में सोमवार से हरी बाबू टोला के समीप कटाव निरोधक कार्य शुरूकर दिये गये हैं। जबकि शिवनगर के समीप अभी कार्य की शुरूआत नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि शिवनगर के समीप भी बाढ़ प्रतिरक्षात्मक कार्य की शुरूआत की जायेगी। बताया जाता है कि नवंबर माह में हुई इस कटाव के कारण दर्जनों घर गंगा में विलीन होने के कगार पर आ चुके हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में दहशत बना हुआ है। दहशत का आलम यह है कि लोग अपने घरों के खिड़की चौखट दरवाजे खोल रहे हैं। साथ ही सामानों को घर से हटाकर सुरक्षित स्थानों पर रखने को विवश हैं।

# जेवर दुकान से लाखों की चोरी

**मंसूरचक।** थाना क्षेत्र के गोविंदपुर चौफेर चौक के पास स्थित नाथो साह के भाव्या रानी ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने दुकान के बगल वाले दीवार में सेंध लगाकर दुकान में रखा चांदी चोरी कर ली। यह घटना बीती रात को हुई। जिसका पता सुबह दुकान खुलने पर चला। पीड़ित दुकानदार नाथो साह पिता स्वर्गीय अनंतलाल साह ने इस संबंध में मंसूरचक पुलिस थाने में शिकायत दी है। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई कर चोरों को पकड़ने और चोरी हुए सामान को बरामद करने की मांग की है। थानाध्यक्ष गोविन्द कुमार पाण्डेय ने बताया है कि जांच पड़ताल किया जा रहा है और जल्द खुलासा किया जायेगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। इस घटना से स्थानीय व्यापारियों में चिंता है और उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द कार्रवाई की अपील की है।

## अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** डंडारी थाना की पुलिस ने हत्या एवं आर्म्स एक्ट के मामले में प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पूर्व की मामला दर्ज डंडारी थाना कांड संख्या 98/25 के हत्या एवं आर्म्स एक्ट मामले में प्राथमिकी अभियुक्त को पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। वहीं गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त की पहचान बलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत इनियार मझनपुर नया टोला निवासी विशो यादव का 45 वर्षीय पुत्र कारी यादव उर्फ संजय यादव के रूप में बताया गया। वहीं उन्होंने कहा उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद डंडारी थाना में अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत के लिए बेगूसराय जेल भेज दिया गया।

## मैट्रिक की होगी सेंटअप परीक्षा

**भगवानपुर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक और इंटर की सेंटअप परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। तेयाय हाई स्कूल के प्रभारी प्रधान रमा रमण व दहिया के संजीव कुमार ने बताया कि परीक्षा संचालन से संबंधित जरूरी निर्देश विभाग द्वारा मिल चुका है।उन्होंने कहा कि परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में आयोजित होगी। इसके लिए वीक्षक को आवश्यक निर्देश दिया गया है। पूर्ववर्ती और कंपार्टमेंटल परीक्षार्थियों को सेंटअप में शामिल होने से छूट दी गई है।

## 17 महिलाओं का बंध्याकरण

**भगवानपुर।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भगवानपुर में 17 महिलाओं का बंध्याकरण अपरेशन मंगलवार को प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डा दिलीप कुमार के द्वारा किया गया। सभी महिलाओं को अपरेशन के उपरांत दवाई भी दी गई।मौके पर एएनएम श्वेता कुमारी, सुषमा कुमारी, जीएनएम बेबी कुमारी आदि मौजूद थे।

# संज्ञा समिति का बड़ा कदम : 23 नवंबर को देव में लगेगा मुफ्त जांच शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** संज्ञा समिति जिला आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आगामी 23 नवंबर 2025 रविवार को देव प्रखंड के केताकी स्थित अंशुमान पब्लिक स्कूल में निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित करेगी। समिति ने भगवान भास्कर की पावन धरती देव से इस सेवा अभियान की शुरुआत करने का निर्णय लिया है। यह फैसला कल देर शाम संज्ञा समिति के जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने की। बैठक में कैंप की तैयारियों, डॉक्टरों की टीम, व्यवस्थाओं एवं प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने वालों में प्रमुख थे- केंद्रीय सह सचिव आशुतोष पाठक, जिला उपाध्यक्ष उज्जवल रंजन, दुर्गेश भारद्वाज, संयुक्त सचिव ब्रजेश मिश्र, अंकेक्षक भारती भूषण, मीडिया हेड राज पाठक, संजय जी तथा डॉ. मनोहर जी के प्रतिनिधि।समिति ने बताया कि शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र परीक्षण, बीपी-शुगर जांच, महिला स्वास्थ्य परामर्श, तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने के लिए संज्ञा समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं।

# मिट्टी से सृजन : पॉटरी व क्ले वर्कशॉप ने जगाई रचनात्मकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), गया में सत्र 2024-26 के द्वितीय वर्ष के डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए मंगलवार को पाठ्यक्रम के पेपर- 'कार्य एवं शिक्षा' के अंतर्गत एक अत्यंत शिक्षाप्रद, कलात्मक और अनुभवात्मक पॉटरी व क्ले वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में मिट्टी की सौंधी खुशबू, प्रशिक्षकों का उत्साह और प्रशिक्षु छात्राध्यापकों की रचनात्मक ऊर्जा देखते ही बन रही थी। इस वर्कशाप का उद्देश्य प्रशिक्षण को कला एवं कार्य आधारित शिक्षा के महत्व से परिचित कराना और उन्हें हाथों के कौशल के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि कार्य आधारित शिक्षा डीएलएड प्रशिक्षण के समग्र विकास का आधार है। उन्होंने प्रशिक्षुओं द्वारा प्रदर्शित रचनात्मक और सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां शिक्षण को अधिक प्रभावी अनुभवात्मक और बाल केंद्रित बनाती है। डॉ. शुक्ला ने प्रशिक्षुओं को आगे भी इसी तरह उत्साह और समर्पण के साथ सीखने का आह्वान करते हुए भविष्य में इसे विद्यालय शिक्षण में लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि यह पॉटरी व क्ले वर्कशॉप न केवल एक कलात्मक आयोजन था बल्कि एक गहन अनुभवात्मक और छात्र केंद्रित गतिविधियां भी रही, जिसने कला शिक्षा और व्यावहारिक जीवन में जरूरी ज्ञान एवं सीखने के संबंध को और अधिक मजबूत करता है। कार्यशाला का संचालन संस्थान के कुशल और अनुभवी संकायाध्यक्ष श्री गणेश शंकर विद्यार्थी एवं अकादमिक प्रभारी निधि नैनम ने साथ मिलकर किया। इस दौरान कार्यशाला में स्थानीय कलाकार रामजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने शुरुआत से ही प्रशिक्षकों के बीच उत्सुकता और जिज्ञासा का बार वातावरण बनाते हुए मिट्टी की प्रकृति, उसके प्रकार, उसकी तैयारी और उसके आकार देने की प्रक्रिया को अत्यंत सहजता और गहराई से समझाया। उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षुओं ने मिट्टी को गूंथने से लेकर छोटे-छोटे मॉडल और कलात्मक आकृतियां तैयार करने तक हर चरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। चाक के उपयोग की तकनीक, हाथ से आकृति गढ़ने का कौशल और मिट्टी को संरचनात्मक रूप देने की प्रक्रिया ने प्रशिक्षुओं को कलात्मक ज्ञान के साथ-साथ मानसिक रूप से भी समृद्ध किया। उस दौरान उनके कल्पना शक्ति, सौंदर्य बोध और रचनात्मकता उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा दे रहा था। बताया गया कि वर्कशॉप केवल कलात्मक अभ्यास पर ही सिर्फ केंद्रित नहीं था बल्कि इसका गहरा शैक्षिक उद्देश्य भी था। कार्यशाला के आयोजन के लिए संस्थान के सभी संकाय सदस्यों एवं प्रशिक्षुओं ने लकड़ी और इलेक्ट्रॉनिक चाक पर विभिन्न कलाकृतियों का उत्साह पूर्वक निर्माण किया तथा यह अनुभव किया कि ऐसी गतिविधियां कक्षा के वातावरण को जीवंत और बच्चों के लिए अधिक आकर्षक बनाती है। वर्कशॉप के अंत में प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार की गई कलात्मक वस्तुओं की एक सुंदर प्रदर्शनी लगाई गई जिसे सभी संकाय सदस्यों ने अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सराहा। प्रशिक्षुओं की रचनात्मकता, मेहनत और सीखने की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से इस दौरान दिखाई दी। सभी संकाय सदस्यों ने योजना, मार्गदर्शन, मूल्यांकन और व्यवस्थापन के प्रत्येक चरण में प्रशिक्षुओं को पूरा सहयोग प्रदान किया। संस्थान के वरीय व्याख्याता डॉ गणेश प्रसाद साव एवं अन्य व्याख्याता चंद्रशेखर कुमार, रोहित कुमार, एकता कनौजिया, वंदना कुमारी, ऋषि राज, रीना कुमारी, सुनीता कुमारी एवं संजीत कुमार के सक्रिय भागीदारी और सतत प्रोत्साहन से कार्यक्रम की गुणवत्ता और बेहतर हुई। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में राकेश कुमार, उमेश कुमार उर्मिला देवी, राजेंद्र कुमार, ओमप्रकाश पंडित, मंसूर अंसारी, प्रीतम कुमार ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कोषागार कार्यालय में काम के बदले पैसे मांगने की गोपगुट ने की शिकायत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में कार्यरत शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान मामले में जिला कोषागार के कुछ कर्मियों की संदिग्ध भूमिका सामने आ रही है। बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोपगुट के प्रतिनिधिमंडल ने इस बाबत जिलाधिकारी और वरीय कोषागार पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप शिकायत दर्ज की है। शिक्षक संघ का कहना है कि जिला शिक्षा कार्यालय से प्रेषित बकाया वेतन विपत्र भुगतान हेतु जिला

**दोषी कर्मियों पर की गई कार्रवाई की मांग**

कोषागार कार्यालय के लिपिक के द्वारा बजाब्ते एक प्रतिशत राशि घूस की मांग की जाती है। घूस की राशि प्राप्त होने पर संपूर्ण अवधि का एकमुश्त भुगतान कर दिया जाता है। आरोप लगाते हुए संघ के ज्ञापन में कहा गया है कि घूस की राशि नहीं मिलने पर बकाया वेतन का विपत्र वापस कर दिया जाता है। मातृत्व अवकाश की अवधि (6 माह) में से किसी एक माह का भुगतान कर शेष अवधि का भुगतान बाधित किया जाता है। कई मामलों में आधा अधूरा भुगतान कर वेतन विपत्र को अधर में लटकाने का मामला सामने आया है। टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र और कार्यकारी जिला महासचिव अभिषेक रंजन ने कहा कि शिक्षकों से अवैद्य वसूली को संघ बर्दाश्त नही करेगी। संगठन ने जिलाधिकारी और वरीय कोषागार पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप समेकित पहल की मांग उठाई है। अन्यथा शिक्षक लोकतांत्रिक संघर्षों को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी जिला अध्यक्ष नीतेश रंजन, धर्मांशु झा, रौशन यादव, नीरज नयन, संतोष चौरसिया, विकास कुमार, अभिनन्दन कुमार, रंधीर कुमार, आलोक वर्धन आदि शामिल थे।


**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VII**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू-अर्जन निदेशालय),या, समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम-30/2013 की धारा-19 (1) के अधीन)**

संख्या :-1131 B भू0अ0, पलामू, दिनांक :-14.11.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **कुटी से हुटार भाया रामगढ़, (ब्लॉक हेड क्वॉटर) पथ (कुल लंबाई-24.100 कि0मी0) पथ का मजबूतीकरण और पुर्ननिर्माण कार्य परियोजना/प्रयोजन निर्माण** हेतु ग्राम- रामगढ़, थाना- चैनपुर, थाना सं0- 82, अंचल- चैनपुर, जिला- पलामू, में कुल रकबा- 3.751 एकड़ यानि हे0 1.5180 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 3.751 एकड़ यानि 1.5180 हेक्टेयर है और जो ग्राम- रामगढ़, थाना- चैनपुर, थाना सं0- 82, अंचल- चैनपुर, जिला- पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है।

**ग्राम-रामगढ़, थाना सं0-82 कुल रकबा-3.751 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2 | 615 | बकास्त | – | 0.175 | रामवृक्ष मिस्त्री पिता गोविन्द मिस्त्री वो भिखारी दुसाध पिता झुमक दुसाध वो जीजा देवी पति रामबृक्ष मिस्त्री वो वुलापत मिंया वो अकलु मिंया पिता बहादुर मिंया | | | | |
| 2 | 75 | 619 | रैयती | टाड़ II | 0.037 | संतोषी भुईहर पिता ठोकहर भुईहर | | | | |
| 3 | 2 | 673 | बकास्त | टाड़ III | 0.215 | फुलमानी बीबी वो ललु मिंया पेसरान उमरमहम्मद मिंया वो मुसी मिंया | | | | |
| 4 | 2 | 672 | बकास्त | – | 0.049 | फुलमानी बीबी वो ललु मिंया पेसरान उमरमहम्मद मिंया वो मुसी मिंया | | | | |
| 5 | 2 | 671 | बकास्त | – | 0.065 | फुलमानी बीबी वो ललु मिंया पेसरान उमरमहम्मद मिंया वो मुसी मिंया | | | | |
| 6 | 84 | 622 | रैयती | टाड़ I | 0.074 | गुलमयिर मिंया पिता बजीर मिंया | | | | |
| 7 | 42 | 647 | रैयती | टाड़ I | 0.063 | सीता साव पिता स्व0 केसर साव | | | | |
| 8 | 2 | 686 | बकास्त | टाड़ III | 0.690 | शिला देवी पति बैजनाथ प्रसाद केसरी | | | | |
| 9 | 7 | 699 | रैयती | – | 0.228 | – | | | | |
| 10 | 12 | 700 | रैयती | – | 0.534 | – | | | | |
| 11 | 12 | 696 | रैयती | – | 0.006 | – | | | | |
| 12 | 7 | 694 | रैयती | – | 0.102 | – | | | | |
| 13 | 7 | 695 | रैयती | – | 0.109 | – | | | | |
| 14 | 2 | 737 | बकास्त | टाड़ | 0.370 | सीता साव केसरी पिता स्व0 केसर साव | | | | |
| 15 | 22 | 778 | रैयती | – | 0.190 | – | | | | |
| 16 | 12 | 780 | रैयती | – | 0.104 | शंकर दयाल साव पिता रघुनन्दन साव | | | | |
| 17 | 12 | 777 | रैयती | – | 0.277 | द्रोपदी साहु पिता रामधनी साहु | | | | |
| 18 | 74 | 781 | रैयती | टाड़ II | 0.064 | इरसाद अंसारी पिता रफीक मिंया | | | | |
| 19 | 12 | 786 | रैयती | टाड़ I | 0.051 | कलामुदीन अंसारी पिता मो0 इसलाम अंसारी | | | | |
| 20 | 40 | 790 | रैयती | टाड़ I | 0.282 | विष्णु प्रसाद पिता स्व0 रामधनी साव | | | | |
| 21 | 12 | 787 | रैयती | टाड़ | 0.007 | कलामुदीन अंसारी पिता मो0 इसलाम अंसारी | | | | |
| 22 | 74 | 788 | रैयती | टाड़ I | 0.059 | विरजा देवी पति सरजु राम | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0-30/2013 की धारा-15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :-

ग्राम...............×............... थाना...............×.............. थाना सं0.................×.................. अंचल.............×................जिला............ ×............... क्षेत्रफल .............×............. एकड़...............×................ यानि..............×............ हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :-.......×.........................................

**जिला भू-अर्जन, कानुनगो पलामू।** | **जिला भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू।** | **अपर समाहर्त्ता पलामू।** | **उपायुक्त पलामू।**

**PR 366318 Palamu(25-26)#D**

# तांडव : सैप जवान की पीट-पीटकर हत्या

## बालू खनन मामले पर कार्रवाई करने गई थी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** अनुमंडल के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात बालू माफियाओं ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। अवैध बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गई टीम पर माफियाओं ने हमला कर दिया, जिसमें एक सैप जवान की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, जिला खनन विभाग की टीम दुल्हिन बाजार थाने के अमवा इनार इलाके में अवैध खनन की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया। ट्रैक्टर चालक मौके से भाग निकला। ट्रैक्टर को जब्त कर दो सैप जवान थाने ला रहे थे। एक जवान ट्रैक्टर चला रहा था, जबकि दूसरा उसके बगल में बैठा था। थाने से करीब 200-300 मीटर पहले ही स्कॉर्पियो सवार बालू माफियाओं ने ओवरटेक कर ट्रैक्टर रोक लिया। जवान कुछ समझ पाते, इससे पहले ही माफियाओं के गुर्गों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। दोनों सैप जवान जान बचाने के लिए भागने लगे, लेकिन आरोपियों ने उन्हें दौड़ाकर स्कॉर्पियो से कुचल दिया। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर स्कॉर्पियो छोड़कर फरार हो गए। घायल जवानों को सड़क पर तड़पते देख राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति में दोनों को पटना रेफर कर दिया। पटना जाने के क्रम में एक जवान की मृत्यु हो गई। दूसरे का इलाज जारी है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की पहचान के लिए छापेमारी चल रही है।

# पुनपुन एसएमडी कॉलेज में खुलेगी कैंटीन, हुआ भूमि पूजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन के एसएमडी कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए अब कैंटीन की सुविधा मिलने जा रही है। दरअसल तकरीबन 70 लाख की लागत बिहार शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड के द्वारा महाविद्यालय में चयनित स्थल पर मंगलवार को भूमि पूजन एवं शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) मधुरेन्द्र एवं राजू सिंह कॉन्ट्रैक्टर उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ मधुरेंद्र ने बताया कि कॉलेज में कैंटीन की सुविधा के लिए भूमिपूजन किया गया है, जिससे छात्रों और कर्मचारियों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिलेगा। यह कैंटीन छात्रों और कर्मचारियों की भोजन संबंधी जरूरतों को पूरा करेगी और एक सुविधाजनक स्थान पर स्थित होगी। जहाँ कॉलेज परिसर में एक कैंटीन, प्रथम तल हॉल, निर्माण कराया जाना है। यह 6 महीने के अंतराल में निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा, इसका तकरीबन 70 लाख रुपए लागत बताई जा रही है। यह कैंटीन स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण सेवा के मानकों का पालन करेगी, जिससे विद्यार्थियों को महाविद्यालय परिसर में ही संतुलित और स्वास्थ्यवर्धक अल्पाहार उपलब्ध हो सकेगा

# दरधा नदी में डूबने से बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बहरामपुर ओपी धनरूआ थाना के नसरतपुर गांव स्थित दरधा नदी में डुबने से सात साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान सौरभ कुमार उम्र करीब 07 वर्ष पिता ओम प्रकाश कुमार सा0 नसरतपुर है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक बच्चा अपनी मां के साथ नदी के किनारे लकड़ी लाने गया था, जब मां लकड़ी चुन रही थी उसी दौरान वह बच्चा खेल रहा था खेलने के वक्त वह पानी में फिसल गया और गहरे पानी में चला गया, हालांकि उस वक्त मां को भी नहीं पता चला, जब काफी खोज भी होने लगी तो आसपास के लोग नदी में भी देखें तो नदी में उसका शव पाया गया। मौके पर खबर मिलते ही पहुंची बहरामपुर ओपी थाना के पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए पटना पीएमसीएच भेजा गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### एनडीए विधायक दल...

इतना बड़ा जनादेश मिला है। यह बहुत अच्छी बात है कि पार्टियां जातीय सीमाओं से ऊपर उठकर चुनाव में विकास को मुख्य मुद्दा बनाएं। एनडीए गठबंधन के अंदर सभी दल छह सीटों पर एक मंत्री वाले फॉमूले पर चलेंगे, यह तय है। इस बीच भाजपा और जदयू दोनों इस बार विधानसभा अध्यक्ष का पद अपने पास रखना चाह रही है। अब तक यह पद भाजापा के पास ही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष हैं। इस बार भी भाजपा अपने पास ही यह पद रखना चाहती है लेकिन, जदयू की इच्छा है कि विधानसभा अध्यक्ष का पद इस बार उन्हें मिले। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि 19 सीटें लाने वाली चिराग पासवान की पार्टी भी डिप्टी सीएम के एक पद पर अपना दावा ठोक रही है। लेकिन, भाजपा पिछली बार की तरह ही दोनों डिप्टी सीएम पद पर अपनी पार्टी के नेता उतारना चाहते हैं। इन दोनों विषयों पर गठबंधन के घटक दल बातचीत कर रहे हैं। दिलीप जायसवाल और विजय चौधरी ने कहा कि जल्दी ही सारी तस्वीरें साफ हो जाएंगे। कोई पद किसी दल का नहीं होगा, बल्कि एनडए गठबंधन का होगा।

### बिहार ने फिर से नीतीश...

सवाल-मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सका। न एंटी-इनकंबेंसी का असर दिखा और नहीं राजनीतिक हमलों का। जनता ने संदेश दिया कि उनकी प्राथमिकता विकास और स्थिर नेतृत्व है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि इस प्रचंड जनसमर्थन ने न केवल बिहार में बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में भी नीतीश कुमार की भूमिका को और निर्णायक बना दिया है। एनडीए सरकार की नीतियों और रणनीति के केंद्र में उनकी संतुलनकारी भूमिका आगे भी महत्वपूर्ण बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला बताता है कि आने वाले पांच वर्षों तक बिहार की प्रगति और सुशासन का भरोसेमंद चेहरा नीतीश कुमार ही रहेंगे। जनता ने विकास के पथ पर राज्य को आगे बढ़ाने का जिम्मा एक बार फिर दृढ़ विश्वास के साथ उन्हें सौंपा है।

# ई रिक्शा पलटने से दो लोग गंभीर रूप से जख्मी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया फोरलेन पर नदवां विजय डेयरी के पास एक ई रिक्शा पलटने से दो लोग गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं सूचना मिलते ही नगमा आप पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मसूरी में पहुंचाया गया है। जख्मी व्यक्ति भगवान के बस और के रहने वाला है जिसका नाम अजय सिंह उम्र 48 वर्ष पिता सकलदेव सिंह एवं नीतीश पासवान उम्र 28 वर्ष दोनों ग्राम बसौर थाना भगवानगंज का निवासी है। घटना के संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि ई-रिक्शा पर सवार दो व्यक्ति पटना से अपने घर बसौर जा रहे थे, जैसे ही नदवां डेयरी के पास पहुंचे जहां एक विपरीत दिशा में आ रहे चार पहिया वाहन के लाइट से ई रिक्शा चालक चकमा खा गया जिससे वह पलट गया और बगल के सडक किनारे टकराया जिससे दोनों व्यक्ति गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं।

# मसौढ़ी में धान अधिप्राप्ति शुरू, 13 समितियों का किया गया चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के तहत धान की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। मसौढी प्रखंड के खरांट पंचायत से इसकी शुरुआत कर दी गई है जहां प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी लाल प्रसाद ने इसका विधिवत उद्घाटन किया है जहां अब तक 8.5 एमटी धान की खरीदारी हो चुकी है पूरे मसौढी प्रखंड में 13 समितियों का चयन किया गया है जबकि बारा पंचायत, निशियावां पंचायत, भगवानगंज पंचायत, डिफाल्टर हैं। इसके अलावा नदौल रद्द हो चुका है और भदौरा पंचायत भी निलंबन है। अब तक 13 सहकारिता समितियों को खरीदारी के लिए चयनित किया गया है। धान खरीदारी की शुरूआत में खरांट पंचायत सबसे आगे रहा। यहां के किसानों से 8.5 एमटी धान की खरीदारी हुई है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी लाला राजीव प्रसाद ने






बताया कि धान खरीदारी की पूरी प्रक्रिया पर टास्क फोर्स के द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है। किसान व समितियों को परेशानी न हो और पारदर्शिता के साथ प्रक्रिया पूरी हो, इसके लिए लगातार काम किया जा रहा है लेकिन नमी के कारण खरीद की रफ्तार अपेक्षित नहीं है। किसानों के खेतों में धान की कटनी कुछ इलाकों में पूरी नहीं हुई है, जबकि जहां कटनी हो गई है, वहां नमी की उच्च मात्रा खरीद प्रक्रिया धीमी है। कई क्रय केंद्रों पर अभी केवल तैयारी का कार्य चल रहा है। भुगतान व्यवस्था को लेकर सहकारिता विभाग ने निर्देश दिया है कि किसानों को साधारण धान के लिए 2369 रुपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान के लिए 2389 रुपये प्रति क्विंटल की दर से राशि अधिकतम 48 घंटे के भीतर उपलब्ध कराई जाए। संभावना है कि अगले 15 से 20 दिनों में खरीद गति पकड़ लेगी। किसानों को भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर ही किया जाएगा।

**पंजीकृत किसानों से ही होगी खरीदारी**

इस बार पूरी प्रक्रिया बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली के माध्यम से की जाएगी ताकि पारदर्शिता बनी रहे। केवल पंजीकृत किसानों से ही धान की खरीद की जाएगी। पिछले साल सरकारी प्रक्रिया से किसानों में नाराजगी थी और कई किसानों ने पेमेंट में देरी के कारण धान बिचौलियों को बेच दिया था। खरीदारी की प्रक्रिया में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इसके लिए दिशा-निर्देश जारी किया है। इस बार पूरी प्रक्रिया बायोमेट्रिक सत्यापन प्रणाली के माध्यम से की जाएगी ताकि पारदर्शिता बनी रहे। अनुमंडल स्तर पर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सरकार ने अभी तक पैक्स स्तर पर लक्ष्य तय नहीं किया है। प्रत्येक चयनित पैक्स को 270 क्विंटल धान खरीद के लिए सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक द्वारा कैश क्रेडिट ऋण स्वीकृत की प्रक्रिया जारी है।

# पुनपुन एवं धनरूआ पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न थानो में चल रहे हैं इन दोनों फरार वारंटी की धर पकड़ अभियान के तहत बीते रात्रि को धनरूआ में चार गैर जमानती वारंट को गिरफ्तार किया गया है जबकि पुनपुन में एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। धनरूआ थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना क्षेत्र के देवकली गांव से न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानत थी वारंट में वारंटी में राकेश कुमार, इंद्रजीत कुमार, बबन कुमार मुन्ना कुमार को गिरफ्तार किया गया है जबकि पुनपुन थाना क्षेत्र में एक वारंटी को गिरफ्तार की गई है।

## लौटाया गया खोया हुआ मोबाइल

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस खोए हुए मोबाइल को उसके धारक को पहुंचा रही है जिससे खोया हुआ मोबाइल प्रकार धारक चेहरे पर मुस्कान आ रही है। दरअसल मंगलवार को पुनपुन पुलिस ने ब्रह्मदेव प्रसाद पिता राम सराय सिंह मंसूरपुर थाना खुसरूपुर का मोबाइल ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर सुपुर्द किया है। वहीं पिपरा थाने की पुलिस ने भी कुंदन कुमार पे0 सरयू मिस्त्री ग्राम बलुआ थाना बेलागंज जिला गया के खोये हुए मोबाइल को धारक को लौटाया है। जहां खोया हुआ मोबाइल प्रकार धारक के चेहरे पर मुस्कान वापस लौट आई है बहरहाल ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस इन दिनों लगातार कई मोबाइल धारक के मोबाइल को वापस लौटा रही है जिसको लेकर पुलिस की पहल पर लोगों में खुशी है।

# नीमा गोलीकांड मामले में फरार दो अभियुक्तों के घर पर साटा गया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नीमा गांव में नीमा गोलीकांड में फरार दो अभियुक्तो के घर पर धनरूआ पुलिस ने मंगलवार को विधिवत तौर पर अभियुक्त के घर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने चेतावनी दि हैं। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि यह घटना बीते एक अक्टूबर की संध्या 6:00 बजे की है जहां जख्मी रोहित कुमार उर्फ चंपक पिता सिद्धनाथ शर्मा नीमा गांव के निवासी ने नौ अभियुक्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमें दो लोगों पर केस ट्रू हो गया है, ऐसे में अन्य लोगों पर जांच चल रही है। गौरतलब है की धनरूआ थानाकांड संख्या 533/25 के फरार अभियुक्त कौशलेंद्र उर्फ संजय उर्फ श्रीदेवी पे कालेश्वर शर्मा एवं कौशल शर्म पे स्व0 बहादुर शर्मा दोनों सा0 नीमा के घर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया है। दरअसल घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि जख्मी रोहित कुमार उर्फ चंपक उर्फ पंडित शाम को अपना घर जा रहा था उसी वक्त हरवे हथियार के साथ इसे घेर कर तवातोड़ पिटाई की और गोली चला दी जहां गोली पेट में छूकर निकल गई थी जिसे अनुमंडल अस्पताल मसौढी में प्राथमिक इलाज करते हुए पटना रेफर किया गया था पूरे मामले की पुलिस छानबीन में जुटी है।

# ई-रिक्शा में लादकर ले जाई जा रही थी शराब, 180 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव के पास से एक्साईज पुलिस ने मंगलवार की दोपहर में एक ई रिक्शा पर पॉलिथीन में देसी शराब भरकर ले जा रहे एक शराब धंधेबाज को पुलिस ने मौके पर ही उसे रंगे हाथ दबोच लिया है, जहां 10 बड़े पॉलिथीन में 180 लीटर देसी शराब को जब्त किया गया है, वही शराब सप्लायर को भी ई रिक्शा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है, गिरफ्तार शराब सप्लायर का नाम गोलू कुमार पिता सुदामा प्रसाद है जो गर्दनीबाग थाना क्षेत्र का न्यू यारपुर का रहने वाला बताया जाता है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि बेहरावां चकिया गांव से लगातार शराब सप्लायर शराब की डिलीवरी पटना पटना की ओर कर रहे हैं जिसकी सूचना हमें लगातार मिल रही है ऐसे में सूचना को सत्यापन करते हुए घेराबंदी करते हुए शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया जा रहा है। वहीं दुसरी ओर पुनपुन पुलिस ने भी मनोर गुमटी रोड में एक व्यक्ति जिसका नाम सागर कुमार उम्र करीब 18 वर्ष पिता विजय प्रसाद सा मीठापुर डि एरिया थाना जक्कनपुर को 25 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## हत्या के प्रयास मामले में दो गिरफ्तार, पानी को लेकर हुआ था विवाद

मसौढ़ी। भगवानगंज थाना क्षेत्र के अकौना गांव में मंगलवार को नल जल के पानी गिराने के विवाद में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप में जख्मी हो गया है, जहां जख्मी मुन्ना यादव ने गांव के ही सत्येंद्र यादव और उपेंद्र यादव पर हत्या के प्रयास मामले का प्राथमिकी दर्ज की है। भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया की अकौना गांव में नल जल के पानी गिरने को लेकर विवाद हुआ था जिसमें मुन्ना यादव ने नल जल का स्टाटर को ले लिया था उसने कहा कि पानी बर्बाद हो रहा हैं उसी में को लेकर के दोनों गुटों में मारपीट हुई थी, जिसमें मुन्ना यादव का सिर फट गया था उसी के आवेदन के आलोक में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

# मानव सेवा एवं बंगाली समाज के प्रति समर्पण का पर्याय थे प्रभास दास : हृदयानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, झारखंड आंदोलनकारी एवं सदस्य, हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार हृदयानंद मिश्र ने प्रभास दास गुप्ता उर्फ साधन जी की पुण्यतिथि पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि साधन जी मानव सेवा एवं बंगाली समाज के उत्थान के लिए आजीवन अविवाहित रहकर अपने जीवन को समर्पित कर दिया था जो पलामू जिला के इतिहास में एक अमिट हस्ताक्षर है।

श्री मिश्र ने बताया कि पलामू जिला मुख्यालय में विभिन्न क्षेत्रों (विशेषकर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र) से डालटनगंज मुख्यालय में आए रोगियों की सेवा में संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। कई दिनों तक तो वह रात में अपने घर भी नहीं आते थे और अस्पताल में ही निस्वार्थ भाव से जब तक रोगी ठीक ना हो जाए तब तक उसके साथ मुस्तैदी से तैनात रहते थे।

श्री मिश्र ने यह भी कहा कि पलामू जिला बंगाली समाज के उत्थान में भी साधन जी की अविस्मरणीय भूमिका को कभी भी नहीं भूलाया जा सकता है।

श्री मिश्र ने समाजसेवी लोगों से अपील की है कि साधन जी की तरह निःस्वार्थ सेवा को अपनाकर ही आप सभी सदैव जीवंत बने रहेंगे।

# मसौढ़ी में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर कर्मियों ने ली नशामुक्त बिहार की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर बुनियाद केंद्र मसौढ़ी में मंगलवार को एक विशेष शपथ समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य को नशा मुक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बुनियाद केंद्र मसौढ़ी की प्रबंधक श्रद्धा सिन्हा, रजनी सिन्हा, अनुपमा कुमारी, सिमरन, बिनंजय, विनोद और प्रियांशी जैसे अन्य कर्मीगण उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ ली। श्रद्धा सिन्हा ने बताया कि शपथ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदायों में जागरूकता बढ़ाना, नशे के दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराना और नशे से प्रभावित व्यक्तियों को पुनर्वास के विकल्प उपलब्ध कराना था। केंद्र के प्रतिनिधियों ने नशे के खिलाफ सामुदायिक सहयोग और परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। केंद्र प्रबंधक श्रद्धा सिंहा ने



कहा, 'हमारा लक्ष्य केवल शपथ लेना नहीं है, बल्कि लोगों तक निरंतर सहायता पहुंचाना और हर स्तर पर नशा मुक्ति का व्यावहारिक समर्थन देना है। स्थानीय संस्थाएं, परिवार और स्वयंसेवक मिलकर ही स्थायी परिवर्तन ला सकते हैं। समारोह के दौरान नशामुक्ति के लिए स्थानीय स्तर पर संचालित कार्यक्रमों, काउंसलिंग सेवाओं और पुनर्वास पहलों की जानकारी भी साझा की गई

# ठंड से मवेशियों के बचाव को लेकर बांटे गए कंबल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी ने सतबरवा प्रखंड के खामडीह गांव का दौरा कर वहां स्थित स्थानीय गौशाला की स्थिति का जायज़ा लिया। इस गौशाला का संचालन शिवेंदु शेखर वर्मा अपनी चार बहनों के साथ अत्यंत सीमित संसाधनों में, पूरी निस्वार्थ भावना से कर रहे हैं। बिमला कुमारी इससे पूर्व भी इस गौशाला का निरीक्षण कर चुकी हैं और आज उन्होंने पुनः पहुँचकर वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि गौशाला पूरी तरह निजी प्रयासों पर टिकी है और परिवार अपनी सामर्थ्य से कहीं अधिक दायित्व उठा रहा है। उन्होंने परिवार के इस समर्पण को मानवता और संवेदना का जीवंत उदाहरण बताया। निरीक्षण के दौरान बिमला कुमारी ने गायों के लिए कंबल वितरित किया तथा जल्द ही चारे की समुचित व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि गौ-सेवा केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। इस



परिवार ने जिस निष्ठा से यह कार्य संभाला है, वह प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग दिया जाए। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से बात कर उनकी जरूरतों को सुना और कहा कि क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं का समाधान जमीनी परिस्थितियों को समझने से ही संभव है। जनसेवा और जनसंपर्क मेरे दायित्व का मूल है, इसलिए मैं निरंतर गांव-गांव जाकर परिस्थितियों का प्रत्यक्ष आकलन करती हूँ।

इस अवसर पर जिला प्रवक्ता गोपाल सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, शिवेंदु शेखर वर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, प्रीति रंजना श्रीवास्तव, शशि बाला, शैलबाला श्रीवास्तव तथा कई स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सोने की चेन चुराने वाले व्यक्ति को भेजा गया जेल

**मेदिनीनगर (पलामू)।** शहर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोने के चेन चुराने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि एक व्यक्ति द्वारा सहर थाना में चैन चोरी होने का प्राथमिकी दर्ज कराया गया था, जिसपे तुरन्त कारवाई करते हुए सहर थाना पुलिस चोर की खोज बिन करने में जुट गई, गुप्त सूचना के आधार पर, सहर के ही जेलहाता निवासी, शिव कुमार यादव के पुत्र, कुलदीप यादव को सोने के चैन के साथ गिरफ्तार किया गया और,पूछताछ, के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# उत्तर कोयल नहर का लाइनिंग टूटा, किसानों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** करोड़ों की लागत से उत्तर कोयल मुख्य नहर का जीर्णोद्धार कार्य हो रहा है। कुछ महीने पहले ही कराए गए जीर्णोद्धार कार्य कई स्थानों पर टूटकर बिखरने लगी है। इससे किसानों में गहरा असंतोष है। नहर का पानी सूखने के बाद सामने आई इन खामियों ने जल संसाधन विभाग, सीडब्ल्यूसी और टेक्निकल इवैल्यूएशन टीम की मॉनिटरिंग पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। औरंगाबाद के अंबा डिवीजन अंतर्गत सिकरिया चौखड़ा पथ स्थित नहर के पुल से लेकर ढीबर सीआर गेट तक कई जगहों पर लाइनिंग टूट गया है जिसे लेकर किसानों में भारी असंतोष है। किसानों का आरोप है कि रिमॉडलिंग के नाम पर घटिया



निर्माण कराया गया है और स्थानीय लोगों ने भी निर्माण के दौरान खामियों का विरोध नहीं किया, जिसका परिणाम अब सामने है। स्थानीय युगेश्वर पासवान, प्रमोद मौआर, रवींद्र तिवारी और अनिल सिंह सहित कई ने बताया कि मई-जून में इस क्षेत्र में जीर्णोद्धार का काम कराया गया था। जुलाई में जब नहर में परीक्षण के लिए लगातार पानी छोड़ा गया तो कई स्थानों पर कास्टिंग क्षतिग्रस्त हो गई। हालात यह हैं कि ढीबर पुल के पास नहर के दोनों किनारों पर लगभग 100 से 125 फीट के क्षेत्र में पूरी लाइनिंग ध्वस्त हो गई है। किसानों ने बताया कि टूटे हुए कन्क्रीट के मलबे से नहर का बेड तक जाम हो गया है। इससे जल प्रवाह बाधित होता है और क्षमता के अनुरूप पानी आगे नहीं पहुंच पाता है। उत्तर कोयल मुख्य नहर के रिमॉडलिंग का काम 11 पैकेजों में किया जा रहा है जिसमें दो पैकेज झारखंड क्षेत्र में और नौ पैकेज बिहार में शामिल हैं। अंबा डिवीजन के अंतर्गत आने वाले कई हिस्सों में लाइनिंग टूटने से अब पूरे प्रोजेक्ट की गुणवत्ता पर संदेह गहराया है। परियोजना के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर गजेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि झारखंड हिस्से से लेकर नहर के अंतिम छोर तक रिमॉडलिंग का काम जारी है और अधिकांश स्थानों पर कोई दिक्कत नहीं आई है। उन्होंने बताया कि लाइनिंग काम के कुछ दिन के बाद ही खरीफ सीजन को देखते हुए नहर में पानी छोड़ दिया गया था। जहां लाइनिंग क्षतिग्रस्त हुई है वहां नहर के बेड लेवल पर भूजल का दबाव अधिक हो गया था। इसी भूजल प्रेशर की वजह से दो-तीन जगह लाइनिंग प्रभावित हुई है। एसई ने कहा कि स्थायी समाधान के लिए विभाग तकनीकी विकल्प तलाश चुका है और क्षतिग्रस्त हिस्सों को मजबूत बनाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। उत्तर कोयल नहर के सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 1600 करोड़ रुपए खर्च किया जाना है। जून 2026 तक नहर के पक्की कारण का काम पूरा कर लिया जाना है। हालांकि अभी तक 50 फ़ीसदी भी काम पूरा नहीं हुआ है। नहर का पक्की करण और कूटकू डैम में फाटक लगाने के बाद झारखंड के पलामू जिला, औरंगाबाद, गया और अरवल के लगभग 25 लाख से अधिक किसानों को इसका फायदा मिलेगा। लगभग 124000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

# स्पिरिट से लदा स्कार्पियो जब्त, चालक फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना की पुलिस ने शराब माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की गश्ती दल की ओर से बेरी-पलकिया रोड में आगरा गांव के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में स्पिरिट की खेप बरामद की गई। थाना पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान स्कॉर्पियो में 40-40 लीटर के 16 गैलन मिले जिनमें कुल 540 लीटर स्पिरिट भरा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि अवैध कारोबारियों की ओर से इस स्पिरिट को नकली शराब बनाने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि एसआई चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस गश्ती दल को गुप्त सूचना मिली थी कि रफीगंज दिशा से एक काले रंग के स्कॉर्पियो एन वाहन में भारी मात्रा में स्पिरिट मदनपुर की ओर भेजा जा रहा है। सूचना के आधार पर बेरी पलकिया रोड पर नाकेबंदी कर वाहन की जांच शुरू की गई। इसी दौरान संदिग्ध वाहन को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखते ही चालक वाहन को सड़क किनारे रोककर फरार हो गया। पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो को जब्त कर थाने लाया और इसकी तलाशी में भारी मात्रा में स्पिरिट का खुलासा हुआ। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्कॉर्पियो को सीज कर वाहन मालिक एवं अज्ञात तस्करों के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम में पीएसआई सुरेंद्र कुमार एवं अन्य जवान शामिल थे, जिन्होंने पूरी मुस्तैदी से यह कार्रवाई की। जब्त स्पिरिट की बाजार कीमत लगभग ढाई लाख रुपए आंकी जा रही है। इसी मात्रा की स्पिरिट से 2500 से 3000 लीटर तक नकली शराब तैयार की जा सकती है। इस धंधे से अवैध कारोबारी लाखों रुपए की कमाई करते हैं, लेकिन यह शराब बेहद खतरनाक होती है। बता दें कि मदनपुर इलाके में नकली शराब का धंधा फल फूल रहा है। शराब माफिया झारखंड तथा अन्य जगहों से कच्चा स्पिरिट मांगते हैं तथा जंगली इलाकों में नकली शराब बनाकर सप्लाई किया जाता है। पूर्व में भी मदनपुर पुलिस द्वारा भारी मात्रा में स्पिरिट और स्पिरिट से बना नकली शराब बरामद किया जा चुका है। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे स्पिरिट से बनी नकली शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से नुकसानदेह होता है। इससे गंभीर बीमारियां होने के साथ-साथ कई मामलों में जान तक जा सकती है। पुलिस की इस कार्रवाई ने एक बड़े फर्जी शराब नेटवर्क के इरादों पर पानी फ़ेर दिया है। पुलिस फरार चालक व इस खेप के सप्लायर की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

# गांजा की बिक्री करने समेत अन्य मामलों में 15 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 15 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 13 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या मामले में 2, दुष्कर्म 1, एसटी-एसी में 2, एनडीपीएस में 1, शराब कांड में 4 एवं अन्य शीर्ष कांड में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 146 लीटर देसी शराब एवं 0.40 ग्राम गांजा तथा एक कार बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1143 वाहनों की जांच की गई जिसमें 67500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि विशेष अभियान के फलस्वरूप पुलिस द्वारा विभिन्न अपराधों में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित मामलों की जांच में तेजी लाएं और समय रहते गंभीर अपराधों का खुलासा करें।

# पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों का सर्वांगीण विकास करती है प्रतियोगिताएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आरएनपी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के दशरथ प्रसाद रामनंदन पांडेय कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अंबा में नेशनल फार्मेसी वीक के तहत आज विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्लो साइकिल रेस लड़कियों में सुमी कुमारी एएनएम प्रथम वर्ष प्रथम, निशा कुमारी बी फार्मा प्रथम वर्ष द्वितीय तथा उषा कुमारी एएनएम प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। लड़कों में आलोक कुमार बी फार्मा प्रथम वर्ष प्रथम, रौशन कुमार बीपीटी प्रथम वर्ष द्वितीय तथा तेजस्वी कुमार बीपीटी प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। सैक रेस में लड़कियों में अंजना एएनएम प्रथम वर्ष प्रथम, उषा कुमारी एएनएम प्रथम वर्ष द्वितीय तथा चांदनी कुमारी एएनएम प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। लड़कों में कुमार पल्लव तनुज बी फार्मा प्रथम वर्ष प्रथम, चंदन कुमार बीपीटी प्रथम वर्ष द्वितीय तथा रौशन कुमार बीपीटी प्रथम वर्ष तृतीय स्थान पर रहे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में लड़कियों



में गंगा नारायणी बी फार्मा प्रथम वर्ष तथा स्वीटी सिंह बी फार्मा प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर रही। लड़कों में तेजस्वी कुमार बीपीटी प्रथम वर्ष तथा अंकित कुमार बीपीटी प्रथम वर्ष प्रथम स्थान पर रहे। शतरंज प्रतियोगिता में लड़कियों में गंगा नारायणी बी फार्म प्रथम वर्ष जीती तथा लड़कों में तेजस्वी कुमार बीपीटी प्रथम वर्ष जीते। इस ग्रुप के सचिव शंभूनाथ पांडेय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों का सर्वांगीण विकास करती है। मौके पर प्राचार्य फार्मेसी, प्राचार्य पैरामेडिकल कन्हैया, एचआर पूजा सिंह, हरिवॉशर, दीपक, राजदीप, सूरज, राजा, सचिन कुमार, शालू ओझा, पिंकी कुमारी, पिंकी कुमारी नर्सिंग, लव कुश आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर मदनपुर थाना क्षेत्र के अंजनवा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार 33 वर्षीय मजदूर की मौत हो गयी। घटना सोमवार की रात की है। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के खिरियावां गांव निवासी उदय शर्मा के रूप में हुई है। इस घटना में उमेश कुमार नामक एक व्यक्ति भी घायल हुआ है, जिसका इलाज अस्पताल में कराया गया है। जानकारी के अनुसार उदय शर्मा बढ़ाई का काम करता था। मदनपुर शहर से चंद किलोमीटर की दूरी पर गया जी जिले के आमस में किसी व्यक्ति के यहां काम करने गया था। काम समाप्त होने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। अंजनवा मोड़ के समीप जैसे ही पहुंचा, वैसे ही एक अज्ञात वाहन उसे धक्का मारते निकल गया। घटनास्थल पर ही गिरकर गंभीर रूप से उदय जख्मी हो गया। आसपास के लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जानकारी मिली कि प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मगध मेडिकल कॉलेज गया जी रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इधर पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बढ़ई मिस्त्री की मौत हुई है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# साइबर पुलिस ने शिक्षिका को वापस कराये तीन लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चल रहे अभियान के तहत औरंगाबाद साइबर थाना को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से शहर की एक शिक्षिका को ठगी गई 3 लाख 279 रुपए की राशि वापस मिल गई, जिससे पीड़िता ने पुलिस प्रशासन के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। जानकारी के अनुसार शहर के जय मां कॉलोनी निवासी शिक्षिका अनामिका घोष को टेलीग्राम पर इन्वेस्टमेंट का लालच दिया गया। प्रतिदिन अधिक लाभ का झांसा देकर उन्हें एक फर्जी स्कीम में जोड़ लिया गया। धीरे-धीरे उनसे कुल 6 लाख 90 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। जब रिटर्न मिलना बंद हुआ और लिंक काम नहीं करने लगा, तब उन्हें ठगे जाने का एहसास हुआ। इसके बाद शिक्षिका ने तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत




दर्ज कराई और औरंगाबाद साइबर थाना में एफआईआर कराई। शिकायत मिलते ही साइबर थाना की टीम ने बैंक खातों, यूपीआई लेनदेन और संदिग्ध वॉलेट्स को ट्रैक करते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की। लगातार फॉलो-अप और तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने 3 लाख 279 रुपए को सफलतापूर्वक फ्रीज करवा कर रिकवर किया और शिक्षिका के बैंक खाते में राशि वापस करा दी। साइबर डीएसपी ने कहा कि ठगी का शिकार होने पर पहले 2 घंटे बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे मामलों में तुरंत 1930 पर कॉल करें या साइबर पोर्टल पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करें। त्वरित कार्रवाई से ही राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट के नाम पर किसी अनजान लिंक पर भरोसा न करें। टेलीग्राम/व्हाट्सएप ग्रुप में दी जाने वाली हाई रिटर्न स्कीमें अक्सर फर्जी होती हैं। किसी भी भुगतान से पहले स्रोत की पूरी जांच अवश्य करें।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में एक आरोपी युवक को माली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित थाना क्षेत्र का एक गांव निवासी बिगन ठाकुर है। इसके खिलाफ पीड़िता के परिजनों ने सोमवार की शाम प्राथमिकी दर्ज करवाई थीं जिसमें बताया कि आरोपी के द्वारा नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। इधर कांड की गंभीरता को लेकर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया गया है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के देव बाजार स्थित ब्लॉक के समीप एक बंद कमरे में 30 साल के युवक ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का चार साल पहले आपसी विवाद के बाद पत्नी से तलाक हुआ था। युवक की आत्महत्या के बाद परिजन का कहना है कि तलाक के बाद से वो सदमे में रहता था। मृतक की पहचान देव ब्लॉक के पास रहने वाले सूर्य देव सिंह के बेटे रंजीत कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सात वर्ष पहले रंजीत की शादी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कंचन कुमारी से हुई थी। शादी के बाद तीन साल तक सब कुछ ठीक-ठाक चला। इसी बीच घरेलू बात को लेकर पति-पत्नी के



बीच विवाद होना शुरू हो गया। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ता गया। अक्सर दोनों के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर मारपीट भी होते रहता था। मारपीट की लगातार होने वाली घटनाओं के बाद पति-पत्नी ने अलग-अलग रहने का फैसला लिया और चार साल पहले दोनों का तलाक कराया गया। पत्नी से तलाक के बाद रंजीत अपने घर पर अकेला रहता था। हालांकि शादी के बाद वह कोलकाता में निजी कंपनी में जॉब करता था। सोमवार की रात वह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। जब मंगलवार की सुबह रंजीत सोकर नहीं उठा तो उसकी मां उर्मिला देवी ने दरवाजा खटखटाया। इसके बाद जब काफी देर तक कमरे के अंदर से आवाज नहीं आई तो उर्मिला देवी को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। इसके बाद घर के अन्य परिजन और पड़ोसी रंजीत के कमरे के बाहर पहुंचे। किसी ने वेंटिलेशन से झांककर देखा तो अंदर फंदे से रंजीत की लाश लटकी थी। इसके बाद घटना की सूचना देव थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना पर देव थाना के एसआई राजनंदन प्रसाद मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए। इसके बाद फंदे से झूल रहे शव को नीचे उतारा। फंदे से शव उतरते की परिजन लिपटकर चीत्कार उठें। इसके बाद परिजनों से जरूरी पूछताछ के उपरांत कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमॉर्टम कराया और दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

# बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद किसानों को मिलेंगे अनुदानित बीज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में 28397।96 क्विं. किसानों के बीच बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित है। किसानों द्वारा स्वयं या पंचायत स्तरीय कृषि समन्वयक के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना है। यदि किसान स्वयं से ऑन लाईन नहीं कर पाते है तो अपने पंचायत के किसान सलाहकार एवं कृषि समन्वयक से सम्पर्क स्थापित कर बिना कोई शूल्क के ऑनलाईन करा सकते है। जिले में प्रत्यक्षण एवं अनुदानित दर पर बीज वितरण हेतु 19873.56 क्विंटल बीज प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त बीज को बीआरबीएन के अधिकृत बीज विक्रेताओं के माध्यम से सभी प्रखंडों में उपलब्ध कराया गया है। बीज वितरण की प्रक्रिया 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार बॉयोमीट्रिक के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। किसान बंधुओं से अनुरोध है कि अपने पंचायत के कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार से संपर्क कर यथाशीघ्र बीज प्राप्त कर अपने खेत में रबी बीज लगाएं।

# अधिकाधिक वादों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित करें बीमा कंपनी : राजकुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला जज राज कुमार ने सभी इन्श्युरेंस कंपनियों के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक किया गया। जिला जज द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को स्वयं से ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे क्रियान्वित करने के लिए कहा गया। 13 दिसंबर को आयोजित लोक अदालत मोटर दुर्घटना वाद के निष्पादन में पूर्ण सफल हो इसके लिए पूर्ण सहयोग करने का भरोसा बैठक में दिया गया। जिला जज द्वारा आम जन से अपील की गई कि आगामी लोक अदालत का अधिक से अधिक आमजन लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा बताया गया कि इस लोक अदालत के लिए समय बहुत कम है जिसके कारण प्राधिकार हर संभव प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में निष्पादित कराया जा सके। इस कारण युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। आपके सहयोग से मोटर दुर्घटना वाद का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से होता है तो पीड़ित को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ उनके जीवन को पुनः पटरी पर लाने में सहायक होगा। इसी विश्वास के साथ आपको लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करना है। बैठक में जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय पांडेय, सचिव जगनारायण सिंह, बीमा कंपनी के पदाधिकारियों के साथ-साथ इन्शुरेंस कंपनी से संबधित अधिवक्ता रजनी बल्लभ प्रसाद सिन्हा, अरबिंद सिंह, धनंजय कुमार तथा अन्य ने भाग लिया तथा नेशनल बीमा कंपनी के प्रबन्धक ज्ञानेन्द्र कुमार एवं न्यू इंडिया के प्रबंधक सहित अन्य पदाधिकारियों ने पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए निष्पादन से ज्यादा वादों का निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# ऑटो की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर बारून थाना क्षेत्र के बर्डीह मोड़ के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों में रिउर गांव निवासी विकास कुमार व सुजीत कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल विकास ने बताया कि वह सुजीत के साथ बाइक पर सवार होकर अपने घर से बाजार गया था। बाजार से अपना काम निपटाकर वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही बर्डीह मोड़ के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दिया। ऑटो की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर नेशनल हाईवे की एंबुलेंस पहुंची और दोनों घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार किया गया। घटना की सूचना पर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और दोनों का हाल जाना। इसके बाद आगे की इलाज के प्रक्रिया में जुट गए। परिजनों ने बताया कि दुर्घटना में बाइक चालक विकास का दोनों पैर टूट गया है। वहीं सुजीत को भी गंभीर चोटें आई हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# मंडल कारा के कैदियों ने सीखे आग से बचाव के गुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंडल कारा, औरंगाबाद में अग्नि सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन अग्निशमन विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल अधीक्षक डॉक्टर दीपक कुमार एवं सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कारा में संसीमित बंदियों एवं कर्मियों को आग लगने से बचाने एवं अग्नि सुरक्षा उपकरणों के विषय में जानकारी दी गई। जेल अधीक्षक ने बताया कि अगलगी एक भीषण आपदा है जिससे बचाव के उपाय सबों को जानना चाहिए। मौके पर उपस्थित प्रधान अग्निक कुंदन कुमार,



अग्निक छैला कुमार एवं अग्निक चालक सोनू कुमार द्वारा घरेलू आग, बिजली से लगने वाले आग एवं गैस सिलेंडरों में लगने वाले आग के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई तथा अग्नि से बचाव के उपाय के विषय में बतलाया गया। सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक घर एवं कार्यालय में अग्नि सुरक्षा उपकरणों के लिए सीओटू सिलेंडर अथवा एबीसी पाउडर सिलेंडर, फोम सिलेंडर आदि का होना आवश्यक है। आवश्यकता है कि प्रत्येक नागरिक को आग से बचने के उपाय के विषय में जागरूक किया जाए तथा उन्हें इसका प्रशिक्षण भी दिया जाए कि आपदा की स्थिति में किस प्रकार से अग्नि से सुरक्षा की जा सके। मौके पर उपस्थित प्रभारी उपाधीक्षक भूषण कुमार के द्वारा अग्निशमन पदाधिकारी एवं कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहायक अधीक्षक संजीव कुमार, परिधापक रामानुज ठाकुर, सहायक दफा जमादार उदय शंकर आदि उपस्थित रहे।

# रेलवे कंस्ट्रक्शन ऑफिस में सीबीआई का छापा

**डिप्टी चीफ इंजीनियर समेत तीन ठेकेदारों को उठाया, एक करोड़ जब्त**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को पूर्व मध्य रेल के रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग के कार्यालय में छापेमारी की। इस छापेमारी में निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ इंजीनियर और दो निजी कर्मियों सहित तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इस दौरान घूस के मद में दिए जा रहे एक करोड़ रुपये की भी बरामदगी हुई है। सूत्रों के मुताबिक झारखंड की एक कंपनी को बिहार में निर्माण कार्यों का ठेका मिला है। इससे संबंधित कार्य मोतिहारी के सुगौली से लेकर अररिया जिला तक चल रहा है। इस कार्य से जुड़े मामले में संबंधित अधिकारियों को घूस की रकम दी जानी थी। बरामद करीब एक करोड़ रुपये आठ विभिन्न पैकेटों में रखे गये थे, जिन्हें अलग-अलग अधिकारियों को दिया जाना था। इस संबंध में सीबीआई ने मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है। मामल में कई अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में डिप्टी चीफ इंजीनियर-2 आलोक कुमार, कार्यालय क्लर्क आलोक कुमार दास, कार्यालय के चपरासी मनीक दास समेत संवेदक के दो आदमियों को उठाया है। कैश की गिनती के लिए सीबीआई ने रुपए गिनने का मशीन भी मौके पर मंगवाई थी। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने कंस्ट्रक्शन विभाग के परिसर में स्थित सभी कार्यालयों की जांच-पड़ताल की। कर्मचारियों के बैग, कार्यालय में रखे आलमारी समेत कोने-कोने की तलाशी ली। सीबीआई के अधिकारी हिरासत में लिये गये डिप्टी चीफ इंजीनियर एवं अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।